

म्यूचुअल फंड उद्योग पर निवेश की बारिश - 12



ऑपरेशन सिंदूर अब भारत की नई नीति का आधार- 12



यूएन ने टीआरएफ और पाकिस्तान के आतंकी संबंधों का किया पर्दाफाश - 13



भारत के सामने श्रृंखला बराबर करने का लक्ष्य - 14


आज का मौसम
31.0° अधिकतम तापमान
27.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.34
सूर्यास्त 07.03

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

श्रावण शुक्ल पक्ष सप्तमी 04:58 तक उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 31 जुलाई 2025, वर्ष 6, अंक 251, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## ब्रीफ न्यूज


### 2 अगस्त को जारी होगी किसान निधि


**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाराणसी में 20,500 करोड़ रुपये की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 20वीं किस्त दो अगस्त को जारी करेंगे। इससे देशभर के 9.7 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। सरकार की प्रमुख प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना 2019 में पेश की गई थी। अबतक इस कार्यक्रम के तहत 19 किस्तों के माध्यम से 3.69 लाख करोड़ रुपये सीधे किसानों के खातों में डाले जा चुके हैं। कृषि मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि पीएम-किसान की अगली किस्त दो अगस्त को जारी की जाएगी। 20वीं किस्त में 9.7 करोड़ किसानों को करीब 20,500 करोड़ रुपये की राशि का अंतरण किया जाएगा।

### खराब मौसम के चलते रोकी अमरनाथ यात्रा

**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर में पवित्र अमरनाथ गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए जारी अमरनाथ यात्रा को खराब मौसम के कारण रोक दिया गया है। जम्मू के संभागीय आयुक्त रमेश कुमार ने कहा कि यात्रा क्षेत्र में भारी बारिश के कारण आधार शिविरों से तीर्थयात्रियों की आवाजाही प्रभावित हुई है। इसलिए यह निर्णय लिया गया है कि 31 जुलाई को भगवती नगर, जम्मू से बालटाल और नुनवान आधार शिविरों की ओर किसी भी काफिले की अनुमति नहीं दी जाएगी। तीर्थयात्रियों को स्थिति से अवगत कराया जाएगा। बुधवार को 1397 तीर्थ यात्री आधार शिविर से पहलगाम और बालटाल मार्गों के लिए रवाना हुए। श्री बुड्ढा अमरनाथ यात्रा के लिए 435 तीर्थयात्री जम्मू से पुंछ के लिए रवाना हुए। अब तक 3.935 लाख से अधिक यात्री गुफा में दर्शन कर चुके हैं।


अंदर देखें... कैंपस


# कक्षा में पहुंचा उपग्रह निसार, धरती पर रखेगा नजर

- लांचिंग के साथ भारत-अमेरिका अंतरिक्ष सहयोग की उड़ान शुरू
- इसरो और नासा ने मिलकर किया उपग्रह का विकास

श्रीहरिकोटा, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के बीच साझेदारी के तहत बुधवार को जीएसएलवी रॉकेट से 'निसार' उपग्रह को कक्षा में स्थापित कर दिया गया।

'निसार' पृथ्वी अवलोकन उपग्रह को दोनों अंतरिक्ष एजेंसियों द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। इसरो के जीएसएलवी एफ-16 ने लगभग 19 मिनट की उड़ान के बाद और लगभग 745 किलोमीटर की दूरी पर निसार (नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार) उपग्रह को सूर्य तुल्यकालिक ध्रुवीय कक्षा में स्थापित कर दिया। इसरो के मुताबिक निसार को अंतरिक्ष में ले जाने वाले जीएसएलवी-एस16 रॉकेट की लंबाई 51.7 मीटर है। जीएसएलवी एफ-16 रॉकेट ने 27.30 घंटे की उलटी गिनती के बाद 2,393 किलोग्राम वजनी उपग्रह को लेकर चेन्नई से लगभग 135 किलोमीटर पूर्व में स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी। रॉकेट से अलग होने के बाद, वैज्ञानिक उपग्रह को संचालित करने का काम शुरू करेंगे, उसे स्थापित करने और मिशन के उद्देश्यों को पूरा करने में कई दिन लगेंगे।

### पांच साल तक देगा पृथ्वी पर बदलाव की जानकारी

निसार मिशन को प्राप्त तस्वीरों को डाउनलोड करने के लिए इसरो और नासा दोनों के जमीनी केंद्र से सहायता मिलेगी, जिन्हें आवश्यक प्रसंस्करण के बाद उपयोगकर्ता तक प्रसारित किया जाएगा। इस दौरान एक ही प्लेटफॉर्म से एस-बैंड और एल-बैंडआर के माध्यम से प्राप्त डेटा से वैज्ञानिकों को पृथ्वी पर हो रहे परिवर्तनों को समझने में मदद मिलेगी। मिशन का उद्देश्य अमेरिका और भारत के वैज्ञानिक समुदायों के साझा हित के क्षेत्रों में भूमि और हिमनद की गतिविधियों, भूमि पारिस्थितिकी तंत्र और महासागरीय क्षेत्रों का अध्ययन करना है। 'निसार' का मिशन जीवनकाल पांच वर्ष है। नासा ने कहा कि 'निसार' मिशन से प्राप्त डेटा सरकारों और निर्णयकर्ताओं को प्राकृतिक और मानव-जनित खतरों के लिए योजना बनाने में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करेगा। 'निसार' खतरों की निगरानी के प्रयासों में मदद कर सकता है और संभावित रूप से निर्णयकर्ताओं को संभावित आपदा के लिए तैयारी करने के लिए अधिक समय दे सकता है।

इसरो के अनुसार, एस-बैंड रडार प्रणाली, डेटा हैंडलिंग और हाई-स्पीड डाउनलिंक प्रणाली, अंतरिक्ष यान और प्रक्षेपण प्रणाली भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी द्वारा विकसित की गई हैं। इसरो उपग्रह की कमान और संचालन के लिए जिम्मेदार है।

# अमेरिका ने भारत पर लगाया 25 फीसदी टैरिफ, कल से होगा प्रभावी

## रूस से सैन्य उपकरण और कच्चा तेल आयात करने पर अतिरिक्त जुर्माना भी लगाएगा

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर दोनों देशों के बीच जारी बातचीत में कुछ गतिरोध के संकेतों के बीच बुधवार को भारत पर एक अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है। इसके अलावा, ट्रंप ने रूस से सैन्य उपकरण और कच्चा तेल खरीदने के लिए अतिरिक्त जुर्माना लगाने का भी फैसला किया। यह आश्चर्यजनक घोषणा ऐसे समय में की गई है जब एक दिन पहले ही भारतीय अधिकारियों ने कहा था कि एक अमेरिकी व्यापार दल व्यापार समझौते पर बातचीत करने के लिए 25 अगस्त से भारत का दौरा करेगा। इस घोषणा को भारत पर अमेरिका की मांगों को मानने के लिए दबाव बनाने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है, जिसने हाल ही में जापान, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ (ईयू) जैसे प्रमुख साझेदारों के साथ अनुकूल व्यापार समझौते किए हैं।

ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में भारत की व्यापार नीतियों को 'सबसे कठिन और अप्रिय' बताया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि सब कुछ ठीक नहीं है! इसलिए भारत को एक अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क और रूस से खरीद को लेकर 'जुर्माना' भी देना होगा। यह जुर्माना इसलिए लगाया गया क्योंकि भारत ने रूस से तेल और सैन्य उपकरणों की बड़ी खरीद की है।



ट्रंप ने की घोषणा

रूस से भारत का कच्चा तेल आयात रूस-यूक्रेन युद्ध से पहले कुल खरीद का 0.2 प्रतिशत था, जो अब बढ़कर 35-40 प्रतिशत हो गया है। चीन के बाद, रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार भारत है। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पोस्ट में भारत को अपना 'मित्र' बताया। उन्होंने कहा कि भारत हमारा मित्र है, लेकिन हमने पिछले कई वर्षों में उनके साथ अपेक्षाकृत कम व्यापार किया है, क्योंकि उनके शुल्क बहुत अधिक हैं, जो दुनिया में 'सबसे अधिक' हैं। उनके पास 'सबसे कठोर और अप्रिय' गैर-मौद्रिक व्यापार बाधाएं हैं।

### अप्रैल में की थी कई देशों पर उच्च शुल्क लगाने की घोषणा

भारत के प्रमुख व्यापारिक प्रतिस्पर्धियों में, अमेरिका ने वियतनाम (20 प्रतिशत) और मलेशिया (25 प्रतिशत) पर कम शुल्क लगाया है, लेकिन बांग्लादेश (35 प्रतिशत) और थाइलैंड (36 प्रतिशत) पर अधिक शुल्क लगाया है। इस साल दो अप्रैल को, ट्रंप ने भारत सहित कई देशों पर उच्च जवाबी शुल्क (26 प्रतिशत) लगाने की घोषणा की। उच्च शुल्कों के कार्यान्वयन को तुरंत 90 दिन के लिए नौ जुलाई तक और फिर एक अगस्त तक के लिए स्थगित कर दिया गया था, क्योंकि अमेरिका विभिन्न देशों के साथ व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है। हालांकि, 10 प्रतिशत का मूल शुल्क अब भी लागू है। इसके अलावा, अमेरिका ने इस्पात और एल्युमीनियम पर 50 प्रतिशत और वाहन क्षेत्र पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाया है।

### शुल्क के प्रभाव का आकलन कर रही है सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को कहा कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय उत्पादों पर एक अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क और जुर्माना लगाने की घोषणा के प्रभाव का अध्ययन कर रही है। सरकार का कहना है कि वह अब भी एक निष्पक्ष, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के प्रति आशावान है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि सरकार देश के राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगी, जैसा कि ब्रिटेन के साथ हुए हालिया समझौते सहित अन्य व्यापार समझौतों के मामले में किया गया है। कहा गया कि सरकार ने द्विपक्षीय व्यापार को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति के बयान पर ध्यान दिया है। सरकार इसके प्रभाव का अध्ययन कर रही है। भारत और अमेरिका पिछले कुछ महीनों से एक निष्पक्ष, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा, भारत ने रूस से अपने सैन्य उपकरण और ऊर्जा उत्पाद तब खरीदे है जब हर कोई चाहता है कि रूस, यूक्रेन में हत्याएं बंद करे। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि 25 प्रतिशत का शुल्क मौजूदा 10 प्रतिशत के मूल शुल्क के अतिरिक्त होगा या नहीं। वर्तमान में 10 प्रतिशत शुल्क अधिकांश भारतीय वस्तुओं पर लागू है।

# पुंछ में घुसपैठ की कोशिश, दो आतंकवादी ढेर

- सेना ने कहा-शिवशक्ति नाम से चलाया गया अभियान
- लश्कर-ए-तैय्यबा के थे मारे गए दोनों आतंकवादी

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर बुधवार को घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए सेना के जवानों ने भारी हथियारों से लैस दो आतंकवादियों को मार गिराया। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में मारे गए दोनों आतंकवादी पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के सदस्य थे। इस मुठभेड़ से दो दिन पहले सुरक्षाबलों ने पहलगाम आतंकवादी हमले में शामिल तीन आतंकवादियों को श्रीनगर के एक जंगल में मार गिराया था। पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने हमला कर पर्यटकों को निशाना बनाया था।

सेना ने बताया कि बुधवार को शिवशक्ति नाम से चलाया गया अभियान पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी संगठनों के मंसूबों के लिए एक बड़ा झटका है। ये संगठन जम्मू-कश्मीर में लगातार आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं। रक्षा विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया, एक समन्वित आतंकवाद-रोधी अभियान में भारतीय सेना के जवानों ने 30 जुलाई को तड़के पुंछ सेक्टर में ऑपरेशन शिवशक्ति शुरू किया। यह अभियान जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर सैन्य और नागरिक खुफिया इकाइयों द्वारा क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में प्राप्त विश्वसनीय खुफिया सूचनाओं पर आधारित था। सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने संभावित घुसपैठ मार्गों पर घात लगाई। नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए और बड़ी मात्रा में युद्ध-सामग्री बरामद की गई। उन्होंने बताया कि बरामद की गयी युद्ध-संबंधी सामग्री में गोला-बारूद के साथ-साथ दो असॉल्ट राइफल, एक पिस्तौल, हथगोले, दो आईआईडी, दवाइयां, संचार उपकरण और अन्य रसद भंडार शामिल हैं।

# भाजपा मंडल उपाध्यक्ष की धारदार हथियार से सिर पर वार कर हत्या

- बेटे के बाहर होने की वजह से उसकी जगह कर रहे थे चौकीदारी
- मंगलवार आधी रात बिनावर क्षेत्र के गांव विजय नगला में हुई वारदात

संवाददाता, विजय नगला/बिनावर (बदायूं)

**अमृत विचार :** भाजपा के बिनावर मंडल उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र गुप्ता (55) की मंगलवार रात हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि मृतक जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी की टंकी पर अपने बेटे की जगह चौकीदारी कर रहे थे। इसी दौरान किसी ने उनके सिर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बुधवार सुबह उनकी पत्नी पहुंची तो रक्तरंजित शव देखकर शोर मचाया। सूचना पर चार थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने मौका मुआयना किया। खुलासे के लिए टीमों का गठन किया गया है।



सुरेश चंद्र गुप्ता

बिनावर थाना क्षेत्र के गांव विजय नगला निवासी सुरेश चंद्र गुप्ता भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष थे। बेटा राहुल जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव में बनी पानी की टंकी का चौकीदार है। मंगलवार को राहुल पत्नी को दवा दिलाने दिल्ली गए थे।

बेटे के ड्यूटी पर न आने की वजह से सुरेश मंगलवार रात टंकी पर चौकीदारी करने के लिए गए। बुधवार सुबह लगभग 6 बजे तक घर वापस न लौटने पर सुरेश चंद्र की पत्नी शशि बाला ने फोन किया तो उनका मोबाइल बंद मिला। वह टंकी पर पहुंची तो वहां सुरेश का शव खून से लथपथ पड़ा था। सिर पर गहरा घाव था। उनके चीखने पर ग्रामीण पहुंचे।

कुछ ही समय में बिनावर, सिविल लाइन, कुंवरगंव और मूसाझाग की पुलिस पहुंची। सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय ने फारेंसिक टीम से साक्ष्य एकत्र कराए। सीओ सिटी ने बताया कि घटना के राजफाश के लिए टीमें गठित की गई हैं।

# सैन्य वाहन पर गिरा पत्थर, लेफ्टिनेंट कर्नल सहित दो शहीद और तीन अधिकारी घायल

- पूर्वी लद्दाख में हादसा, घायल तीनों अधिकारी अस्पताल में भर्ती

लेह, एजेंसी

पूर्वी लद्दाख के एक सुदूर इलाके में बुधवार को सेना के एक वाहन पर एक बड़ा पत्थर गिरने से एक लेफ्टिनेंट कर्नल समेत दो सैन्यकर्मी शहीद हो गए और तीन अधिकारी घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह वाहन एक काफिले का हिस्सा था। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना यहां से करीब 200 किलोमीटर दूर गलवान में दुरबुक के पास चारबाग में सुबह करीब 11:30 बजे हुई। सेना ने मृतकों की पहचान लेफ्टिनेंट कर्नल भानु प्रताप सिंह मनकोटिया और लांस दफादार दलजीत सिंह (14 सिंध हॉर्स) के रूप में की है। इसमें कहा गया है कि मेजर मयंक शुभम (14 सिंध हॉर्स), मेजर अमित दीक्षित और कैप्टन गौरव (60 आर्मड) को चोटें आई हैं। काफिला दुरबुक से चोंगताश प्रशिक्षण के लिए जा रहा था। पत्थर के प्रभाव से वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घायल हुए तीनों अधिकारियों का इलाज किया जा रहा है।



# हटाए गए आईएएस रिंकू सिंह राही

- भारी पड़ी शाहजहांपुर की पुवायां तहसील में उठक-बैठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कान पकड़ कर उठक-बैठक लगाना आईएएस अधिकारी रिंकू सिंह राही को भारी पड़ा है। शाहजहांपुर में एसडीएम पुवायां पद पर ज्वाइन करने के 36 घंटे बाद ही उनका स्थानांतरण कर दिया गया। शासन ने बुधवार को उनको राजस्व परिषद (लखनऊ) से संबद्ध कर दिया।

दरअसल, आईएएस अधिकारी रिंकू सिंह राही ने 28 जुलाई की रात 11 बजे पुवायां में एसडीएम का पदभार ग्रहण किया था। 29 जुलाई को वह ड्यूटी पर आए तो एक वकील के मुंशी को दीवार के पास लघुशंका करते देख उससे उठक-बैठक लगवा दी।

बाद में जब वह तहसील परिसर का निरीक्षण करते हुए वकीलों के पास पहुंचे तो उन्हें समस्या बताई गई कि तहसील परिसर में बने शौचालय बेहद गंदे हैं, ऐसे में वकील और मुंशी मजबूरन खुले में लघुशंका करते हैं। इस पर एसडीएम ने कहा था कि तहसील के बड़े अधिकारी होने के नाते वह सफाई ठीक से न होने की जिम्मेदारी लेते हैं। इसके बाद एसडीएम ने वकीलों के सामने कान पकड़कर उठक-बैठक की, जिसका वीडियो वायरल हो गया। बच्चों के साथ तहसील पहुंचे कुछ अभिभावकों से भी उठक बैठक कराई थी।

# महंगी होगी बिजली, 0.24 प्रतिशत ईंधन अधिभार बढ़ा

- पिछले माह भी की गई थी 1.97 प्रतिशत की वृद्धि

**लखनऊ।** प्रदेश में अगले माह बिजली के दाम में 0.24 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने ईंधन अधिभार शुल्क में बढ़ोतरी कर दी है। इसे लागू करने का आदेश भी जारी कर दिया है। इस वृद्धि से अगस्त माह में कॉरपोरेशन कुल लगभग 22.63 करोड़ का राजस्व वसूल होगा। कॉरपोरेशन ने पिछले माह भी बिजली के दाम में ईंधन भार अधिभार शुल्क के तौर पर 1.97 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। पिछले कई महीनों से कॉरपोरेशन की ओर से ईंधर अधिभार शुल्क के तौर पर बढ़ोतरी की जा रही है।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस वृद्धि का सख्त विरोध किया है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर 33,122 करोड़ रुपये सरप्लस चल रहे हैं। ऐसे में बढ़ोतरी न्याय संगत नहीं है। ईंधन लागत बढ़ने पर कॉरपोरेशन समायोजन के बजाय उपभोक्ताओं पर बोझ डाल रहा है।

**आश्वासन** | मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की सीएम युवा कॉन्क्लेव एवं एक्सपो-2025 की शुरुआत

# हर युवा को मौका देंगे जिसके पास सपना है पर साधन नहीं

- बोले, युवाओं को जॉब सीकर से जॉब क्रिएटर बना रही सीएम युवा स्कीम
- 68 हजार उद्यमियों को मिली 2751 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि हम उत्तर प्रदेश के हर उस युवा को अवसर देंगे जिसके पास सपना है पर साधन नहीं है। सीएम युवा कॉन्क्लेव एवं एक्सपो-2025 की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री बोले कि सीएम युवा स्कीम युवाओं को जॉब सीकर से जॉब क्रिएटर बना रही है। उन्होंने 68 हजार उद्यमियों को 2751 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दिए जाने की बात भी साझा की।



**लखनऊ।** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कार्यक्रम को संबोधित करते योगी।

राजधानी लखनऊ में सीएम युवा कॉन्क्लेव एवं एक्सपो-2025 के बुधवार को शुभारंभ के अवसर पर योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत संचालित सीएम युवा योजना को प्रदेश के लाखों युवाओं के लिए स्वरोजगार से स्वावलंबन तक की यात्रा का माध्यम बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक इस योजना के अंतर्गत 68,000 से अधिक युवाओं को 2751 करोड़ रुपये का ब्याजमुक्त एवं गारंटी मुक्त लोन दिया गया है। योजना के अंतर्गत 10 प्रतिशत मार्जिन मनी की सुविधा भी राज्य सरकार दे रही है। उन्होंने कहा कि यूपी के युवाओं में अनलिमिटेड पोटेंशियल है। सीएम युवा इन युवाओं को मंच और मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है।

### यूपी मार्ट की लांचिंग, प्रदर्शनी का लोकार्पण

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने फ्रेंचाइजी व्यवसाय, बिजनेस ऑन व्हील्स व अन्य इनोवेटिव व्यवसायों के ब्रांड्स, मशीनरी की प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं मशीनरी सप्लायर्स पोर्टल यूपी मार्ट की लॉन्चिंग भी की। इस दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष 17 एमओयू भी किए गए। यहां एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार, कई विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# शिक्षा के नाम पर ठगी कार्रवाई की मांग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- संस्था के खिलाफ एकजुट होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे पीड़ित शिक्षक

**अमृत विचारः** फगल फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा शिक्षा के नाम पर आर्थिक शोषण को लेकर शिक्षकों ने बुधवार को उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

पीड़ित राजकुमार ने बताया कि फगल फाउंडेशन द्वारा लगभग 8-9 महीने पहले जनपद में 2500 से अधिक केंद्र खोलकर प्रति छात्र 78 रुपये वसूले गए। हर केंद्र पर औसतन 40 छात्र थे जिसमें करीब 78 लाख से अधिक राशि जमा हुई। साथ ही शिक्षक सुपरवाइजर और ब्लॉक कोऑर्डिनेटर नियुक्त किए गए। शिक्षक को 3 माह तक 1200 रुपये उसके 3 माह पश्चात 10,500 रुपये देने का वादा किया गया लेकिन आज तक किसी को एक भी रुपये वेतन के नाम पर नहीं मिला। जनपद भर के केंद्र अचानक बंद कर दिये गये। कई लोग रसूलपुर के रहने वाले है, जो कि किसी के द्वारा रुपये मांगने पर धमकी देते हैं इसलिए सभी शिक्षक एकजुट होकर कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे और डीएम कार्यालय में ज्ञापन दिया। इस दौरान राजकुमार, ज्योति वर्मा, मंजूला देवी, अंशिका देवी, नेहा, रजनी देवी, रीतू सक्सेना, सपना देवी, साधना, सुधीर कुमार, गुडिया कश्यप, रजनी पाल, पारुल पाल आदि उपस्थित रहे।

## पीएम-अजय के घटक ग्रांट इन एड योजनांतर्गत शुरू की गई रोजगारपरक योजना

# समूह में स्थापित करें स्वरोजगार इकाई, मिलेगा 50 हजार का अनुदान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास ने दी योजना की जानकारी

**अमृत विचारः** जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार की पीएम-अजय के घटक ग्रांट इन एड योजनांतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के लिए स्वरोजगार के लिए सुनहरा अवसर है।

इसके तहत अनुसूचित जाति के इच्छुक अभ्यर्थी कम से कम 3 लोगों का समूह बना कर अथवा कलस्टर के रूप में इकाई स्थापित कर सकते है। लाभार्थियों को निःशुल्क प्रशिक्षण उनके संबंधित व्यवसाय के अनुसार दिया जाएगा। प्रति व्यक्ति 50000 अथवा परियोजना लागत का 50 प्रतिशत जो भी कम हो सरकारी अनुदान के रूप में देय होगा। परियोजना लागत का 05 प्रतिशत लाभार्थी अंशदान व शेष धनराशि बैंक के माध्यम से ऋण के रूप में देय होगी।

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित उक्त योजना के लिए अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम को नोडल एजेंसी नामित किया गया है। जिला स्तर पर समाज कल्याण अधिकारी विकास एवं पदेन जिला प्रबन्धक, अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम नोडल अधिकारी होंगे। अनुसूचित जाति के युवाओं में उद्यमशीलता विकसित करने को विशेष प्रयास किये जाएंगे। लाभ लेने के लिए अनुसूचित जाति के 18 से 50 वर्ष की आयु की महिला एवं पुरुष साक्षर हो एवं पूर्व में अनुगम द्वारा संचालित योजना में बकायेदार न हो। 2.50 लाख वार्षिक आय वाले लोगो को प्राथमिकता दी जाएगी तथा जनपद का मूल निवासी होना अनिवार्य है।

### ये हैं योजनाएं

इच्छुक लाभार्थी बुटिक, व्यूटी पार्लर, सर्विस, टैक्नीशियन, लाजिस्टिक, वाहन चालक, किराना दुकान, जनरल स्टोर, ऑटो एवं ई-रिक्शा, फोटोग्रॉफी आदि, मृदा संरक्षण, बागवानी, हथकरघा, उद्योग, सहकारी क्षेत्र।

### यहां जमा करे आवेदन

इच्छुक लाभार्थी कार्ययोजना एवं अपने प्रपत्रों के साथ 14 अगस्त तक कार्यालय समाज कल्याण अधिकारी विकास एवं पदेन जिला प्रबंधक अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड विकास भवन में संपर्क कर आवेदन-पत्र जमा कर सकते है। विकास खंड स्तर पर बीडीओ, सहायक ग्राम विकास अधिकारी समाज कल्याण में आवेदन जमा कर सकते है।

## दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण शुरू



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र द्वारा मुख्यमंत्री उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजनांतर्गत ब्लॉक सभागार कांट में दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण का आयोजन बुधवार को किया गया। ब्लॉक प्रमुख श्रीदत्त शुक्ला ने उद्घाटन करते हुए प्रशिक्षार्थियों को खाद्य प्रसंस्करण संबंधित उद्योग लगाने को प्रेरित किया। खाद्य प्रसंस्करण प्रभारी असीम कुमार वर्मा ने बताया कि न्याय पंचायत स्तर पर दो दिवसीय प्रशिक्षण उपरांत लाभार्थी रस बिस्कुट, मसाला पैकिंग, दही मक्खन पैकिंग, आचार फल सब्जी आधारित उत्पाद आदि की पैकिंग का प्रस्ताव तैयार कराकर सामुदायिक फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र को देंगे। उद्योग लगने के पश्चात उन्हें 50 प्रतिशत अनुदान अधिकतम 100000 प्रदान किया जाएगा। वीरेंद्र कुमार पाली ने जैम- जैली, अचार, मुरब्बा आदि बनाने की जानकारी प्रदान की। समापन प्रधान गुरथना द्वारा किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### दो उप निरीक्षक प्रोन्नत, बने इंस्पेक्टर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसपी राजेश द्विवेदी ने पदोन्नत उप निरीक्षक की वर्दी पर स्टार लगाकर सम्मानित करते हुए शुभकामनाएं दीं। एसपी ने कार्यालय में रोजा थाना के उप निरीक्षक राजेश कुमार व जैतीपुर थाना के उप निरीक्षक सुनील कुमार यादव की वर्दी पर एक स्टार लगाकर औपचारिक रुप से सम्मानित किया गया। एसपी ने कहा कि पदोन्नति केवल दायित्व में वृद्धि नहीं बल्कि कर्तव्य और अधिक निष्ठा से कार्य करने का अवसर भी है। दोनों उप निरीक्षक के कार्यों की सराहना की ओर ईमानदारी, निष्ठा ओर जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करने की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर एएसपी सिटी आदि स्टाफ मौजूद रहे।

### डॉ. देशबंधु शाहजहांपुरी को राष्ट्रीय सम्मान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** महानगर निवासी डॉ. देशबंधु शाहजहांपुरी को डीग राजस्थान में आयोजित 99वें साहित्यकार सम्मान समारोह में हिंदी बाल कहानी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें यह पुरस्कार शांति देवी मंगीलाल शर्मा हिंदी भाषा बाल कहानी पुरस्कार के रूप में प्रदान किया गया। उन्हें पुरस्कार स्वरूप राशि, श्रीफल, अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। डॉ. शाहजहांपुरी के गीत बिखरीं घर आंगन में खुशियां... ने भी कवि सम्मेलन में विशेष तालियां बटोरीं। उनकी दर्जनों बाल साहित्य पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

### स्कूल का समायोजन रोके जाने की मांग

**तिलहर, अमृत विचार :** कमलापुर गांव के प्राथमिक विद्यालय के समायोजन को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि बच्चों को अब तीन किलोमीटर दूर स्कूल भेजना पड़ेगा, जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित होगी। त्रिलोकी सिंह यादव, प्रदीप मिश्रा सहित अन्य लोगों ने अधिकारियों को पत्र भेज समायोजन रोकने की मांग की है।

# स्मार्ट रोड, बाईपास से जाममुक्त होगा शहर

## शाहबाजनगर से बरेली मोड़ तक पहुंचेगा बाईपास, मघई टोला से एनएच-30 को जोड़ेगी स्मार्ट रोड

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** शाहजहांपुर शहर को जाम की समस्या से निजात दिलाने और सुनियोजित विकास के तहत दो बड़ी सड़क परियोजनाओं की शुरुआत हो चुकी है। नगर निगम द्वारा बनवाई जा रही केरूगंज से मघई टोला होते हुए लखनऊ-सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-30) को जोड़ने वाली स्मार्ट रोड और एनएचएआई द्वारा पैना बुजुर्ग से बरेली मोड़ तक बन रहा बाईपास शहर की तस्वीर बदलने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे।

नगर निगम की ओर से स्मार्ट रोड के लिए 22 करोड़ रुपये की योजना बनाई गई है, जिसमें से 11 करोड़ रुपये की पहली किस्त पीडब्ल्यूडी को हस्तांतरित कर दी गई है। यह सड़क करीब 2.2 किलोमीटर लंबी होगी और अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त रहेगी। लाइटिंग, हरियाली,



सुभाषनगर से रिंग रोड को जोड़ने वाली स्मार्ट रोड बनकर तैयार ● अमृत विचार

फुटपाथ, डिवाइडर में पौधरोपण के साथ इसका सुंदरीकरण व चौड़ीकरण किया जाएगा।

पीडब्ल्यूडी ने इस परियोजना की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर ली है। अधिकारियों के अनुसार मघई टोला के घनी आबादी वाले हिस्सों में सड़क की चौड़ाई कुछ कम होगी, लेकिन मघई टोला मोड़ से एनएच-30 तक यह सड़क 30 मीटर चौड़ी रहेगी। यहां फुटपाथ और पौधों से युक्त डिवाइडर भी प्रस्तावित हैं।

- शाहजहांपुर को मिलेगी जाम से स्थायी निजात, यातायात होगा सुगम
- अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस स्मार्ट रोड बनेगी, डीपीआर तैयार निर्माण जल्द

### बाईपास से बरेली रोड से होगा सीधा संपर्क

एनएचएआई द्वारा बन रहा बाईपास शाहबाजनगर रेलवे क्रॉसिंग, गर्रा नदी और रिंग रोड को पार करते हुए बरेली रोड पर मौजमपुर के पास आकर मिलेगा। यहां अंडरपास और माइनर ब्रिज का निर्माण भी तेजी से जारी है। यह बाईपास लखनऊ-पलिया हाईवे से जुड़ेगा और शहर से बाहर से ही यातायात को डायवर्ट कर देगा, जिससे शहर में भारी वाहनों और दूरगामी मुसाफिरों की आवाजाही का दबाव कम होगा। करीब 13 किलोमीटर लंबा यह बाईपास पुवायां, बंडा, खुटार, पूरनपुर और पलिया से आने-जाने वाले वाहनों के लिए लाभकारी होगा, जिन्हें अब शहर के भीतर से नहीं गुजरना पड़ेगा।

### सड़क की वर्तमान स्थिति दयनीय

फिलहाल केरूगंज से मघई टोला होते हुए हाईवे तक जाने वाली सड़क काफी खराब हालत में है। जगह-जगह गड्ढे हैं और सड़क उबड़-खाबड़ है। यहां से वाहन निकालना भी बेहद मुश्किल होता है। स्मार्ट रोड बनने से स्थानीय लोगों को बड़ा राहत मिलेगी, वहीं शहर की छवि भी सुधरेगी।

### नगर आयुक्त बोले – जाम मुक्त और सुंदर शहर लक्ष्य

नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्रा ने बताया कि शहर को सुंदर व जाम मुक्त बनाने के लिए नगर निगम द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। केरूगंज से मघई टोला होते हुए एनएच-30 तक स्मार्ट रोड का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए आधा बजट मिल चुका है और पीडब्ल्यूडी को निर्माण कार्य सौंप दिया गया है। सुभाषनगर वाली स्मार्ट रोड भी जल्द ही हैंडओवर हो जाएगी।

# उपकेंद्र में फीडर की ट्रॉली में घुसे बिल्ली के बच्चे, बार बॉक्स फुंका

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचारः** खुटार विद्युत उपकेंद्र के टोंडरपुर फीडर की ट्रॉली में अचानक एक बिल्ली के बच्चे ट्रॉली में घुस गए जिससे ट्रॉली में लगा बार-बॉक्स फुंक गया। जिससे मंगलवार देर रात से बुधवार 9:00 बजे तक विद्युत सप्लाई बंद रही। ग्रामीणों व किसानों में भीषण गर्मी के चलते हाहाकार मचा रहा।

ग्रामीणों ने बताया कि दो दिन पूर्व रामपुर कला विद्युत उपकेंद्र पर 14 घंटे विद्युत सप्लाई बंद रही। जिससे सैकड़ों गांव के ग्रामीण व किसान व्याकुल हो गए थे। ग्रामीणों ने बताया कि अक्सर किसी न किसी कारण से बिजली घंटों तक गुल रहती है। भीषण गर्मी में बच्चे, बुजुर्ग सभी त्राहि-त्राहि कर उठते हैं। विद्युत उपकेंद्र खुटार के जेई जितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि टोडरपुर फीडर की ट्रॉली में बिल्ली के बच्चे घुस जाने से बार बॉक्स फुंक गया था। जिसे सही कर सप्लाई चालू कर दी गई है।

# स्वच्छता को समर्पित मॉडल ग्राम पंचायत में चला राउंडअप स्प्रे

**कलान, अमृत विचारः** मॉडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत बुधवार को राउंडअप दवा का स्प्रे किया गया।

प्रधान अनिल गुप्ता ने बताया कि घास में मच्छर, कीड़े और सांप आदि के छिपने से संक्रामक बीमारियां फैलती हैं, इसी को ध्यान में रखते हुए यह अभियान चलाया गया है।

ग्राम के संविलियन विद्यालय, बीआरपी क्लब मैदान और 56 रास्तों के किनारे राउंडअप स्प्रे कराया गया। अगले सप्ताह इसे दोबारा दोहराया जाएगा।

# अस्पताल की भूमि पर अवैध निर्माण रुकवाया

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचारः** राजीव चौक के पास करोड़ों की बेशकीमती सरकारी अस्पताल की जमीन पर हो रहा अवैध खुदाई कार्य नवागत एसडीएम ने रुकवा दिया। नगर के राजीव चौक के पास गाटा 486 रकबा 0.69 एकड़ शफाखाना मिल्कियत सरकार के नाम दर्ज है, जो राज्य सरकार की भूमि है। उक्त भूमि बेशकीमती है जिस पर आए दिन भूमाफिया अपनी नजर गड़ाए रहते हैं। मंगलवार को उक्त भूमि पर अवैध रूप से नींव खुदाई का काम जोरों पर चल रहा था। जिसकी शिकायत किसी ने नवागत एसडीएम रिंकू सिंह राही से कर दी।



दुकानों के पीछे हो रहा था खुदाई कार्य रुकवाया। ● अमृत विचार

- राजीव चौक के पास बेशकीमती भूमि पर है भूमाफियाओं की नजर

तेज तर्रार रिंकू सिंह राही ने तत्काल लेखपाल को मौके पर भेजकर चल रहा निर्माण कार्य रुकवा दिया। लेखपाल ने मौके पर काम कर रहे लोगों से कागज मांगे जो वह दिखाने में असमर्थ रहे। जिस पर वहां काम कर रहब मजदूरों को भगा दिया और दस्तावेज लाकर ही काम करने के निर्देश दिए।

### ...तो जिले का एक विभाग कर रहा था अवैध कब्जा

जानकारी के अनुसार उक्त भूमि पर जनपद के ही एक विभाग द्वारा दुकानों का निर्माण कार्य कराया जा रहा था। उक्त विभाग कुछ सालों पहले भी सिंचाई विभाग की भूमि पर अपना बोर्ड लगाकर कब्जा दिखा चुका है, वहां भी दुकानें बनाकर बेचने का काम शुरू किया था। जिसे समय रहते कर्मचारियों के विरोध के बाद रुकवा दिया गया था। इस दौरान उस विभाग के द्वारा लगाए गए बोर्ड को भी उखाड़कर फेंक दिया गया था।

# सांस्कृतिक मूल्यों को सहेजते हैं पर्व




ओमर वैश्य महिला समिति के कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- ओमर वैश्य महिला समिति के कार्यक्रम में यशिका और अर्चना चुनी गईं तीज क्वीन

**अमृत विचारः** ओमर वैश्य महिला समिति द्वारा बुधवार को तीज उत्सव का आयोजन शहर के एक होटल में उत्साह के साथ मनाया। तीज क्वीन 40 साल से कम में यशिका गुप्ता प्रथम, कोमल गुप्ता द्वितीय और तृतीया मानसी गुप्ता रही। 40 साल से ऊपर में अर्चना गुप्ता प्रथम, द्वितीय श्वेता गुप्ता और तृतीया पूजा गुप्ता रही। बेस्ट मेहंदी, बेस्ट हेयर स्टाइल, बेस्ट इस्माइल, ब्यूटी इन ग्रीन, बेस्ट रैंप वॉक, मोस्ट कॉन्फिडेंट दीवा और ग्रेस फूल दीवा आदि के भी पुरस्कार दिए गए। प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। संचालन शैली गुप्ता ने किया। समिति अध्यक्ष सोनिया गुप्ता ने कहा कि तीज जैसे पारंपरिक पर्व हमारे सांस्कृतिक मूल्यों को सहेजने का माध्यम है। समिति की वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीलम गुप्ता, महामंत्री रीता गुप्ता, कोषाध्यक्ष नीरू गुप्ता, स्वागत मंत्री राधा गुप्ता, योगिता गुप्ता, पदाधिकारियों, पुवायां, तिलहर, हरदोई, शाहाबाद की ओमर वैश्य महिला समिति की अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

# अक्षत राउंड टेबल और अंकिता लेडीज सर्किल की अध्यक्ष बनीं




हर्ष व्यक्त करते नई कार्यकारिणी के सदस्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- राष्ट्रीय सामाजिक संस्था का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

**अमृत विचारः** सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को बेहतर माहौल मिल सके, इस उद्देश्य से काम करने वाली राष्ट्रीय सामाजिक संस्था का वार्षिक अधिवेशन शहर के एक होटल में संपन्न हुआ।

बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में शाहजहांपुर राउंड टेबल और लेडीज सर्किल की कार्यकारिणी का साल जुलाई से जून तक होता है। इसी के अनुसार सेवा कार्य किए जाते हैं। बैठक में अक्षत सक्सेना को राउंड टेबल और अंकिता सक्सेना को लेडीज सर्किल का अध्यक्ष चुना गया। साथ ही लक्ष्य चड्ढा एवं प्रेरणा चड्ढा को सचिव और शांतनु वर्मा, नित्या वर्मा को कोषाध्यक्ष बनाया गया। अर्पित गोयल, अंशिका गोयल को उपाध्यक्ष का पद सौंपा गया। उक्त कार्यकारिणी वर्ष 2025-26 की होगी और 30 जून 2026 तक का कार्यकाल पूरा करेगी। चार्टर अध्यक्ष शिवम अग्रवाल व पूजा अग्रवाल ने बताया कि दोनों संस्थाओं ने रोजा स्थित जेपी इंटर कॉलेज को बेहतर बनाने का जिम्मा उठाया है। शीघ्र ही विद्यार्थियों के लिए भवन निर्माण का कार्य भी आरंभ किया जाएगा। वर्ष में 24 निःशुल्क भंडारों का आयोजन होगा। बैठक में बनारस से रोहन और सीतापुर से पुनीत ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष सिद्धार्थ रस्तोगी, रुशाली रस्तोगी, अक्षय अग्रवाल, वंशिका अग्रवाल, पारस सचदेवा, हिना सचदेवा, राघव खंडेलवाल, कनिका खंडेलवाल, सिद्धार्थ अग्रवाल, सोनाक्षी अग्रवाल, सचिन ग्रोवर, शिवांगी ग्रोवर, शोभित गोयल, प्रिया गोयल, सिद्धार्थ बंसल, तनुश्री बंसल, और सिद्धार्थ गोयल का सहयोग रहा।

# प्रधान-पति का खेलः बोगस फर्म से किया लाखों का गबन

**कलान, अमृत विचारः** अगले साल अप्रैल-मई में ग्राम पंचायत के चुनाव प्रस्तावित है। प्रधानी के चुनाव नजदीक आते ही कलान तहसील के ग्राम पंचायतों में व्याप्त भ्रष्टाचार की परतें खुलने लगी हैं। ग्राम पंचायत कबरा सलेमपुर की प्रधान कतुकी देवी और उनके पति धर्मराज द्वारा फर्जी फर्म के जरिए लाखों की सरकारी धनराशि का गबन किए जाने का मामला सामने आया है। तहसीलदार की जांच में पुष्टि के बाद एसडीएम ने रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रेषित कर दी है।

शिकायतकर्ता प्रेमशंकर एडवोकेट की ओर से दी गई शिकायत के आधार पर जांच हुई। जांच में पाया गया कि 'प्रधान बिल्डिंग मटेरियल' नामक एक बोगस फर्म के खाते में बिना किसी वास्तविक कार्य के 6,54,128 का भुगतान दर्शाया गया। मौके की जांच में ऐसी कोई दुकान या फर्म अस्तित्व में नहीं पाई गई। एसडीएम अभिषेक प्रताप सिंह ने बताया कि रिपोर्ट डीएम को भेजी गई है और पंचायती राज अधिनियम के तहत कार्रवाई होगी।

# दो साल से अनुपस्थित शिक्षामित्र की सेवा समाप्ति के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- प्रा. विद्यालय इस्लामिया शाहबाजनगर के गेट पर बकरी बंधी देख चढ़ा एडीएम का पारा
- बकरी मालिक को बुलाकर लगाई फटकार, केस पंजीकृत कराने की चेतावनी दी

**अमृत विचारः** बुधवार को एडीएम वित्त ब्लॉक ददरौल के प्राथमिक विद्यालय इस्लामिया शाहबाजनगर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्हें विद्यालय के मुख्य गेट पर बकरियां बंधी मिली।

एडीएम ने प्रिंसिपल व शिक्षकों से पूछा तो बताया गया कि कई बार कहने के बावजूद उक्त व्यक्ति बकरियां नहीं हटाता है। यह सुनकर एडीएम का पारा चढ़ गया और उन्होंने उसे बुलाकर फटकार लगाते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया। भविष्य में दोबारा ऐसा करने पर केस पंजीकृत कराने की चेतावनी दी। शिक्षामित्र अनुपम वर्मा अनुपस्थित मिलीं, जिनका स्पष्टीकरण प्राप्त करने निर्देश दिया। वही शिक्षामित्र मनजीत कौर के दो सालों से अनुपस्थित रहने पर



बकरी मालिक से नाराजगी जाहिर करते एडीएम वित्त अरविंद कुमार।

उनकी सेवा समाप्ति की कार्रवाई करने का निर्देश दिया।इसके अतिरिक्त उन्होंने उच्च प्राथमिक विद्यालय निवाड़ी, पूर्व माध्यमिक विद्यालय घुसगवां, प्राथमिक विद्यालय घुसगवां का निरीक्षण किया। निरीक्षण में मिड-डे-मील के अंतर्गत मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण, बच्चों अध्यापकों की उपस्थिति , पेयजल, टॉयलेट फर्नीचर, बेंच, जर्जर भवन तथा सफाई कर्मियों द्वारा साफ सफाई की स्थिति का निरीक्षण किया। जोकि संतोषजनक रहा।

## शिक्षण कार्यों की बीएसए ने की प्रशंसा



**शाहजहांपुर,अमृत विचार :** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में बीएसए दिव्या गुप्ता ने बुधवार को विकास खंड मदनापुर के बंधा, हरसिंहपुर, झपका दिलावरपुर, भीतीया पॉकी, गुमटा नवीन आदि परिषदीय स्कूलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय गुमटा नवीन में अध्यापकों के द्वारा कराए गए शिक्षण कार्यों की प्रशंसा की। बच्चों से किताबों में अक्षरों का ज्ञान एवं अन्य जानकारी प्राप्त की। बीएसए ने मिड डे मील की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने को निर्देशित किया। उन्होंने स्कूल में बच्चों को उपलब्ध कराई गई स्पोर्ट्स किट देखकर उन्हें शिक्षा के साथ खेल के लिए प्रेरित किया।

# गंदगी देख एडीएम खफा सफाई कर्मी सस्पेंड

**शाहजहांपुर,अमृत विचारः** बुधवार को ग्राम घुसगवां की साफ सफाई का जायजा लेने पहुंचे एडीएम वित्त अरविंद कुमार गांव की गंदगी देख हतप्रभ रह गए।

ग्रामीणों से जानकारी ली गई तो पता चला कि गांव में दो सफाई कर्मियों की तैनाती हैं, जिसका नाम नन्हे और उमाशंकर है। दोनों तीन महीनों से ज्यादा समय से गैरहाजिर है। गांव में भ्रमण के दौरान साफ सफाई का काफी अभाव मिला। एडीएम ने तत्काल प्रभाव से सफाईकर्मी नन्हे को सस्पेंड कर दिया वहीं दूसरे सफाई कर्मी उमाशंकर मेडिकल पर चल रहा है, मेडिकल रिपोर्ट का परीक्षण करने को निर्देश दिए। एडीएम ने बताया कि जो सफाई कर्मी शासकीय कार्यों में लापरवाही करेंगे तथा जो अपने जिम्मेदारी सही ढंग से नहीं निभाएंगे उनके विरुद्ध स्थाई वेतन वृद्धि रोकने व सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### आपत्तिजनक वीडियो वायरल, आक्रोश

**बंडा, अमृत विचार :** गांव कुलम जुझारपुर में दो युवकों द्वारा जाति विशेष और हिंदू देवी-देवताओं पर अपमानजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किए गए। इससे ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। लोगों ने थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया है। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार राय ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के गांव मऊ खालसा निवासी भावना सिंह ने बताया कि दो साल पूर्व उसकी शादी अनुराग सिंह निवासी उजरा मऊ थाना राजेपुर जिला फर्रुखाबाद के साथ हुई थी। उसके मायके वालों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। दहेज से ससुराली संतुष्ट नहीं थे। एक लाख रुपये की मांग कर रहे थे जिसे उसने मना कर दिया। आरोप है कि 22 जून को उसे पीटकर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### चोरों का धावा, नगदी-जेवरात उड़ाए

**जैतीपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव भिटारा में मंगलवार रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए करीब 50 हजार नगद और लगभग तीन लाख रुपये कीमत के जेवर चुरा लिए। परिजन घर में सो रहे थे, तभी रात दो बजे चोर घर में दाखिल हुए और बक्सा तोड़कर सामान समेटने लगे। पुत्रवधू के जागने पर शोर मचाया गया, जिस पर चोर भाग गए। सूचना पर डायल 112 और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा। कार्यवाहक थाना अध्यक्ष संजीव कुमार ने कहा कि अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

### किशोरी अगवा, रिपोर्ट

**कांट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 27 जुलाई की रात 01 बजे खेत पर धान की सिंचाई कर रहा था। उसकी 16 वर्षीया पुत्री घर में सो रही थी। वह रात दो बजे घर पर आया तो पुत्री घर पर नहीं थी। उसका आरोप है कि गांव का आकाश उसकी पुत्री को अगवा करके ले गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# सड़क दुर्घटना में दो कांवड़ियों की मौत

## ट्रॉली पर चढ़ते गिरा युवक ट्रैक्टर में जुड़ी दूसरी ट्रॉली की चपेट में आया, दूसरी घटना में बाइक से टकराकर गई जान

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचारः** गोला मंदिर से जलाभिषेक कर लौट रहे कांवड़िया की अपनी ही ट्रॉली की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। वहीं मोहम्मदी रोड पर भावल खेड़ा गांव के सामने बाइक ने कांवड़िया को टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायल की मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना रोजा थाना क्षेत्र की है।



मृतक विजय।

खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा नवादा निवासी विजय कुमार(30) पुत्र यशपाल बरेली में रोहिलखंड अस्पताल में काम करता था। सोमवार की सुबह कांवड़ लेकर जाना था, जिसके लिए वह सोमवार को ही फरीदपुर से खुदागंज पहुंचा था। मंगलवार को वह फरुर्खाबाद से जल लेकर निकला और बुधवार सुबह गोला गोकर्णनाथ में जलाभिषेक किया। जिसके बाद वह अन्य कांवड़ियों के साथ ट्रॉली पर सवार हो गया। ट्रैक्टर में दो ट्रॉलियां जुड़ी थी और वह आगे वाली ट्रॉली पर बैठा था। बुधवार दोपहर पुवायां में निगोही रोड पर एसडीएम मोड़ के पास खाने पीने के लिए ट्रैक्टर रुका। कुछ देर बाद वह पानी पीकर ट्रॉली पर चढ़ने की कोशिश करने लगा तब तक ट्रैक्टर चल चुका था। अचानक उसका हाथ छूट गया और वह नीचे आ गिरा। इसी बीच पीछे जुड़ी दूसरी ट्रॉली की चपेट में आ गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस उसे अपनी गाड़ी से अस्पताल ले गई जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के साथ उसका रिश्ते का भतीजा बंटू व साथी सूरज पाल भी मौके पर था। मृतक अपने पीछे पत्नी शिवानी समेत पुत्री दिव्यांशी व एक बेटे को रोता छोड़ गया।



पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

### चालक की लापरवाही से गई जान

कांवरियों के अनुसार एसडीएम मोड़ पर खाने पीने के लिए चालक ने ट्रैक्टर रोका था। सभी के खाने पीने दौरान ट्रैक्टर चालक ने कांवरियों के बैठने का इंतजार किए बिना ही ट्रैक्टर स्टार्ट कर दिया और लेकर चल दिया। कुछ कांवरिया नीचे रह गए थे, जो जल्दी जल्दी भागकर ट्रॉली में चढ़ने लगे और हादसा हो गया।

**दो ट्रॉलियों में सवार होकर निकला था 70 लोगों का जत्था :** गांव के ही मनोज कुमार ने फरुखाबाद से गोला ले जाकर कांवर चढ़ाने के लिए जत्थे को तैयार किया। सोमवार की रात जत्था दो ट्रालियों में भरकर रवाना हुए। दोनों ट्रालियां एक ही ट्रैक्टर में लगी थीं। जो बुधवार को वापस लौट रही थीं। रास्ते मे हादसा हो गया।

## जलाभिषेक को गोला जा रहे गौरव को बाइक ने मारी टक्कर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला दिलाजाक निवासी गौरव कुमार(30) मंगलवार की सुबह साथियों के साथ फर्रुखाबाद स्थित पांचाल घाट पर गंगा जल लेने के लिए गया था। फर्रुखाबाद से गंगा जल लेकर अपने साथियों के साथ रात दस बजे छोटी काशी गोला पैदल जा रहा था। मोहम्मदी रोड पर भावल खेड़ा गांव के सामने बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे गौरव घायल हो गया। उसके साथी भावलखेड़ा सीएचसी पर ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान बुधवार की सुबह उसकी मौत हो गयी। बाइक सवार भाग गया। मृतक प्राइवेट काम करता था। मां-बाप का इकलौता बेटा था। उसकी मां का नाम मधु है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मृतक गौरव।

## स्कूल में घुसे शराबी का उत्पात शिक्षकों से मारपीट, तमंचा ताना

- शिक्षक और बच्चे जान बचाकर स्कूल से बाहर भागे, आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, निगोही/शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** भवानीपुर गांव में स्थित कंपोजिट विद्यालय में शराब पीकर एक व्यक्ति घुस आया और जमकर उत्पात मचाया।

निगोही थाना क्षेत्र के गांव भवानीपुर में कंपोजिट विद्यालय है। बुधवार की सुबह 10 बजे विद्यालय में शिक्षक बच्चों को पढ़ा रहे थे। आरोप है कि गांव का परशुराम शराब के नशे में विद्यालय में घुस आया और शिक्षकों को गाली देने लगा। शिक्षकों ने उसे समझाने का प्रयास किया तो मारपीट करने लगा। आरोपी ने तमंचा निकाल लिया और जान से मारने की धमकी दी। शिक्षक और बच्चे जान बचाकर बाहर को भागे।

सूचना मिलने पर खंड शिक्षाधिकारी रमेश पंकज स्कूल में गए और शिक्षकों से जानकारी की। निगोही थाना क्षेत्र के गांव रामपुर बगिया निवासी शिक्षक अमित कुमार ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि सुबह दस बजे भवानीपुर गांव का परशुराम स्कूल में घुस आया और गाली देने लगा। उन्होंने स्कूल में आने का कारण पूछा तो आरोपी उसके साथ और शिक्षामित्र जितेंद्र कुमार के साथ मारपीट करने लगा। जाने को कहा तो तमंचा निकालकर जान से मारने की धमकी देकर चला गया। उप निरीक्षक पंकज कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला महामंत्री महेंद्र सिंह ने आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की है।।

### विक्रेता बन फर्जी बैनामा करने का आरोपी गिरफ्तार

**पुवायां, अमृत विचार :** पुलिस ने फर्जी बैनामा करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उक्त युवक ने विक्रेता के स्थान पर खुद ही बैनामा कर दिया था। बुधवार सुबह पुलिस ने लखीमपुर के थाना मैलानी क्षेत्र के गांव सूरजनपुर निवासी रामहरख पुत्र भग्गू(80) को गिरफ्तार कर लिया। उक्त के खिलाफ इसी गांव के लालबिहारी(52) पुत्र रामअवध ने धोखाधड़ी से बैनामा करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच में पुलिस ने पाया कि आरोपी ने विक्रेता बनकर भूमि का बैनामा महमदपुर सैजनिया निवासी कुछ लोगों के नाम कर दिया था। पुलिस ने दोष सिद्ध होने पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

# मकान मालकिन गई जयपुर, चोरों ने बंद घर का ताला तोड़ उड़ाया लाखों का सामान

संवाददाता, जलालाबाद/शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** चोरों ने एक बंद मकान के ताले तोड़ नगदी समेत लाखों रुपये का जेवर चुराकर ले गए। मकान मालिक जयपुर में अपने बेटे के पास गई थीं।

जलालाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला जमदग्नि नगर निवासी मुन्नी देवी का एक बेटा जयपुर में रहता है। उसका दूसरा बेटा सनोद गुप्ता पड़ोस में स्थित मकान में रहता है। वह तीन माह पूर्व बेटे के पास जयपुर घर में ताला बंद करके गयी थी। बुधवार की सुबह सात बजे मुन्नी देवी अपने घर पर आई। उसने मकान का दरवाजा खोला और देखा कि एक कमरे का ताला टूटा हुआ था ओर सामान बिखरा पड़ा हुआ था। चोरी की खबर सुनकर उसका बेटा सनोद गुप्ता भी पहुंच गया। उन्होंने थाना पर सूचना दी। पुलिस ने मौका मुआयना किया। उसने बताया कि सोने के कुंडल, सोने का हार, अंगुठी, जंजीर, नाक का फूल, सिलाई मशीन, कपड़े, बर्तन व पांच हजार रुपये आदि सामान ले गए है। महिला ने थाना पर तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कांट थाना क्षेत्र के गांव नगला बनवारी निवासी मुखी मौर्या ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि एक माह पूर्व रात में मकान के आगंन में सोई थी। रात में चोर दीवार फांदकर घुस आए और अलमारी का लाक तोड़ दिया। चोर सोने के दो वेसर, एक जोड़ी झाले, मांग टीका, मंगल सूत्र, एक लर, दो जोड़ी पायल, चांदी का कमर बिछुआ, कमरधनी, 27000 रुपये चुराकर ले गए। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### मकान में नकब लगाकर चोरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के मोहल्ला नवादा इंदेपुर निवासी कमल किशोर ने बताया कि 20 दिन पूर्व परिवार के साथ रात में मकान में सोया हुआ था। चोरों ने मकान की पिछली दीवार में नकब लगा दी। चोर अलमारी में से सोने की झुमकी, पैण्डल, 2500 रुपये,कपड़ा आदि सामान चुराकर ले गए है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## ताला लगा चोर ढूंढने निकला युवक, घर में हो गई चोरी

**खुटार, अमृत विचारः** क्षेत्र के गांव गढ़िया सरेली में रहने वाले जगदीश प्रसाद और उनका परिवार शाहजहांपुर में रहता है। जबकि गांव में बेटा तरुण कुमार पत्नी और बच्चों के साथ रहते हैं।

सावन में तरुण की पत्नी बच्चों के साथ मायके गई हुई है। मंगलवार को तरुण घर में अकेला सो रहा था। तभी रात 12 बजे के करीब गांव मे चोर का शोर मचा। तरुण टॉर्च लेकर घर के मेन गेट पर ताला लगा बाहर आ गया। इसी बीच मौका पाकर चोरों ने उनके घर में घुसकर हाथ साफ कर दिया। आधा घंटे बाद रात 12:30 बजे के करीब जब वहलौटा तो गेट पर पड़ा ताला खुला था और अलमारी, बक्सा के ताले टूटे थे। 2500 नगदी के साथ ही चांदी की पायल गायब थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत, हंगामा

- परिवारवालों ने डॉक्टर पर लगाया लापरवाही का आरोप
- ऑपरेशन के बाद नवजात तो तीन घंटे बाद उर्वशी ने तोड़ा दम

संवाददाता, शाहजहांपुर/कलान

**अमृत विचारः** कस्बा कलान के निजी अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। परिवार वालों ने डॉक्टर और स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगा हंगामा किया। पुलिस ने पहुंचकर मामला शांत कराया।



मृतका उर्वशी।

परौर थाना क्षेत्र के गांव बर्खेमई निवासी उर्वशी(30) को बुधवार की सुबह दस बजे प्रसव पीड़ा हुई। पति सत्येंद्र और परिवार वाले कस्बा कलान के एक निजी अस्पताल में ले गए। परिवार वालों ने बताया कि डॉक्टर ने उसे भर्ती कर लिया। इंजेक्शन लगाने के थोड़ी देर बाद कहा कि ऑपरेशन से बच्चा होगा। डॉक्टर व स्टाफ उसे ऑपरेशन थियेटर में ले गए जहां ऑपरेशन के बाद बच्चे की मौत हो गई। उसके तीन घंटे बाद उर्वशी ने दम तोड़ दिया। आरोप है कि डॉक्टर से कहा गया था कि मरीज अधिक सीरियस है तो कहीं और ले जाए तो उसने कहा था कि घबराने की बात नहीं है। जच्चा-बच्चा की मौत के बाद परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगा अस्पताल में हंगामा कर दिया। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक सिपाहियों के साथ अस्पताल पहुंचे और उन्हें शांत कराया। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट हो जाएगा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के पांच बच्चे है और मायका जलालाबाद के मनोरथपुर में है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर आती है तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### रोडवेज में मिला युवक का शव, शिनाख्त नहीं

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोडवेज परिसर में बुधवार सुबह आठ बजे एक युवक बेहोशी की हालत में पड़ा था। लोगों ने उसे जगाया तो जगा नहीं। लोगों ने डिपो के कर्मचारियों से शिकायत की। कर्मचारियों ने परिसर में डियूटी पर तैनात पुलिस कर्मचारियों को जानकारी दी। सिपाही ने उसे मेडिकल कालेज भेज दिया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने बताया कि उम्र 30 साल है और जेब से मोबाइल और आधार कार्ड नहीं मिला है। पुलिस ने शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन हो नहीं पाई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# डग्गामार चालकों ने सवारियों को पीटा

- मैजिक से टकराने पर युवक से विवाद के बाद हंगामा
- टैक्सी स्टैंड परिसर बना शराबियों का अड्डा बन गया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** रोडवेज बस अड्डे के सामने प्राइवेट टैक्सी स्टैंड परिसर मैजिक से एक युवक टकरा गया था। उसने चालक से कहा कि देखकर नहीं चलाते हो। इस बात को लेकर विवाद हो गया। मैजिक चालकों ने वाहन के इंतजार में खड़ीं सवारियों को डंडों से मारा पीटा। इस दौरान अफरा-तफरी मच गयी। लोगों ने मामला शांत कराया। टैंक्सी स्टैंड शराबियों और जुआरियों का अड्डा बन गया है। यहां पर आए दिन विवाद होता है। मारपीट का वीडियो वायरल हुआ है।

रोडवेज बस स्टैंड के सामने प्राइवेट टैंक्सी स्टैंड है। यहां पर मैजिक, टैंपो और प्राइवेट बसें खड़ी होती है। मंगलवार की शाम टैक्सी स्टैंड परिसर में सवारियों वाहन के इंतजार में खड़ी थी। चालक मैजिक बैक कर रहा था। इस दौरान एक व्यक्ति को मैजिक ने टक्कर मार दी। उसने चालक से कहा कि मैजिक देखकर बैक किया करो। चालक मैजिक से नीचे उतरा और उसे गाली देने लगा। विरोध करने चालक और अन्य उसके साथी डंडे लेकर आ गए। सवारियों को मारने पीटने लगे। इस दौरान महिलाओं और पुरुषों में अफरा-तफरी मच गई। सवारी जान बचाकर इधर-उधर भागने लगी।वहीं, कैंट पुलिस चौकी प्रभारी रंजीत बहादुर सिंह ने बताया कि दोनों पार्टी में समझौता हो गया है।

### कपड़े फाड़े, महिलाओं के साथ किया अभद्र व्यवहार

चालकों ने सवारियों के कपड़े फाड़ दिए और महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया। पुलिस चौकी कैंट के सिपाही आए और लोगों को पकड़कर ले गई। लोगों ने मारपीट का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। टैक्सी स्टैंड के के पास सड़क पर ठेले लगने से जाम लगता है। शाम को टैक्सी स्टैंड परिसर शराबियों और जुआरियों का अड्डा बन जाता है।

### बंथरा पावर हाउस में तोड़फोड़, जेई ने दी तहरीर

**तिलहर, अमृत विचार :** बंथरा पावर हाउस पर बुधवार को तीन अज्ञात लोग बाइक से पहुंचे और संविदा कर्मी से गाली-गलौज कर पथराव कर दिया। जेई रामकुमार ने बताया कि आरोपियों ने पावर हाउस में तोड़फोड़ की और पथराव कर मौके से भाग गए। पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

## अफीम समेत अभियुक्त गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** सेहरामऊ दक्षिणी थाना के उप निरीक्षक इरफान अली को बुधवार की सुबह दस बजे सूचना मिली कि नागरपाल पुल पर मादक पदार्थ तस्कर खड़ा है। पुलिस ने घेराबंदी करके तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया तस्कर प्रतीक कुमार निवासी भौसठा कला थाना कांट है। पुलिस अभियुक्त के कब्जे से दो किलो 43 ग्राम अफीम बरामद की है।

पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि बनारस से अफीम लेकर आया था। जलालाबाद का योगेश उसे अफीम लाने के पैसे देता है। वह योगेश को अफीम लाकर दे देता था। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया है। टीम में उप निरीक्षक अजय वर्मा, मोहित कुमार आदि शामिल रहे।

# मारपीट से गर्भवती की हालत बिगड़ी, मृत बच्ची जन्मी

- थाने से लौटाया गया पीड़ित परिवार, एसपी से मिलने जाते समय मिला आश्वासन
- सीओ और एसओ ने गांव पहुंचकर की जांच, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

संवाददाता, अल्हागंज

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के साहबगंज गांव निवासी गर्भवती के साथ हुई मारपीट के बाद गंभीर घटना सामने आई है।

पीड़िता की सास गुड्डी देवी ने आरोप लगाया है कि रंजिश में गांव के ही कुछ लोगों ने मंगलवार को फर्रुखाबाद से लौटते समय बहू रवानी देवी और बेटे राहुल पर हुल्लापुर-रामपुर मार्ग के बीच लाठी-डंडों से हमला किया, जिससे सात माह की गर्भवती रवानी की हालत बिगड़ गई। उसे गांव के एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया, जहां उसने मृत बच्ची को जन्म दिया। घटना के बाद गुड्डी देवी मृत बच्ची के शव को लेकर बुधवार को थाने पहुंचीं, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने की बजाय उन्हें टरका दिया। इस पर महिला व उसका बेटा बच्ची के शव के साथ पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर से मिलने निकल पड़े। रास्ते में नगर के कुछ लोगों ने फोन कर उन्हें भरोसा दिया कि तहरीर पर कार्रवाई होगी, तब दंपती थाने लौट आए। इसके बाद सीओ अजय कुमार राय और एसओ ओम प्रकाश गांव पहुंचे, घटनास्थल और संबंधित क्लीनिक का निरीक्षण कर ग्रामीणों से पूछताछ की। एसओ ओम प्रकाश का कहना है कि महिला व आरोपी हरियाणा में प्राइवेट कंपनी में काम करते थे। पीड़िता के पति ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने पूर्व में छेड़छाड़ की थी और विरोध पर यह घटना की गई। जांच में मारपीट की पुष्टि नहीं हुई है। मृत बच्ची का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जमीन के विवाद में लाठी-डंडे व कुल्हाड़ी से हमला, कई लोग घायल

**कलान, अमृत विचार :** ग्राम अब्दुल्ला नगर मिलकिया में भूमि विवाद ने खूनी रूप ले लिया। बुधवार को आराम सिंह यादव और सुनील यादव पक्षों में बुधवार दोपहर हिंसक झड़प हो गई। लाठी-डंडों, ईंट-पत्थरों, कुल्हाड़ी और फावड़े तक चले। घटना में दोनों पक्षों के कुल छह लोग घायल हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार आराम सिंह, मुनेश कुमार, आशीष कुमार को शाहजहांपुर जिला अस्पताल तथा सुशील उर्फ पिंकू, सुनील, अनिल यादव को बदायूं अस्पताल रेफर किया गया है। जबकि शुक्रवार व शनिवार को पुलिस व राजस्व टीम ने विवादित भूमि की नाप कराई थी।

### मैजिक चालक को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव नगला निवासी नरवीर ने सीओ पुवायां को दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि बुधवार सुबह नौ बजे वह अपनी टाटा मैजिक खुटार से पुवायां लेकर आ रहे थे। पुवायां में राजीव चौक के पास बड़ा गांव के दो लोगों ने मैजिक रोक ली। उससे बोले कि पुलिस को देने के लिए सौ रुपये दो। उसने कह दिया कि अगले चक्कर में दे देंगे। आरोप है कि दोनों ने उसे पीटकर घायल कर दिया और जेब से तीन सौ रुपये निकाल लिए। आरोपियों ने कहा कि पुलिस हमारा कुछ नहीं करेगी। चालक ने मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई की जाए।

# पानी में सेल्फी लेने का प्रयास न करें, बरतें सावधानी

- एक नाव से दूसरे नाव में कूदकर जाने का प्रयास न करे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** जनपद में तालाबो, नदी, पोखरों में डूबने संबधित आ रहे मामले को लेकर जिला प्रशासन द्वारा आमजन के लिए एडवाइजरी जारी की गई है।

एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने अपील करते हुए कहा है कि तालाब, पोखर, नदी में डूबने के कारण हुई जनहानि के प्रकरण संज्ञान में आ रहे हैं। ऐसी स्थिति में अभिभावक बच्चों को तालाब,पोखर, नदी में स्नान करने से रोकें। यदि बच्चें जल के समीप हैं, तो अभिभावक देखरेख में रखें। कहा कि जर्जर- टूटी-फूटी नाव पर सवारी न करें। यह भी देखें की संचालन के दौरान नाव साफ और सूखी हो। छोटे बच्चों को अकेले नाव पर यात्रा न करने दें, नाव में यात्रा करते समय यह भी देख लें कि नाव की भार क्षमता कितनी है। साथ ही कहा कि कोई भी व्यक्ति मादक पदार्थो का सेवन कर नदी,तालाब, पोखर में प्रवेश न करें। अधिक गहरे जल में प्रवेश न करें। एक नाव से दूसरे नाव में कूदकर जाने एवं पानी में सेल्फी लेने का प्रयास न करें।

यदि कोई व्यक्ति पानी में डूब रहा हो तो सबसे पहले आसपास के मौजूद लोग उसकी मदद करें, और एंबुलेंस बुलाएं। व्यक्ति के श्वांस नही लेने पर नब्ज चेक करें और उसे सीपीआर दें। नजदीकी अस्पताल लेकर जाएं।



### सुरक्षात्मक चिन्ह के आगे जाने का प्रयास न करें

जल में बने सुरक्षात्मक चिन्ह के आगे जाने का प्रयास न करें। घाट पर उपस्थित सुरक्षा दल के निर्देशों को सुने व उसका पालन करें। पानी में किसी भी प्रकार का खेल न खेले। तैरना न आने पर नदी या अन्य जल स्त्रोत से दूर रहें।

### डूबे तो घबराएं नहीं

पानी में डूब रहा व्यक्ति घबराएं नहीं, शांत रहें। अपने सिर को ऊपर की ओर रखे, बैग व जूते जैसी वजनदार चीजों को हटा दें। पानी को पीछे की ओर धकेलते रहे, ताकि आप स्थिर रह सके। हाथों की सहायता से पानी को ऊपर की ओर उछालते रहे, जिससे लोग देखकर आपकी मदद कर सके।

## पॉक्सो में भजन सिंह को 10 साल की सजा

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत शाहजहांपुर पुलिस को एक सफलता हाथ लगी है।

थाना पुवायां क्षेत्र में दर्ज पॉक्सो मामले में आरोपी भजन सिंह पुत्र राम निवास निवासी मोहल्ला आनंद वाटिका कस्बा व थाना पुवायां को न्यायालय द्वारा 10 वर्ष के कठोर कारावास एवं 30 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया गया है। थाना पुवायां पुलिस, अभियोजन विभाग और मॉनिटरिंग सेल की संयुक्त मेहनत से यह परिणाम आया। मामला वर्ष 2021 का है, जिसमें आरोपी भजन सिंह पर वादी की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगाने और दुष्कर्म का आरोप था। पुलिस द्वारा साक्ष्य संकलन और अभियोजन विभाग की प्रभावशाली पैरवी के फलस्वरूप माननीय न्यायालय एएसजे-08 ने आरोपी को दोषी मान सजा सुनाई।

# पेड़ पर गमछे से लटका मिला युवक का शव

- रिश्तेदारी में बताकर निकला था, परिवार वालों का कोई आरोप नहीं

संवाददाता, सिंधौली/शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** गांव शिवनगर के बाहर एक युवक का शव पेड़ पर गमछे से लटका हुआ मिला है। पुलिस ने शव उतार कर पोस्टमार्टम को भिजवाया। युवक घर से रिश्तेदारी में जाने का बताकर निकला था। परिवार वालों का कोई आरोप नहीं है।

सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव शिवनगर निवासी राम गोपाल(28) मंगलवार की शाम घर से निकला था। वह परिवार वालों को बताकर निकला था आलमपुर गांव में रिश्तेदारी में जा रहे है। बुधवार की सुबह नौ बजे ग्रामीणों ने उसका शव गांव के बाहर पेड़ से गमछे से लटका हुआ देखा। सूचना पर परिवार वाले बाग में पहुंच ओर पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी रवीन्द्र सिंह सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे ओर परिवार वालों से जानकारी की। परिवार वालों का कोई आरोप नहीं है। पुलिस ने शव को नीचे उतारा। उसकी शादी नहीं हुई थी और पांच भाइयों में तीसरे नंबर का था। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**सिंधौली/शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मुड़िया मोड़ पर अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की बरेली ले जाते समय मौत हो गई। कस्बा सिंधौली निवासी मुकेश(38) मंगलवार की रात नौ बजे अपने भाई फूलवीर के साथ रिश्तेदारी से बाइक से घर लौट रहा था। पुवायां रोड पर मुड़िया मोड़ पर अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे मुकेश गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक वाहन लेकर भाग गया। उसके भाई के मामूली चोट आई। परिवार गंभीर रूप से घायल मुकेश को एक निजी अस्पताल में ले गए। डाक्टर ने उसे रेफर कर दिया। परिवार वाले देर रात उसे बरेली के एक अस्पताल में ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार वाले शव लेकर यहां आए। परिवार वालों ने थाना पर सूचना दी। मृतक की पत्नी राधा और पुत्री का रो-रोकर बुरा हाल है।

ग्लेन कैंसर सेन्टर एण्ड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डा. रितु भुटानी
कैंसर रोग विशेषज्ञ
Ex. TATA MEMORIAL HOSPITAL, MUMBAI
Ex. RAJEEV GANDHI CANCER INSTITUTE, DELHI
कैंसर लाइलाज नहीं है
A PLACE OF HELP, HOPE AND UNDERSTANDING
24 घण्टे आई.सी.यू./ इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
02, शक्ति नगर, निकट रुहेलखण्ड यूनिवर्सिटी पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
Contact Us:- 9311198889 9045599027
Email: bhutaniritu@gmail.com
Website: www.gleancancercentre.com

# वित्तमंत्री की भाभी की शवयात्रा में उमड़े लोग

## सहकारिता विभाग, वन राज्यमंत्री, सांसद, एमएलसी व विधायक पहुंचे गर्रा घाट स्थित अंत्येष्टि स्थल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के भाई समाजसेवी कमलेश खन्ना की पत्नी सरला खन्ना (80) की अंतिम यात्रा में बुधवार को जनसैलाब उमड़ पड़ा। बुधवार को मोहल्ला दीवान जोगराज स्थित आवास से जब उनकी अंतिम यात्रा निकली, तो मानो शहर थम सा गया।

मंगलवार को उनके निधन की खबर फैली, तो दोपहर से ही शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया था। बुधवार सुबह जैसे ही शवयात्रा ने मोक्षधाम गर्रा घाट के लिए प्रस्थान किया, शवयात्रा में लोगों की भीड़ का हुजूम जुट गया। वीवीआईपी से लेकर आमजन तक श्रद्धांजलि के लिए नजर आया। गर्रा घाट स्थित श्मशान स्थल पर भीड़ का आलम यह था कि लोग इधर-उधर जगह तलाशते नजर आए। छतों से पुष्पवर्षा हो रही थी। कई शहरों से भी लोग शाहजहांपुर पहुंचे थे। उधर लखनऊ से भी मंत्रियों में राज्यमंत्री वन पर्यावरण केपी मलिक, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार वन पर्यावरण डॉ. अरुण कुमार, राज्यमंत्री परिवहन विभाग दयाशंकर सिंह, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भी वित्त मंत्री के आवास पर पहुंचे और उन्होंने दिवंगत सरला देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर परिजनों से मुलाकात की। शवयात्रा में सांसद अरुण सागर, जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, एमएलसी डा.सुधीर गुप्ता, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व सांसद कृष्णाराज समेत पक्ष विपक्ष के अन्य नेता, जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के आवास पर पहुंचे मंत्री व अन्य जनप्रतिनिधि।



अर्थी को कंधा देते वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना व सांसद अरुण कुमार सागर।

- बीमारी के चलते मंगलवार को हो गया था 80 वर्षीय सरला खन्ना का निधन

### सरदार पटेल इंटर कॉलेज में शोकसभा आयोजित

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना के बड़े भाई कमलेश खन्ना की पत्नी सरला खन्ना के निधन पर सरदार पटेल हिंदू इंटर कॉलेज में शोकसभा हुई। जिसमें शोक संवेदना प्रकट की गई तथा दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिजनों को दु:ख सहने की शक्ति प्राप्त होने की कामना की गई। अंत में दो मिनट मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। शोकसभा में प्रधानाचार्य संजय कुमार कपूर, प्रवक्ता राम सिंह, कमलेश कुमार, एके श्रीवास्तव, ज्वाला प्रसाद, बुधपाल सिंह, सुशील कुमार, अनिल कुमार, संजय कुमार अग्निहोत्री, विजय कुमार, संजीव अग्निहोत्री, विशाल चंद्र प्रेम सिंह, सुरेश कुमार, श्रवण कुमार विनोद कुमार, रवि गंगवार, अरविंद सिंह यादव, मोहम्मद आदिल आदि मौजूद रहे।

# बाघ ने दो बकरी खाईं चहलकदमी से दहशत

संवाददाता, खुटार

- एक बकरा गायब, एक सप्ताह में 11 बकरियों का कर चुका शिकार
- सूचना पर भी नहीं पहुंचा कोई, ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति रोष

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव चतुरपुर में बाघ कई दिनों से चहलकदमी करता नजर आ रहा है। वन विभाग को कई बार सूचना दी उसके बावजूद कोई मौके पर नहीं पहुंच रहा है। जिससे ग्रामीणों में रोष है।

चतुरपुर गांव निवासी संतराम ने बताया कि मंगलवार रात परिवार के साथ सो रहा था। उसकी बकरियां दरवाजे पर पड़ी टीन शेड में बंधी थी। किसी समय बाघ उसकी दो बकरियां खींचकर गांव के दक्षिण दिशा में गन्ने के खेत के किनारे ले जाकर खा गया। सुबह तीन बकरियां गायब मिलने पर उसने ग्रामीणों के साथ लाठी डंडा लेकर तलाश किया तो दो बकरियों के अधखाये शव अलग-अलग जगहों पर पड़े थे और बाघ के पग चिन्ह दूर से ही दिख रहे थे। उधर सतीश कुमार ने बताया कि उसकी दो बकरी चार दिन पहले, सुदामा पत्नी श्रीकृष्णा की 5 दिन पहले चार बकरी व गांव के अन्य दो लोगों की भी दो-दो बकरियां बाघ निवाला बना चुका है। बुधवार को सुबह से ही ग्रामीण लाठी डंडा लेकर हो हल्ला मचाते हुए गांव के बाहर गन्ने के खेतों में बाघ को खदेड़ने के लिए प्रयास करते रहे लेकिन बाघ गन्ने के खेतों में चहल कदमी करता रहा। ग्रामीणों का कहना है। कि बाघ ने दिन में भी गांव की तरफ आने का प्रयास किया। जिस पर उन्होंने वन विभाग को कई बार फोन पर सूचना दी। लेकिन किसी ने भी मौके पर आने की जरूरत नहीं समझी। जबकि डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंचकर बाघ द्वारा बनाए गए बकरियों के शवों को देख जांच पड़ताल कर वापस चली गई।

डीएफओ विनोद कुमार ने बताया कि टीम को मौके पर भेजा गया है। जो कांबिंग कर रही है। जल्द ही बाघ को जंगल की तरफ खदेड़ा जाएगा।

# सावन में दिखी गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल

संवाददाता, कांट

**अमृत विचार:** सावन मास में कांट क्षेत्र में गंगा-जमुनी तहजीब का अनुपम उदाहरण देखने को मिला, जब अनमोल रेस्टोरेंट एवं मैरिज लॉन पर शिवभक्तों के लिए पांच दिवसीय भंडारे का आरंभ हुआ। फर्रुखाबाद-शाहजहांपुर कांवड़ मार्ग पर स्थित इस स्थल पर भंडारे की शुरुआत भगवान भोलेनाथ को भोग लगाकर की गई।

आयोजक अनमोल रेस्टोरेंट के स्वामी रिजवान खान ने बताया कि वे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पांच दिवसीय भंडारे का आयोजन कर रहे हैं। उन्होंने कहा यह देश सबका है, हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं। इस अवसर पर फर्रुखाबाद से छोटी काशी गोला की ओर जा रहे कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की गई और उन्हें फल, पूड़ी-सब्जी आदि का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में हिन्दू-मुस्लिम समुदाय के साथ-साथ विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

इनमें ऐप्जा के जिलाध्यक्ष अरविन्द त्रिपाठी, भाजपा नेता योगेश शर्मा, विमल बाजपेई, सपा नेता कमल मिश्रा उर्फ मंगू, जलालुद्दीन सिद्दीकी, मधुरेश पाठक, श्यामवीर सिंह, मोनू मिश्र, प्रधान संजीव गुप्ता, किसान कल्याण महासंघ किसान यूनियन के केंद्रीय कार्यालय प्रभारी आलोक दीक्षित, इरफान खान आदि शामिल रहे।



भंडारे का फीता काटकर आरंभ करते अतिथि।

- कांट के अनमोल रेस्टोरेंट में स्वामी रिजवान खान ने किया भव्य भंडारा

# परामर्श केंद्र पर दो दंपती का समझौता

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** महिला परामर्श केंद्र पर 15 पत्रावली की सुनवाई की गई, जिसमें 02 दंपती का समझौता हुआ। तिलहर थाना क्षेत्र के दंपती का जिनकी शादी को तीन साल हो गए है।

पति शराब पीकर पत्नी को मारता पीटता था। पत्नी दो माह से मायके में रह रही थी। दोनों पक्षों को परामर्श केंद्र पर बुलाया गया। दोनों पक्ष साथ में रहने को तैयार हो गए। निगोही थाना क्षेत्र के एक दंपती जिनकी शादी को तीन साल हो गए है। पति शराब पीकर पत्नी के साथ गाली-गलौज करता था। पत्नी एक माह से मायके में रह रही थी। दोनों को परामर्श केंद्र पर बुलाया गया। दोनों की बात करायी गयी और दोनों एक साथ रहने को तैयार हो गए। परामर्श केंद्र से विदा किया गया। टीम में प्रभारी मधु यादव, सिपाही मोनिका रानी, पिंकी, करुणा, मोनिका कुमार मौजूद रही।

# पूर्व विधायक के आवास पर रोजाना शाम टहलता था तेंदुआ, पकड़ा गया

संवाददाता, धौरहरा

- एक माह से गांव में ही था, कई कुत्तों का तेंदुआ कर चुका है शिकार
- बेल्तुआ में 25 दिनों से रेस्क्यू में लगी वन विभाग की टीम को मिली सफलता

**अमृत विचार:** बेल्तुआ गांव में तेंदुआ खुद को किसी वीआईपी से कम नहीं समझ रहा था। पूर्व विधायक के आवास के पास वह रोजाना शाम को चहलकदमी कर रहा था। जैसे मानों उसकी अपनी जागीर हो। आखिरकार शुक्रवार की सुबह उसका सफर पिंजड़े में कैद होकर थम गया। वन विभाग ने उसे जंगल में छोड़ दिया है।

दुधवा टाइगर रिजर्व के बफर जोन वन रेंज धौरहरा के बेल्तुआ गांव में भाजपा के पूर्व विधायक बाला प्रसाद अवस्थी के आवास पर तेंदुआ चहलकदमी करता हुआ तीन दिन पहले कैमरे में कैद हुआ था। बताते हैं कि आए दिन वह सड़क पर भी चहलकदमी कर रहा था। इधर कुछ दिनों से पूर्व विधायक के आवास पर आ रहा है। वन विभाग इस तेंदुए को पकड़ने के लिए लगातार 20 दिन से पिंजरा और नाइट विजन कैमरे लगाकर रेस्क्यू अभियान चला रहा था। हालांकि इस तेंदुए ने कोई जनहानि नहीं की थी। बस यह लगातार कुत्तों और छुट्टा पशुओं का शिकार कर रहा था।

> रेस्क्यू टीम में तेंदुए को पिंजड़े में कैद कर रेंज ऑफिस लाई है। तेंदुआ मादा है और उसकी उम्र करीब 3 वर्ष है। यह रेस्क्यू अभियान करीब 25 दिन से चल रहा था। डॉक्टरों की टीम ने परीक्षण किया, इसके बाद उसे जंगल में छोड़ दिया गया।
> **-सौरीश सहाय,** डीएफओ



वन विभाग के पिंजड़े में कैद तेंदुआ।

# मोबाइल छीनकर भाग रहे दो चोर पकड़े

**पुवायां, अमृत विचार:** खेत की रखवाली कर रहे ग्रामीण से मोबाइल छीन कर भाग रहे दो चोरों को ग्रामीणों ने दौड़कर पकड़ लिया, जबकि दो अन्य भागने में कामयाब हो गए।

क्षेत्र के गांव नवाबपुर गंगा में गांव की दूसरी ओर नहर के किनारे गांव का ही अजय यादव खेत की चौकीदारी कर रहा था। बुधवार शाम लगभग 6 बजे दो बाइकों से आए चार लोगों ने अचानक उस पर हमला करते हुए उसका मोबाइल और एक चेन छीन ली और भाग खड़े हुए। ग्रामीण ने शोर मचाया तो शोर सुनकर नहर की दूसरी ओर मौजूद ग्रामीणों ने चोरों के पीछे बाइक दौड़ा दी और दो चोरों को मय बाइक के दौड़ाकर पकड़ लिया, जबकि दो अन्य युवक भागने में कामयाब हो गए। ग्रामीणों ने चोरों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

कोतवाली प्रभारी रवि करन सिंह ने बताया कि दो चोरों को पकड़ा है, जिनके खिलाफ तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# डीजल चोरों की कार रेलिंग से टकराई, लोगों ने की धुनाई

संवाददाता, बरखेड़ा (पीलीभीत)

- बरखेड़ा क्षेत्र का मामला, देर रात तक चला हंगामा, डीजल भरी केन, पाइप आदि बरामद

**अमृत विचार:** बरखेड़ा क्षेत्र में कार में सवार होकर वाहनों से डीजल चोरी करने वाले चोर घूमते रहे और पुलिस को भनक तक नहीं लगी। कुछ ग्रामीणों ने संदेह होने पर घेरा और भागते वक्त कार सवार चोर नाले की रेलिंग से टकरा गए। इसके बाद कार सवार दो युवकों को भीड़ ने पकड़कर पिटाई लगाकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। बाद में पुलिस ने एक अन्य साथी को भी धर दबोचा। इस घटना के वीडियो भी देर रात से ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। घटना से पुलिस के अलर्ट के दावों पर सवालिया निशान लगा। वहीं, दूसरे दिन पकड़े गए तीन आरोपियों की गिरफ्तारी और बरामदगी का हवाला देते हुए बरखेड़ा पुलिस ने ग्रामीणों की कामयाबी को अपना गुडवर्क बना दिया।

घटना मंगलवार रात करीब 11 बजे के आसपास की है। पिछले कई दिनों से ड्रोन उड़ने और चोरों की दस्तक को लेकर ग्रामीण खुद जागकर निगरानी में जुटे हुए थे। इस दौरान एक कार में सवार लोगों को संदेह होने पर ग्राम नकटा मुरादाबाद गांव के पास ग्रामीणों ने घेर लिया। कार सवार लगातार पीलीभीत-बीसलपुर मार्ग पर चक्कर लगा रहे थे, जिससे ग्रामीणों को उन पर शक हो गया था। इसी बीच खुद को घिरता देख कार सवार युवकों ने वाहन को तेजी से दौड़ाया और फिर कार अनियंत्रित होकर नाले की रेलिंग से टकराकर सड़क किनारे पलट गई। बताते हैं कि इस दौरान युवकों को भीड़ ने मौके पर ही पकड़ लिया, जबकि उनके अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। एक आरोपी को चोटें भी आईं। आरोपियों की कार से प्लास्टिक की केन, पाइप आदि भी बरामद हुआ था। इसे भी पुलिस के सुपुर्द कर दिया था। पुलिस ने बाद में एक अन्य साथी को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की ओर से किए गए खुलासे के अनुसार, एक मुकदमे की विवेचना के दौरान प्रकाश में आए तीन आरोपियों बरखेड़ा कस्बा निवासी भारत उर्फ निहाल, जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नांद पसियापुर निवासी नीलेश और बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रढ़ैता निवासी मुनेश कुमार की गिरफ्तारी 30 जुलाई की सुबह 5.10 बजे की गई। उनके पास से 80 लीटर डीजल से भरी दो प्लास्टिक की केन, दो खाली केन, एक सफेद रंग का पाइप, दो हजार रुपये और घटना में प्रयुक्त कार की बरामदगी दर्शाकर पीठ थपथपाई है।



बरखेड़ा पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए आरोपी। • अमृत विचार

### धरपकड़ सुबह पांच बजे इलाज पांच घंटे पहले

बरखेड़ा पुलिस की ओर से जारी किए गए प्रेसनोट में तीनों अभियुक्तों की गिरफ्तारी 30 जुलाई की सुबह 5.10 बजे ग्राम मचवाखेड़ा के पास से दिखाई गई है। इसमें एक आरोपी नीलेश को चोटे हैं। सवाल ये है कि जब उसकी धरपकड़ सुबह हुई तो उसका सीएचसी बरखेड़ा में बुधवार तड़के ही पांच घंटे पहले इलाज कौन कराने गया। बरखेड़ा सीएचसी के अभिलेखों में उसका इलाज 29-30 जुलाई की मध्य रात्रि 12.10 बजे दर्ज है। इसे लेकर भी चर्चाएं तेज रहीं।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

FOCUS नेत्रालय
RAJENDRA NAGAR, BAREILLY 731-098-7005
"ARTIFICIAL INTELLIGENCE" ASSISTED EYE SURGERIES
CASHLESS
DR. KANUPRIYA AGARWAL
Fellow- Shroff Eye Hospital, New Delhi
Ex. Safdarjung Hospital, New Delhi
ALL MAJOR INSURANCE ACCEPTED
AYUSHMAN / ECHS / CGHS / TPA EMPANELLED

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जाँच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
TPA सुविधा उपलब्ध
8077344353
समय :- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

# रेंजर को बनाया बंधक

संवाददाता, सिंगाही

**अमृत विचार:** दुधवा टाइगर रिजर्व के जंगलों से अवैध तरीके से धंधे से जुड़े लोग धरती का फूल खोदकर उसे पांच सौ रुपये से लेकर आठ सौ रुपये प्रति किलो की दर से बिक्री कर रहे हैं।

बफरजोन की बेलरायां वन क्षेत्रीय वनाधिकारी भूपेंद्र सिंह मुखबिर की सूचना पर वन कर्मियों व एसटीपीएफ की संयुक्त टीम के साथ सिंगाही थाना क्षेत्र के गांव पचपेड़ा रिछैया पहुंचे। टीम ने पसियाना पुरवा मोहल्ले के एक घर को चारों तरफ से घेर लिया और घर की जामा तलाशी लेने लगे, जिसका घर के लोगों ने विरोध किया तो वन कर्मियों व ग्रामीणों के बीच हाथापाई होने लगी। टीम को घिरा देख रेंजर ने प्रधान को सूचना दी।

प्रधान अहमद नूर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाया। तब ग्रामीण शांत हुए। ग्रामीणों का आरोप है कि टीम उन्हें नहीं पकड़ती जो लोग जंगल वाला काम करते हैं, क्योंकि उनसे मिलीभगत है। निर्दोषों को परेशान करती है। रेंजर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि धरती का फूल बिकने की सूचना पर छापा मारा गया था, लेकिन ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा होने से ऑपरेशन सफल नहीं हो सका। हाथापाई जैसी कोई बात नहीं हुई थी। 12 से अधिक लोगों के खिलाफ वन्य जीव जंतु अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।

# चौपाइयां सुन श्रद्धालु भावविभोर

**कुर्रिया कला, अमृत विचार:** ब्लॉक कांट के ग्राम मल्हपुर में श्रावण मास में 20वें दिन भी श्रीरामचरितमानस पाठ जारी रहा। गांव में तीन स्थानों पर पाठ आयोजित हो रहा है।

बुधवार को श्रद्धालु चौपाइयों की महिमा सुनकर भावविभोर हो उठे। संतकुमार शुक्ला, मनोज मिश्रा, शोभित मिश्र, अनुराग मिश्रा, ललित मिश्रा सहित अनेक श्रद्धालु आयोजन में सहयोग कर रहे हैं। ग्रामवासियों ने बताया कि सावन माह में होने वाला यह आयोजन गांव की परंपरा का हिस्सा है।

# राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान का लाभ उठाएं

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** जिला जज एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु कुमार शर्मा के निर्देशानुसार राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र निगोही में किया गया।

बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव एवं अपर जिला जज ओम प्रकाश मिश्र-तृतीय के निर्देशन में अनिल कुमार वर्मा ने की।. उन्होंने कहा कि अभियान के तहत वैवाहिक विवाद, दुर्घटना दावे, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, उपभोक्ता विवाद आदि मामले सुलझाएं जाते हैं। टोल फ्री नंबर 18001805235 के बारे में बताया। खंड शिक्षा अधिकारी निगोही ने आमजन से अपील की कि वह अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। संचालन कंपोजिट विद्यालय प्रधानाचार्य अलका ने किया। कार्यक्रम में अध्यापक, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, अभिभावक आदि मौजूद रहे

# टाइगर ग्रास नहीं टाइगर केन बनी तेंदुओं की पहली पसंद

टीएन अवस्थी/ राकेश श्रीवास्तव, लखीमपुर/धौरहरा

- गन्ना व केले की फसल को जंगल समझकर जमा रहे डेरा
- बहराइच के जंगलों से आते हैं धौरहरा वन रेंज में तेंदुए

**अमृत विचार:** जिले का धौरहरा वन रेंज अब तेंदुओं की नई आरामगाह बन गया है। बहराइच के जंगलों से आकर ये शिकारी तेंदुए अब गन्ने के खेतों में इस तरह बस रहे हैं मानो यह उनका असली जंगल हो। केले की फसल उन्हें घना वन लगती है, और गन्ना तो जैसे उनके लिए टाइगर ग्रास बन गया हो। यहां की नदियां, खेतों में पल रहे सियार, कुत्ते, बंदर और छुट्टा पशु और इंसान तेंदुओं का आहार बन रहे हैं।

धौरहरा वन रेंज की भौगोलिक स्थिति की बात करें तो यह क्षेत्र शारदा और घाघरा नदी से घिरा हुआ है। इस नदी के छोटे बड़े करीब 40 नाले भी हैं। इसके अलावा इस क्षेत्र में ज्यादातर गन्ना और दूसरे नंबर पर केले की फसल होती है। तेंदुए गन्ना को टाइगर ग्रास और केले को जंगल समझ डेरा जमा रहे हैं। वही खेतों में घूमते सियार और गोवंशीय पशु के अलावा कुत्ते और बंदर इन तेंदुओं का भोजन बनते हैं। नदियों की वजह से उनके पीने के लिए पर्याप्त पानी भी उन्हें जंगल का अहसास कराता है। इसी बीच तेंदुए जब आबादी में आते है या किसान खेतों में काम कर रहे होते हैं तो तेंदुए इंसानों पर भी हमलावर हो रहे हैं।

वन अधिकारियों के मुताबिक, तेंदुए बहराइच के जंगलों से नदी पार कर इस इलाके में प्रवेश करते हैं और फिर वातावरण देख वापस नहीं लौटते। अब तक कई तेंदुए पकड़े भी जा चुके हैं। हाल में ही पकड़े जाने के बाद दो तेंदुओं की मौत हो चुकी है। करीब आठ ग्रामीण घायल हो चुके हैं।

> अब तक कई तेंदुए पकड़े जा चुके हैं। अब भी घूम रहे तेंदुओं को पकड़ने के लिए ऑपरेशन जारी है, लेकिन जंगल और खेती के बीच की सीमा जुड़ी है। तेंदुए जंगल से ज्यादा अब गन्ने में रहना पसंद कर रहे हैं। यही असली चुनौती है।
> **-नृपेंद्र चतुर्वेदी,** रेंजर, धौरहरा वन रेंज

**न्यूज ब्रीफ**

### निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण तैयारी की बैठक आज

**बदायूं, अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण कार्य शुरू होने की तैयारी तेजी से चल रही है। इसकी बैठक गुरुवार को होगी। बैठक जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में 29 जुलाई को होनी थी, लेकिन किन्हीं कारणों से स्थगित कर दी गई। अब यह बैठक 31 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभागार में होगी। जिसमें सभी अधिकारियों को उपस्थित रहने के आदेश दिए गए है।

### शहीद हरिओम के बलिदान को किया याद

**दबतोरी, अमृत विचार :** सैदपुर रोड स्थित गांव सरोरी में कोल्ड स्टोर पर बुधवार को कारगिल शहीद हरिओम के पुत्र शिवम सिंह का जन्मदिन मनाया गया। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि शहीद हरिओम के साहस और शौर्य को पूरा देश नमन करता है। इस तरह देश भक्त लोग हमारे देश की धरती पर हमारे लिए सम्मान के पात्र हैं। इस मौके पर सुनील सिंह एडवोकेट, संजीव मिश्रा, दुर्गेश वाष्णेय लेखराज सिंह, विक्रांत सिंह, मुकेश सिंह, ओमपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# किसी से रंजिश नहीं थी तो क्यों मार दिया

## भाजपा मंडल उपाध्यक्ष की हत्या के बाद पत्नी ने बयां किया दर्द

संवाददाता, विजय नगला/बिनावर

**अमृत विचार:** भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र गुप्ता की हत्या के मामले में पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस और सर्विलांस टीम ने जांच शुरू कर दी है। पति की हत्या के बाद पत्नी रो रोकर बता रही थी कि उनकी किसी से रंजिश नहीं थी तो क्यों मार दिया। परिजनों ने बताया कि सुरेश चंद्र गुप्ता बहुत व्यवहार कुशल थे। वह पार्टी के सभी कार्यक्रमों में सक्रिय रहते थे। बूथ पर जाकर लोगों से मिलते थे। उनके सुख दुख में शरीक होते थे। उनकी किसी से भी रंजिश नहीं थी।

गांव विजय नगला निवासी सुरेश चंद्र गुप्ता लकड़ी की टाल चलाते थे। बरेली-मथुरा राजमार्ग पर उनका मकान है और वहीं पास में वह टाल चलाते थे। इसके अलावा वह भाजपा के अलावा भारतीय किसान यूनियन में सक्रिय थे। उनके पास भाकियू में जिला महासचिव का पद था, लेकिन कुछ ही दिन पहले उन्होंने भाकियू का दूसरा गुट ज्वाइन किया था। उनके दो बेटे राहुल और निर्दोष हैं। दोनों भाई घरों के लिए लकड़ी की चीजें बनाते हैं। राहुल रात को पानी की टंकी पर जाकर चौकीदारी करते हैं। मंगलवार को अचानक राहुल की पत्नी की तबीयत खराब हो गई तो वह दिल्ली चले गए, लेकिन अपने काम को लेकर जिम्मेदार सुरेश चंद्र गुप्ता बेटे की जिम्मेदारी निभाने के लिए चले गए और उनकी हत्या हो गई। पास में ही उनकी टॉर्च, डंडा, पानी का कमंडल पड़ा था। सूचना मिलने पर कुछ ही देर के बाद सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता पहुंचे। शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी। परिजनों ने बताया कि सुरेश चंद्र गुप्ता बहुत मिलनसार व्यक्ति थे। किसी से खास रंजिश नहीं थी।



टंकी के पास शव मिलने की सूचना पर पहुंचे ग्रामीण और पुलिस। ● अमृत विचार



परिजनों से बात करते एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह व अन्य पुलिस अधिकारी।



हत्या के बाद विलाप करता परिजन।



सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय से बात करते सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता।

# एक साथ चारों खंडों में चलेगा राजस्व वसूली को अभियान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **पावर कॉरपोरेशन ने दिए निर्देश बकाएदारों पर करें कार्रवाई**
- **कोई चोरी से बिजली जलाता मिला तो दर्ज होगी एफआईआर**

**अमृत विचार :** विद्युत विभाग ने राजस्व वसूली में तेजी लाने का निर्णय लिया है। साथ ही बड़े बकाएदारों से प्राथमिकता के आधार पर वसूली करने की बात कही है। बकाया जमा न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। राजस्व वसूली अभियान एक साथ चारों खंडों में अगस्त माह में चलाया जाएगा।

पावर कारपोरेशन लखनऊ से विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि राजस्व वसूली में तेजी लाई जाए। बड़े बकाएदारों से बकाया वसूली सख्ती से की जाए। यदि वह लोग बकाया जमा नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाए। राजस्व वसूली को विधिवत टीमें बना कर अभियान चलाएं। चारों खंडों में वसूली की जाए। उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करें जिससे वह लोग जिला मुख्यालय तक न पहुंच सकें।

अधीक्षण अभियंता अखिलेश कुमार ने बताया कि राजस्व वसूली की जा रही है, लेकिन अब चारों खंडों में एक साथ काम किया जाएगा। 1 अगस्त से शुरू होने वाले राजस्व वसूली अभियान में चार लोग शामिल होंगे। इनमें एक एसडीओ, एक अबर अभियंता, एक लाइनमैन और एक अन्य कर्मचारी मौजूद रहेगा। यदि कोई चोरी से बिजली जलाता है तो उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान के बारे में लोगों को अवगत करा दिया गया है। निर्देश दिए गए है कि गांव-गांव बिजली विभाग के शिविर लगा कर बिल भुगतान कराया जाएगा और उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा।

# मलगांव रेलवे क्रॉसिंग पर फंसा ट्रक, घंटों लगा जाम

संवाददाता, विजय नगला

- **ट्रक छोड़कर भाग गया चालक रेलवे ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा**
- **पुलिस ने क्रेन मंगाकर रेलवे ट्रैक से हटाया ट्रक, तब खुला जाम**

**अमृत विचार:** मलगांव रेलवे क्रॉसिंग पर सीमेंट लदा ट्रक फंस गया। ट्रैक पर फंसे ट्रक को निकालने का चालक ने काफी प्रयास किया, लेकिन ट्रक नहीं निकल सका। इसके बाद चालक ट्रक रेलवे ट्रैक पर छोड़कर फरार हो गया। ट्रक फंसने से क्रॉसिंग के दोनों ओर वाहनों की कतार लगने से जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन मंगा कर ट्रक को ट्रैक से हटाया। इसके बाद जाम खुला। ट्रक फंसने से कई ट्रेन लेट हो गईं। रेलवे ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

सीमेंट लेकर बदायूं से बरेली की ओर जा रहा ट्रक मलगांव रेलवे ट्रैक को पार करते समय फंस गया। चालक ने ट्रक को निकालने के लिए भरकस प्रयास किया, लेकिन ट्रक ट्रैक से बाहर नहीं निकल सका। ट्रक के न निकलने पर चालक ट्रक को ट्रैक पर छोड़कर भाग गया। रेलवे ट्रैक पर ट्रक खड़ा हो जाने से क्रासिंग पर जाम की स्थिति बन गई।

रेलवे ट्रैक पर ट्रक फंसने की सूचना गेटमैन ने रेलवे के उच्चाधिकरियों को दी। इस समय ट्रक ट्रैक पर खड़ा था, उसी समय कासगंज से लाल कुआं जाने वाली वीरांगना लक्ष्मीबाई एक्सप्रेस ट्रेन बदायूं स्टेशन पर खड़ी थी। वहीं इसके पीछे आ रही मालगाड़ी उझानी खड़ी थी। इन दोनों ट्रेनों को रोक दिया गया। सूचना मिलते ही रेलवे फोर्स पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्रेन मंगा कर ट्रैक पर फंसे ट्रक को हटाया। इस कार्य में दो घंटे से अधिक का समय लग गया। क्रॉसिंग के दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं। ट्रैक से ट्रक हटने के बाद यातायात संचालित हो सका। रेलवे ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरपीएफ पुलिस इंस्पेक्टर संदीप कुमार ने बताया अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।



रेलवे क्रासिंग पर फंसे ट्रक को क्रेन से निकलवाती पुलिस। ● अमृत विचार

# इस्लामनगर में खाद के गड्ढों पर अवैध कब्जा

संवाददाता, इस्लामनगर

- **शिकायत के बाद लेखपाल ने जांच कर रिपोर्ट में किया खुलासा**

**अमृत विचार :** बिल्सी तहसील क्षेत्र के इस्लामनगर स्थित सहसवान रोड पर खाद के गड्ढों पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता अंकित कुमार ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर अवैध कब्जे की जानकारी दी थी।

शिकायत के आधार पर राजस्व विभाग की ओर से मौके की जांच लेखपाल ने की। जांच में पाया गया कि इस्लामनगर सहसवान रोड स्थित खाद के गड्ढे के आधिकारिक हिस्से पर कई लोगों का कब्जा है। लेखपाल की रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि लोगों ने अवैध रूप से खाद के गड्ढे पर निर्माण कार्य कराया है। निजी मकान, धर्मकांटा व बारात घर एवं टीन शेड आदि डालकर उसे निजी उपयोग में लाया जा रहा है। लेखपाल ने रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया है कि कब्जाधारियों को निर्देशित किया गया है कि वे स्वयं अवैध निर्माण हटाकर भूमि को खाली करें। अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। शिकायतकर्ताओं की मांग है कि गड्ढों को पुनः पूर्व स्थिति में बहाल किया जाए।

सरदार बल्लभ भाई पटेल डिग्री कॉलेज
भोजीपुरा रेलवे स्टेशन से पूर्व की ओर
Contact No. 9412287776, 9412288876, 9412288878, 9457507777
नि:शुल्क प्रवेश सत्र 2025-26 स्नातक प्रथम वर्ष
B.A. B.Sc. B.Com. B.Sc. (Home Science) B.B.A. B.C.A.
अन्य संचालित कोर्स
M.A. M.Sc. M.Sc. (Home Science) M.A. (Home Science) M.A. (Drawing & Painting)
D.PHARMA (BTE CODE 2143) B.Ed. BTC (D.El.Ed.) B.EL.ED
डी.एस.आर. कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी
BTE CODE - 2079
रिछा-जहानाबाद रोड पिपरानानकार बहेड़ी, बरेली
DSR PUBLIC SCHOOL
Approved By - CBSE BOARD (NEW DELHI)
Affiliation No : 2132019 (NC to XIIth)
Contact No. 9719807777, 9719817777, 9719827777, 9719837777, 9719847777
चेयरमैन डा. हरीशंकर गंगवार, Mob No : 9412287777

# बिजली सप्लाई दुरुस्त करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **मुख्य विकास अधिकारी ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण**
- **अस्पताल में मरीजों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता की होगी जांच**

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में बिजली व्यवस्था खराब होने की शिकायतों पर मुख्य विकास अधिकारी ने अस्पताल का निरीक्षण किया। बिजली की लाइनें बदलने और मरीजों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने डाक्टरों और अन्य कर्मियों का हाजिरी रजिस्टर चेक किया। प्रभारी सीएमएस ने बताया कि कुछ समस्याएं हैं उनको सुधारने का प्रयास किया जा रहा है।

जिला अस्पताल में करीब एक माह से बिजली संकट बना हुआ है। बिजली आपूर्ति बाधित रहने की खबरों पर संज्ञान लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार बुधवार को जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बिजली लाइनों को देखा उसके बाद इमरजेंसी कक्ष का निरीक्षण किया। साफ सफाई रखने के निर्देश देते हुए वह ब्लड बैंक में गए। कहा कि ब्लड बैंक में बिजली की किल्लत नहीं होनी चाहिए। पूछा रक्तदान शिविर कब और कैसे लगाए जाते हैं। कितना ब्लड स्टोर में मौजूद है। ब्लड बैंक के स्टाफ की जानकारी ली और रक्तदाताओं को सम्मान देने की बात कही। उन्होंने जिला अस्पताल में डायलिसिस यूनिट का निरीक्षण करते हुए मरीजों की संख्या देखी। यहां पर मौजूद महिला तीमारदार से पूछा आपको कोई तकलीफ तो नहीं है। डायलिसिस हो रहा है या नहीं। महिला ने कहा कि उसका मरीज अब ठीक हो रहा है। निरीक्षण के बाद वी सीएमएस कार्यालय में पहुंचे। प्रभारी सीएमएस डॉ. रियाज अहमद से अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों के बारे में जानकारी और फिर उपस्थिति रजिस्टर देखा। कहा कि बिजली न होने पर जनरेटर चलाएं। मरीजों को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए।



सीएमएस कार्यालय में निरीक्षण करते सीडीओ केशव कुमार। ● अमृत विचार

### भोजन की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें : सीडीओ

मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने कहा कि अस्पताल की ओर से मरीजों को जो खाना दिया जाता है। उसकी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। मरीजों के स्वास्थ्य को देखते हुए भोजन और नाश्ता दिया जाए। उन्होंने रसोई का भी निरीक्षण किया। भोजन तैयार करने वाले कर्मचारियों से बात की और सफाई बनाए रखने को कहा।

# 78 हजार से अधिक बुजुर्गों के बैंक खाते में भेजी पेंशन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **सभी के खातों में भेजे तीन-तीन हजार रुपये, मना सकेंगे रक्षाबंधन**

**अमृत विचार :** रक्षाबंधन से पूर्व बुजुर्ग जनों को प्रदेश सरकार ने पेंशन दे दी है। इससे उन्हें त्योहार पर किसी प्रकार की दिक्कत न उठानी पड़े। जिले में वृद्धावस्था का लाभ ले रहे करीब 78 हजार बुजुर्गों के बैंक खातों में तीन माह की पेंशन की धनराशि शासन स्तर से जारी की गई है। यह धनराशि आधार से लिंक बैंक खातों में पहुंची है।

जिले में करीब 80 हजार वृद्धावस्था पेंशन धारक हैं। इन सभी को एक हजार रुपये प्रति माह पेंशन का लाभ दिया जाता है। प्रदेश सरकार द्वारा तीन माह बाद लाभार्थियों के बैंक खातों में पेंशन की तीन-तीन हजार रुपये भेजे जाते हैं।

पिछले दिनों शासन के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग द्वारा पेंशन धारकों का सत्यापन कराया गया था। इसमें दो हजार मृतक और अपात्र मिले थे।

इन सभी के नाम सूची से हटाए गए थे। सत्यापन का कार्य पूरा होने के बाद शेष बचे 78 हजार पात्र वृद्धावस्था पेंशन धारकों के बैंक खाते में तीन-तीन माह की पेंशन की धनराशि जारी कर दी गई है। विभाग की ओर से धनराशि जारी किए जाने के साथ ही सभी लाभार्थी रक्षाबंधन के मौके पर अपनी पेंशन की धनराशि की निकासी कर सकेंगे।

जिला समाज कल्याण अधिकारी मीनाक्षी वर्मा ने बताया कि वृद्धावस्था के पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में तीन-तीन माह की पेंशन की धनराशि शासन की ओर से जारी की गई है। लाभार्थी अपने आधार से लिंक बैंक खाते में पेंशन की धनराशि को चेक करा सकते हैं।

SSVGI SHRI SIDDHI VINAYAK GROUP OF INSTITUTIONS
16 Years Educational Excellence



ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
• SSVIT | B.Tech (CS • IT • ME • CE • EE • EC) | M.Tech (CS • ME)
• SSVIM | MBA • Int. MBA • BBA • BCA • B.COM • B.COM (H)
B.SC (PCM) • B.SC (ZBC) • B.SC (Home Sci. • Biotech)
• SSVP | Polytechnic (ME(A) • ME(P) • IT • EC • EE • CE)
• SSVSN | GNM • ANM
• SSVIP | D.Pharma • B.Pharma
• SSVIPS | Diploma in Optometry • Emergency & Trauma care
X-Ray Tech. • Dialysis • Physiotherapy • O.T. Tech.
Why Enroll @ SSVGI
• Career-Focused Education • Best Placement in the Region • High-Tech Academic Infrastructure • Highly Experienced Faculty
20 LPA Highest CTC | 4.5 LPA Average CTC | 92% Placement in Past 5 Year
1200+ SSVGIians Placed in Top MNC's | 2000+ Placement Offers | 550+ Recruitment Partners
7599471145, 7599471144 | www.ssvgi.org
Campus: 10th Km Stone, Nainital Rd, Bareilly, U.P.
City Office: Avas Vikas Complex, Sheel Chauraha, Bareilly


**बीमारी** संवेदनशील क्षेत्रों में मलेरिया की रोकथाम के इंतजाम नाकाफी, दोनों ब्लॉकों में नहीं पहुंच रही टीमें, नहीं हो रही सफाई

# समरेर और दातागंज क्षेत्र में मच्छरों से ग्रामीण परेशान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जनपद के समरेर और दातागंज ब्लॉक क्षेत्र में सफाई न होने से मच्छरों ने एक बार फिर हमले शुरू कर दिए हैं। मच्छरों का प्रकोप बढ़ने लगा है। इससे मलेरिया फैलने की आशंका व्यक्त की जा रही है। मलेरिया बीमारी रोकने को किए गए इंतजाम नाकाफी साबित हो रहे हैं। जगह-जगह गंदगी व्याप्त है। गंदा पानी जगह-जगह भरा होने से लोगों को परेशानी हो रही है।

जनपद में मलेरिया संक्रमित मरीज समरेर और दातागंज ब्लॉक में सबसे अधिक हैं। यह दोनों ब्लॉक क्षेत्र पिछड़े होने के साथ ही गंगा के किनारे वाले क्षेत्र हैं। जिले के सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण सफाई अभियान भी दम तोड़ता रहा। गांव-गांव गंदगी के ढेर लगे हैं। गलियों में गंदगी भरी है जिससे मच्छरों का प्रकोप दिनों दिन बढ़ रहा है। समरेर ब्लॉक मुख्यालय के निकट गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। नालियों में कचरा भरा होने से दुर्गंध आ रही है। दुर्गन्ध के साथ ही अब मच्छरों ने हमले शुरू कर दिए हैं। कस्बे के लोगों ने बताया कि दस्तक अभियान के तहत एक दिन मलेरिया विभाग के कर्मचारी यहां पर आए थे। कुछ स्थानों पर पंपलेट चिपका कर चले गए। सफाई कराए जाने के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी गई और न ही कहीं पर मच्छर नाशक दवा का छिड़काव किया गया। समरेर ब्लॉक के करबी दो दर्जन से अधिक गांवों में भारी गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। दवा का छिड़काव नहीं किया गया है। क्षेत्र में वायरल फीवर जोर पकड़ रहा है। संक्रमित लोग खुद ही ब्लड की जांच करा रहे हैं जिसमें कुछ लोगों को मलेरिया की पुष्टि हुई है। मलेरिया की दवा सीएचसी से ले रहे हैं। इसी तरह दातागंज ब्लॉक क्षेत्र के गांव वसेला में गंदगी की भरमार है। करीब दो दर्जन लोग बुखार से पीड़ित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गंदगी के कारण मच्छरों का प्रजनन शुरू हो गया है। मच्छरों के कारण संक्रामक रोग पनपने लगे हैं।



समरेर ब्लॉक परिसर के निकट व्याप्त गंदगी। ● अमृत विचार

### अधिकारी बोले- रखी जा रही विशेष नजर

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. योगेश सारस्वत ने बताया कि दोनों ब्लॉक क्षेत्रों में जून माह से मच्छर नाशक दवा का छिड़काव शुरू कराया जा चुका है। दस्तक अभियान के तहत करीब दो दर्जन स्कूलों में स्कूली बच्चों की रैलियां आयोजित कराई गई हैं। स्कूलों में मलेरिया निरीक्षक साफ सफाई बनाए रखने की हिदायत दे रहे हैं। दोनों ब्लॉक संवेदनशील हैं इसलिए इन ब्लॉक क्षेत्रों पर विशेष नजर रखी जा रही है। दोनों ब्लॉकों में ब्लड सैंपलों की जांच हो रही है। इससे पता चल रहा है कि अभी मलेरिया के मरीज दो चार ही निकल रहे हैं।

### प्रदेश में 10वें व मंडल में चौथे स्थान पर है जिला

मलेरिया केस के मामले में जनपद प्रदेश में दसवें और मंडल में चौथे पायदान पर है। जब कि पिछले साल मंडल में प्रथम स्थान पर था। मलेरिया के मरीजों की संख्या तीन हजार से अधिक थी, जबकि इस साल ब्लॉक समरेर और दातागंज में 187 मरीज हैं, जबकि पूरे जिले में 460 मरीज हैं जो गत वर्ष की अपेक्षा काफी कम हैं। अब लोग खुद भी बुखार और मलेरिया की जांच करा रहे हैं। साफ सफाई के प्रति जागरूक हुए हैं।

### युवक की बेंगलुरु में सड़क हादसे में मौत

**बिल्सी, अमृत विचार :** ।गांव निवासी रामसेवक (22) पुत्र सावंती उर्फ बड़े को गांव का ही एक व्यक्ति कुछ माह पहले मजदूरी करने के लिए बेंगलुरु ले गया था। परिजनों ने बताया कि 28 जुलाई को वहां के ठेकेदार ने फोन कर सूचना दी कि रामसेवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। कर्नाटक पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिवार को सौंप दिया।

AKA Group of Institutions
Bring Out the Best in you
ADMISSION OPEN 2025-26



COURSE OFFERED
BAMS B.Sc. Nur. B.Tech.
B.Pharma GNM M.Tech.
D. Pharma Polytechnic M.B.A.
B.B.A. B.C.A.
CALL US: 8937002800/8937002805
Campus : 13.5 Km. Bareilly-Delhi Highway, Near Rubber Factory, Agras Road, Bareilly U.P. (243501)

## सिटी ब्रीफ

### बाल संसद के पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

उझानी, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव बनगांव स्थित सत्योदय शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में बाल संसद का गठन किया गया। बाल संसद गठन के बाद पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में संत रवि समदर्शी मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि एडवोकेट विष्णु गुप्ता रहे। प्रधानाचार्य श्याम पाल सिंह परमार ने बाल संसद के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक सत्येंद्र सिंह चौहान, आराधना सिंह, प्रदीप सिंह, अवधराम शुक्ला और सत्य प्रकाश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### बंदरों के हमले में सभासद घायल

बिल्सी, अमृत विचार : नगर में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। अब बंदर हमलावर होते जा रहे हैं। इससे लोगों में दहशत का माहौल है। बुधवार को नगर के वार्ड संख्या तीन के सभासद पर बंदरों ने हमला कर दिया। बंदरों के हमले में वह घायल हो गए। सभासद उमेश चंद्र वार्ष्णेय ने बताया कि वह अपने घर की छत पर रखे गमलों में पौधों में पानी डालने के लिए गए थे। इसी दौरान बंदरों का एक झुंड उनकी छत पर आ गया। जिसे भगाने का प्रयास किया। तभी झुंड में से एक बंदर ने उन पर हमला बोल दिया और कमर पर काट कर घायल कर दिया। जिनका उपचार एक निजी चिकित्सक के यहां चल रहा है।

# नियमों के विरुद्ध निकाल ली जीपीएफ धनराशि

## जांच में 16.33 लाख से अधिक धनराशि निकाले जाने का खुलासा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- अधिकारियों को गुमराह कर 29 बार निकाली धनराशि, पासबुक में नहीं की एंट्री
- जांच कमेटी ने निकली गई धनराशि की वसूली करने के लिए की संस्तुति

अमृत विचार : डीडीओ कार्यालय में कार्यरत प्रशासनिक अधिकारी ने नियम विरुद्ध जीपीएफ का लाभ ले लिया। इसका खुलासा महालेखाकार प्रयागराज के द्वारा डीडीओ को भेजे गए पत्र के बाद हुआ। महालेखाकार के आदेश पर सीडीओ ने जांच कराई। प्रशासनिक अधिकारी ने अधिकारियों को गुमराह करते हुए 29 बार धनराशि निकाली। इसकी एंट्री तक नहीं की गई। पता चला कि 10 लाख से अधिक धनराशि निकाली गई। जांच कमेटी ने ढाई प्रतिशत का ब्याज लगाते हुए 16 लाख से अधिक धनराशि वसूली के लिए संस्तुति की है।

बताया जा रहा कि जिला विकास विभाग के एक लिपिक जो वर्तमान में एक ब्लॉक में कार्यरत है उसने डीडीओ कार्यालय में कार्यरत प्रशासनिक अधिकारी के खिलाफ महालेखाकार प्रयागराज को शिकायती पत्र भेजाकर कार्रवाई के लिए मांग की थी। महालेखाकार प्रयागराज ने सीडीओ को जांच कर कार्रवाई के आदेश कर दिए। महालेखाकार का पत्र मिलने के बाद सीडीओ ने उपायुक्त स्वतः रोजगार के नेतृत्व में तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर जांच के आदेश कर दिए। जांच अधिकारियों ने प्रशासनिक अधिकारी के जीपीएफ खाते की जांच की। जांच में चौकाने वाले वाले खुलासे हुए। पता चला कि प्रशासनिक अधिकारी ने 29 बार जीपीएफ खाते से धनराशि निकाली है। इसकी एंट्री भी पासबुक में एंट्री नहीं की। जांच कमेटी ने जीपीएफ पासबुक में एंट्री करने पर पाया गया कि प्रशासनिक अधिकारी ने अधिकारियों को गुमराह करते हुए 10,33823 धनराशि निकाली है। अधिकारियों ने 2.5 प्रतिशत ब्याज की धनराशि 5,99829 जोड़ते हुए 16,33,652 धनराशि की वसूली प्रशासनिक अधिकारी से करने की संस्तुति की है।

> प्रशासनिक अधिकारी के द्वारा गलत तरीके से निकाली गई जीपीएफ धनराशि की जांच कराई जा रही है। अभी जांच रिपोर्ट नहीं मिली है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई होगी।
> – **अखिलेश कुमार चौबे**, जिला विकास अधिकारी

### पटल प्रभारी रहते हुए निकाली धनराशि

जांच में पता चला कि प्रशासनिक अधिकारी जीपीएफ पटल प्रभारी रहे हैं। उनकी व्यक्तिगत पत्रावली भी उन्हीं के पास थी। पटल प्रभारी होने का लाभ उठाते हुए जीपीएफ पास में जमा और निकाली गई धनराशि का अंकन किया जाता रहा। जीपीएफ के साथ साथ एरियर का भुगतान गलत तरीके से किया गया। इस प्रकरण में जांच कमेटी ने अपना पक्ष रखने के लिए प्रशासनिक अधिकारी को नोटिस जारी किया है। जांच रिपोर्ट पर गौर करें तो प्रशासनिक अधिकारी का बिल्कुल निल था। उसमें एंट्री न किए जाने की वजह से अधिक धनराशि दिखाई जा रही थी। अधिकारियों को अधिक धनराशि दिखाते हुए जीपीएफ निकाला जाता रहा।

## राजस्व टीम ने चलाया अभियान दो ट्रैक्टर किए जब्त

बिल्सी, अमृत विचार : तहसील की राजस्व टीम ने बड़े बकायदारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को दो बाकीदारों के ट्रैक्टरों को जब्त किया है।

नायब तहसीलदार मोहित कुमार राठी ने बताया तहसील क्षेत्र के गांव उघैती निवासी धर्मवीर पर 5 लाख 81 हजार रुपये से अधिक की बकाया थी। इसकी अचल संपत्ति के रूप में ट्रैक्टर को जब्त किया गया। इसके अलावा गांव खंडुआ निवासी ओमेंद्र पाल सिंह पर तीन लाख 61 हजार रुपये से अधिक की बकाया होने पर उसकी अचल संपत्ति के रूप में भी ट्रैक्टर को जब्त किया है। टीम ने दोनों ट्रैक्टरों को तहसील पहुंचा दिया है और पूरे मामले में कार्रवाई की जा रही है।

तहसील की राजस्व टीम द्वारा की गई इस कार्रवाई से अन्य बाकीदारों में खासा हड़कंप मच गया। तहसीलदार प्रभा सिंह ने बताया बाकीदारों के खिलाफ निरंतर अभियान चलता रहेगा। टीम में नायब तहसीलदार के अलावा अमीन जाहिद मियां, ऋषिपाल सिंह, अशोक कुमार, शाखा प्रबंधक विजय कुमार, नरेश पाल आदि शामिल रहे।

# मांगें पूरी करने का मिला आश्वासन, धरना खत्म

संवाददाता, बिल्सी


पालिका अध्यक्ष पति को मांग पत्र सौंपते भाकियू पदाधिकारी।

- भूमि पर अवैध कब्जा को लेकर तीन दिनों से नगर पालिका में चल रहा था धरना-प्रदर्शन

अमृत विचार : भूमि पर अवैध कब्जा हटवाने की मांग करते हुए भाकियू हलधर संगठन के पदाधिकारी नगर पालिका प्रांगण में तीन दिन से धरना प्रदर्शन कर रहे थे। उनकी मांग को पूरा करने का आश्वासन पालिका चेयरमैन ने दिया। इसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया।

भारतीय हलधर किसान यूनियन के पदाधिकारी और पालिका चेयरमैन पति ओमप्रकाश सागर के साथ लंबी वार्ता चली। इसमें यूनियन की सभी मांगों को मान लिया गया है। आश्वासन दिया गया कि उनकी सभी मांगों को पूरा किया जाएगा। यूनियन के कन्नौज के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कश्यप ने बताया अध्यक्ष पति के आश्वासन पर धरना खत्म कर दिया गया है। 15 दिन का समय दिया गया है। 15 दिन के अंदर मांगों को पूरा नहीं किया जाता तो पुनः यूनियन आंदोलन करेगी। इस दौरान अजीत गुर्जर, विवेक चौहान, नरेश पाल, सूरज पाल आदि मौजूद रहे।

## बच्चों को नियमित पढ़ने के लिए स्कूल भेजने का अनुरोध

बदायूं, अमृत विचार : शेखूपुर स्थित रिसोर्स सेंटर पर जागरुकता कार्यक्रम हुआ। उझानी के खंड शिक्षा अधिकारी प्रशांत सिंह राठौर के निर्देशन में शिक्षा प्राप्त कर रहे दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को पढ़ाई के प्रति जागरूक किया।

समेकित शिक्षा के जिला समन्वयक जितेंद्र सिंह व बालिका शिक्षा की जिला समन्वयक ज्योत्सना ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित पढ़ने के लिए स्कूल भेजने का अनुरोध किया। मनोज कुमार सिंह ने दिव्यांगता प्रमाण पत्र, यूडी आईडी कार्ड जिला अस्पताल से बनवाकर उपयोग करने को कहा। विशेष शिक्षक रज्जन सिंह ने बताया कि राजकीय मेडिकल कॉलेज में प्रधानमंत्री दिव्यांशा केंद्र की स्थापना हो गई है। संदीप राय, शिक्षक राजेश कुमार मौर्य, उपमा साहू, रचना, संजीव भटनागर, मोहम्मद अखलाक, वैभव आदि उपस्थित रहे।

# बदहाली पर आंसू बहा रहा संजरपुर मार्ग

संवाददाता, बिल्सी


बदहाल स्थिति में जर्जर संजरपुर मार्ग। • अमृत विचार

- 10 मिनट का सफर एक घंटे में तय कर रहे राहगीर

अमृत विचार : जिला प्रशासन की लापरवाही के चलते रिसौली-संजरपुर सड़क जर्जर स्थिति में है। मरम्मत के अभाव में चार किलोमीटर की इस सड़क में सैकड़ों गड्ढे हैं। गड्ढों से आये-दिन हादसे हो रहे हैं। जर्जर सड़क से गुजरने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है।

रिसौली- संजरपुर रोड कई सालों से जर्जर स्थिति में है। इस रोड से दर्जनभर से अधिक गांवों के लोगों का आना जाना रहता है। स्कूली बच्चे वाहनों से सुबह शाम आते जाते हैं। बस ट्रक और अन्य वाहन दिन रात निकलते हैं जो हिचकोले खाते हुए आते जाते हैं। छह साल से इस सड़क की मरम्मत नहीं हुई है। बारिश होने पर गड्ढों में पानी भर जाता है। राहगीर इस सड़क पर 10 मिनट का सफर एक घंटे में तय करते हैं। सड़कों की मरम्मत को लेकर शासन गंभीर है। जिले में कई बार गड्ढा मुक्ति अभियान भी चलाया गया। इसके बाद भी सड़कों की सूरत नहीं बदती। जिला मुख्यालय से जोड़ने वाले रिसौली-संजरपुर मार्ग का करीब दो दशक पहले निर्माण कराया गया था। लोगों का कहना है कि छह साल पहले सड़क की मरम्मत हुई थी। मरम्मत के दौरान गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया। कुछ ही महीनों में सड़क जर्जर हो गई। इस मार्ग से हर दिन 500 से 600 लोगों का आना-जाना होता है। 10 मिनट का रास्ता एक घंटे में तय करते हैं। एक तरफ जहां प्रदेश की भाजपा सरकार सड़कों के गड्ढा मुक्त होने का दावा करती है तो वहीं दूसरी तरफ रिसौली -संजरपुर सड़क की दुर्दशा सरकार के दावों की पोल खोल रही है।

# शिक्षकों से एजेंडा के पांच बिंदुओं पर हुई चर्चा

बदायूं, अमृत विचार : शिक्षक-शिक्षा योजना के अंतर्गत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में जिले की 137 न्याय पंचायत के 685 शिक्षक संकुल की स्तरीय त्रैमासिक बैठक हुई। पहले दिन विकास क्षेत्र जगत, कादरचौक और वजीरगंज के शिक्षक संकुल ने प्रतिभाग किया। डायट प्रवक्ता डॉ. अमित शर्मा ने जुलाई की शिक्षक संकुल बैठक के एजेंडा में शामिल पांच मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की।

कहा कि एनबीएमसी पोर्टल को एक साल पूरा हो चुका है। इसमें पूरा डाटा पहुंचता है। संदर्शिकाओं द्वारा शिक्षण कार्य और आंकलन किया जा रहा है कि नहीं, की पूरी जानकारी रहती हैअफजाल अहमद, रत्नेश कुमार, मोहम्मद नदीम, जमीर अहमद, कामिनी रानी, राजेश कुमार, रश्मि वर्मा, सपना, जाकिर अली मौजूद रहे।


BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Accreditations, Affiliations & Approvals

ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2025-26

CUET (UG)-2025 Registered/Score Accepted

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| M.Sc.Medical (Anatomy/ Biochemistry/Microbiology/ Pharmacology/Physiology) | MBBS/BDS/B.Sc Nursing/ /B.Sc (PCB) | 3 Year |
| Diploma Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma Radiotherapy Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |

INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Dental Hygienist (DH) | 10+2 (PCB with English) | 2 Year |
| Dental Mechanics (DM) | 10+2 (PCB with English) | 2 Year |

BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Bachelor of Pharmacy (B.Pharm) | 10+2 (PCB/PCM) | 4 Year |
| Master of Pharmacy (Pharmaceutics/Pharmacology/ Pharmaceutical Chemistry/Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |
| Diploma in Pharmacy | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |

FACULTY OF PARAMEDICAL SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2 (PCB) | 4.5 Year |
| B.Sc. Medical Laboratory Technician (BMLT) | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| B.Sc. Optometry | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| B.Sc. in Radiological imaging Techniques (BRIT) | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| Bachelor in Operation Theatre Technician | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| Diploma in Dialysis Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma in MRI Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma in Sanitation | 10+2 (PCB/PCM) | 1 Year |
| Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| M.Sc. Clinical Embryology | B.Sc. (PCB) | 2 Year |
| Master Physiotherapy | BPT | 2 Year |
| Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | BMLS | 2 Year |

ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| M.Sc. Nursing in Child Health Nursing/Mental Health Nursing/Community Health Nursing/Surgical Nursing/ Obstetric & Gynaecological Nursing | B.Sc. (Nursing) | 2 Year |
| B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| GNM | 10+2 Any Stream | 3 Year |
| ANM | 10+2 Any Stream | 2 Year |
| Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) | B.Sc. Nursing | 2 Year |

BIU COLLEGE OF HUMANITIES & JOURNALISM

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| BA (Hons.) in Journalism/ Mass Communication | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| BA (Hons.) in Eng./ Pol. Sc./ Socio./Eco. / Psychology | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| B.Lib.(Hons.) | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| MA (Journalism/ Mass Comm./ Public Rel./Electronic Media/ Adv.) | UG in Any Stream | 2 Years |
| MA (English/ Pol. Science/ Sociology/ Economics/ Hindi) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MA (Translation Studies) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MA (Applied & Clinical Psychology) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| M.Lib. | UG in Respective Stream | 2 Years |

BIU COLLEGE OF MANAGEMENT

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| BBA (Hons.) in Finance & Taxation | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| BCA (Hons.) in IT & Multimedia/ AI & Machine Learning | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| B.Com (Hons.) | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| MBA (Finance & Taxation / Healthcare Management / Sales & Marketing / HR / IT / Business Analytics) | UG in Any Stream | 2 Years |
| M.Com | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MCA | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MHA | UG in Any Stream | 2 Years |
| MPH | UG in Any Stream | 2 Years |

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCB/PCM) | 3 Year |
| M.Sc. Forensic Sciences | Graduation in Science (ZBC) | 2 Year |

For More Information : 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153, 051, 053

Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly PIN Code : 243006 (U.P.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in



SEXOLOGIST

आखिर कब तक शर्माते रहोगे



हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें

शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज में पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट

डा.शेख

Best Sexologist in india आयुर्वेदा

मिलें हर मंगलवार ईसाईयों की पुलिया निकट सैटेलाईट बस स्टैण्ड बरेली

9837023223


## बच्चों ने मनाया पिंक कलर डे

बिल्सी, अमृत विचार : बाबा इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को पिंक कलर डे मनाया गया। यह किंडरगार्टन के बच्चों के लिए एक मजेदार और रंगीन आयोजन था। सभी बच्चों ने पिंक कलर की पोशाक धारण की, शिक्षक भी पिंक रंग में रंगे नजर आए। पिंक डे के दिन कक्षाओं को पिंक रंग की आकृतियों से सजाया गया।

बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने विभिन्न कविताएं सुनाई व गानों पर नृत्य किया। विद्यालय डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय व साधना वार्ष्णेय ने बताया कि गुलाबी रंग न केवल सौभाग्य का प्रतीक है, बल्कि इसकी शोभा हर रंग से न्यारी है। गुलाबी रंग को पूरे संसार में प्यार का प्रतीक माना जाता है। खिले हुए गुलाब की तरह यह रंग सबको आकर्षित कर ही लेता है। प्रधानाचार्य रूपा माहेश्वरी, प्रशासक अमित माहेश्वरी समेत स्टाफ मौजूद रहा।

# डिंपल पर टिप्पणी के खिलाफ महिला सभा ने किया प्रदर्शन


सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपतीं सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : मैनपुरी सांसद डिंपल यादव पर की गई टिप्पणी को लेकर समाजवादी पार्टी की महिला सभा की जिलाध्यक्ष संतोष कश्यप ने पदाधिकारियों के साथ विरोध प्रदर्शन किया। सिटी मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार पाल को ज्ञापन सौंपा।

कहा कि डिंपल यादव पर की गई टिप्पणी शर्मनाक है और नारी का अपमान है। उन्होंने एसपी सिटी को ज्ञापन देकर मौलाना साजिद रसीदी पर रिपोर्ट दर्ज करके गिरफ्तारी की मांग की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह हमला डिंपल यादव पर नहीं, हर उस महिला पर है जो सम्मान और संविधान के दायरे में जीना चाहती हैं। शालीनता को कमजोरी समझने की भूल नहीं करनी चाहिए। जो नारी का अपमान करेगा उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। प्रदेश सचिव सुनीता यादव, जया सिंह, शब्बो खान, माला शर्मा, बबीता कश्यप, विनीता कश्यप, अंजुम नाहिद, मुन्नी शाक्य, शीला शाक्य, प्रेमवती शाक्य, रेखा देवी, रमोला देवी, आरती ठाकुर, निर्मला यादव आदि शामिल रहीं।

# कार्यशाला में समझाया बाल विवाह का मतलब

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : जिला पंचायत सभागार में बुधवार को मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। प्रोग्राम मैनेजर गंगा सिंह ने पांच विकास खंडों की 50 ग्राम पंचायतों में बाल विवाह, बाल श्रम, बाल यौन शोषण एवं बाल तस्करी पर चलाए गए जागरुकता कार्यक्रम की जानकारी दी।

शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार ने किया। कार्यशाला में आए 50 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान, वॉलेंटियर, पंचायत सहायक, अन्य समाज सेवी कार्यकर्ताओं को विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ बाल कल्याण समिति सदस्य सविता मालपाड़ी ने बच्चों के पॉक्सो एक्ट, संरक्षण देख भाल के बारे में समझाया। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग से उदयपाल सिंह ने बाल श्रम के बारे में समझाया। रीतू उपाध्याय ने महिला सशक्तिकरण के बारे में विस्तार से लोगों को जानकारी दी। जीआरपी से जितेंद्र कुमार ने बाल तस्करी के बारे में विस्तार से समझाया। प्रोफेसर डॉ. मनवीर सिंह ने बाल अधिकार पर विस्तार से जानकारी दी। संस्था सचिव मीना सिंह ने बताया कि आज देश भर में बाल हिंसा, यौन शोषण, जैसी अप्रिय घटनाएं हो रही हैं इनसे बचाव को जानकारी होना जरूरी है। इसी के लिए संस्था द्वारा पंद्रह दिन से जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। जिसका आज समापन है। कार्यक्रम का संचालन संस्था समन्वयक देवेन्द्र पाल ने किया।

## लेखपाल ने महिला को जारी किए दो आय प्रमाण पत्र

बिल्सी,अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के ग्राम सिरतौल में तैनात लेखपाल ने एक महिला के एक माह के अंदर दो आय प्रमाण पत्र जारी कर दिए। इस प्रकरण में अब तक एसडीएम स्तर से कार्रवाई जारी है। उससे पूर्व लेखपाल ने फिर गलती दोहरा दी। आरोप है कि लेखपाल ने नियमों की अनदेखी करते हुए एक महिला को सिर्फ एक महीने के भीतर दो अलग-अलग आय प्रमाण पत्र जारी कर दिए।

इतना ही नहीं, एक दूसरे युवक को भी चार महीने के अंतराल में दो आय प्रमाण पत्र जारी किए गए थे। महिला से पूर्व जारी किए गए दो आय प्रमाण पत्र को लेकर लेखपाल के विरुद्ध कार्रवाई एसडीएम स्तर पर लंबित है। उससे पूर्व ही लेखपाल ने फिर से वहीं गलती दोहरा दी। मामला संज्ञान में आने पर लोगों ने लेखपाल के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## सिटी ब्रीफ

### साइबर पुलिस ने ठगी के शिकार को वापस कराई धनराशि

**बदायं, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला श्रीराम नगर कॉलोनी निवासी सौरभ ग्रोवर के साथ 6 जून 2025 को 8 लाख 57 हजार रुपये की साइबर ठगी हुई थी। उन्होंने साइबर थाने जाकर शिकायत की। पुलिस ने आईटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। ठगी गई धनराशि में से 4 लाख 31 हजार रुपये फ्रीज कराए और शिकायतकर्ता के खाते में धनराशि स्थानांतरित की। साइबर थाना प्रभारी विनोद कुमार वर्धन ने बताया कि लोन, गेम एप के मकड़जाल से बचें। रुपयों के लालच में अपना एकाउंट व सिम कार्ड किसी को न दें।

### ऑटो पलटा, चार घायल

**म्याऊं, अमृत विचार :** कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव दड़िया नगला निवासी दिनेश, नेम सिंह, रिंकू व अंकित शाहजहांपुर के पटना देवकली मंदिर पर जलाभिषेक करने गए थे। यहां से वह ऑटो से वापस लौट रहे थे। उसावां थाना क्षेत्र के सत्यदेव विद्यालय के पास बाइक पर सवार कांवड़िये जा रहे थे। उनकी बाइक बचाने में उनका ऑटो पलट गया। ऑटो पलटते ही रोड पर कांवड़िया एवं अन्य राहगीरों की भीड़ लग गई। चारों घायलों को म्याऊं के पीएचसी पर भर्ती कराया।

# शहरवासियों के लिए विष बन रही अमृत योजना

## योजना के तहत कार्य कर रही संस्था ने खोद डालीं गलियां, वाहन तो दूर पैदल निकलना भी मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- टूटी सड़कों की वजह से शहर के लोगों को हो रही दिक्कत
- टेंपो और दो पहिया वाहन चालक गिरकर हो रहे चोटिल

**अमृत विचार:** अमृत जल योजना शहर के लोगों के लिए जी का जंजाल बन चुकी है। कार्यदायी संस्था ने पाइप लाइन बिछाने के नाम पर मोहल्लों से लेकर बाजार में सड़कें खोदने के बाद सही करने के नाम पर रोड़ी डाल कर छोड़ दी है। कई मोहल्लों की गलियों में तो बिना रोड़ी डाले ही छोड़े दिए हैं। इस कारण लोगों को आने जाने में दिक्कत हो रही है। वाहन तो दूर लोग पैदल निकलना भी मुश्किल हो रहा है।

शहर के लोगों को शुद्ध जल मुहैया कराने के लिए अमृत जल मिशन योजना के तहत 90.77 किलो मीटर लंबी पाइप लाइन बिछाई जा रही है। इस कार्य को जल निगम शाहजहांपुर पूरा कर रहा है। पाइप लाइन बिछाने का कार्य आगरा की फर्म का कार्य कर रही है। नामित फर्म के कर्मचारी मनमानी कर रहे हैं। कर्मचारी रोड को बीच खोदकर पाइप लाइन को बिछा रहे है, जबकि पाइप लाइन रोड के एक साइड में बिछाई जानी थी। इससे लोगों को आने जाने में दिक्कतों का सामना न करना पड़े। कर्मचारियों ने के शहर मोहल्लों में पाइप लाइन बिछाने लिए रोड को बीच में खोदा गया है। रोड को सही करने के स्थान पर गड्ढों को रोडी से भर दिया है। सड़क पर पत्थर इधर-उधर बिखरे पड़े हुए हैं। शहर के कई मोहल्लों की गलियां ऐसी हैं जो अभी भी खुदी पड़ी हुई हैं। इस वजह से लोगों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूली बच्चों के साथ दो पहिया और तीन पहिया वाहन चलाने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



टूटी पड़ी मोहल्ला शहबाजपुर की रोड। • अमृत विचार

> पत्र जारी कर सड़कों की स्थिति सही कराई जाएगी। साथ ही जो भी संस्था अमृत जल योजना के तहत पाइप लाइन डाल रही हैं उससे रिपोर्ट मांगी जाएगी। अगर सड़कों के गड्ढे नहीं भरे गए हैं तो उन्हें सही कराया जाएगा।
>
> – अरुण कुमार, एडीएम प्रशासन



सड़क सही करने के स्थान पर उसमें रोड़ी भर दी है। सड़क टूटी पड़ी है। पत्थर पूरी रोड पर बिखरे पड़े हैं। इससे परेशानी हो रही है। – सुशील बाबू



पाइप डालने के दौरान पूरी सड़क खोद दी है। उनमें गहरे गहरे गड्ढे हैं। कहीं भरे गए कहीं नहीं भरे गए हैं। जिससे आने जाने में दिक्कत हो रही है। – मोहित सिंह

### इन मोहल्लों में डाली गई पाइप लाइन

शहर के सिविल लाइन एरिया के साथ मोहल्ला जवाहरपुरी, ब्राह्मपुर, नई सराय, शहबाजपुर, पटियाली सराय सहित अन्य मोहल्लों की सड़कें खुदी पड़ी हैं। हालांकि पाइप लाइन डालने के बाद उन्हें मिट्टी से तो भर दिया गया, लेकिन उन्हें पक्का नहीं किया जा रहा है। इससे सड़कों में गड्ढे हो रहे हैं। इस वजह से वाहन चालकों के साथ लोगों को पैदल चलने में भी दिक्कत हो रही है।

### 68.48 लाख से चल रहा परियोजना पर कार्य

अमृत जल मिशन योजना के तहत शहर में पाइप लाइन बिछाने के साथ ही नए ट्यूबवैल स्थापित करने के साथ ओवरहेड टैंक बनाए जा रहे हैं। पूरी परियोजना पर 68 करोड़ 48 लाख खर्च होने हैं। इस धनराशि को शासन की ओर से जल निगम को दिया गया है, ताकि समय रहते बेहतर तरीके से काम हो सके। लेकिन शहर में अभी तक काम पूरा नहीं हो सका है। शहर में तमाम जगहों पर निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है।

# आंदोलन में कांग्रेस के प्रदेश व राष्ट्रीय नेता करेंगे शिरकत



क्रमिक अनशन पर बैठे गांव के लोग। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** उझानी नगर पालिका का दूषित पानी रोकने के लिए धरना स्थल पर क्रमिक अनशन पर 39 वें दिन बुधवार को भी जारी रहा। क्रमिक अनशन पर बैठे लोगों को जूस पिलाकर अनशन खत्म कराया गया।

नरऊ गांव के निकट कांग्रेस व ग्रामीणों का आंदोलन चल रहा है। किसान कांग्रेस के कोऑर्डिनेटर प्रवीण सिंह भदौरिया ने कहा कि यह आपके गंदे पानी की समस्या प्रदेश अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी कार्यालय तक पहुंचाएंगे। निश्चित रूप से एक हफ्ते के अंदर आंदोलन में सहभागिता करने प्रदेश और ऑल इंडिया स्तर के नेता आएंगे। ओमकार सिंह ने कहा कि आज प्रशासन द्वारा गांव में डॉक्टरों की टीम भी भेजी गई और खंड विकास अधिकारी उझानी ने पुनः आश्वासन दिया है कि रक्षाबंधन के उपरांत इस समस्या का निराकरण कर दिया जाएगा। क्रमिक अनशन पर बुधवार को नेपाल सिंह सोलंकी, बलवीर सिंह सोलंकी, राघवेंद्र सोलंकी, राजाराम जाटव व मुन्ना लाल जाटव बैठे। किसान कांग्रेस के कोऑर्डिनेटर प्रवीण भदौरिया, कोऑर्डिनेटर अयूब चौहान, ओमकार सिंह, इगलास हुसैन, वीरेश तोमर, रफत अली खान व लोकेश गौड ने क्रमिक अनशन कारियों को जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया।

## बदायूं डायरी



बकाया वसूली अभियान चलाते बिजली विभाग कर्मचारी। अमृत विचार

### अभियान चलाकर काटे बिजली कनेक्शन

**उसहैत, अमृत विचार :** कस्बा उसहैत के बिजली घर पर तैनात जेई बालकृष्ण प्रजापति के नेतृत्व में बिजली विभाग ने कस्बे में बिजली चेकिंग व बकाया बिल की वसूली अभियान चलाया। बकाया जमा न करने पर अनेकों उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गए। जेई बालकृष्ण प्रजापति, टीजीटू राहुल कुमार, टीम प्रभारी पुष्पराज सिंह, रामकिशोर व अरब सिंह मौजूद रहे।



भंडारे में प्रसाद लेते कांवड़िए। अमृत विचार

### भंडारे में कांवड़ियों ने लिया प्रसाद

**ओरछी, अमृत विचार :** शिव तेरस के अवसर पर छोले चावल का कांवड़ियों के लिए प्रसाद वितरण किया गया। थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के कस्बा औरछी चौराहे पर मुरादाबाद फर्रुखाबाद राजमार्ग किनारे भगवान शिव मंदिर पर बुधवार को व्यापारियों ने कांवड़ियों के लिए छोले चावल का भंडारा किया। शिव मंदिर पर बुधवार सुबह से ही भंडारे की तैयारियां शुरू कर दी गई। कुछ देर बाद कांवड़ियों को छोले चावल प्रसाद में दिए गए। सुबह से शाम तक कांवड़िए प्रसाद लेते रहे। आस पास के लोगों ने भी भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



परिवार परामर्श केंद्र पर मौजूद काउंसलर। अमृत विचार

### दो परिवार टूटने से बचाए

**बदायूं, अमृत विचार :** पुलिस लाइन में बुधवार को परिवार परामर्श केंद्र में कुल 41 फाइल लगाई गई। 30 फाइलों में काउंसलिंग की गई। इनमें दो फाइलों में समझौता कराया गया। पांच फाइलें निरस्त की गई। 23 फाइलों में अग्रिम तिथि दी गई। जिन दो फाइलों में समझौता कराया गया उसके दोनों पक्षों को काउंसलर्स द्वारा ध्यानपूर्वक सुना। उनकी बातों पर विचार किया। दोनों की आपसी सहमति से समझौता कराया गया। काउंसलर अशोक खुराना, प्यारे सिंह यादव, ज्वाला प्रसाद गुप्ता, एस.डी. शर्मा, भीमसेन सागर मौजूद रहे।

### दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने को लगा कैंप

**इस्लामनगर, अमृत विचार :** विकासखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को दिव्यांग बच्चों के लिए चिन्हांकन कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में कुल 33 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 16 दिव्यांग प्रमाण पत्र मौके पर ही जारी कर दिए गए। कैंप अंकित कुमार, प्रमोद कुमार, डॉक्टर वागीश वार्ष्णेय, डॉ. मोहम्मद वसीम आदि उपस्थित रहे।



दिव्यांगजनों से आवेदन लेते ब्लॉक कर्मचारी।

# विद्यार्थियों का विभिन्न पदों पर चयन, दिलाई गई शपथ

**बदायूं, अमृत विचार :** मदर्स पब्लिक स्कूल में बुधवार को अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इसके तहत विद्यार्थियों को विभिन्न पदों के लिए चुना गया। सभी चयनित विद्यार्थियों को कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई गई।

कक्षा 12 की छात्रा हरीम खान हेड गर्ल और कक्षा 11 की छात्रा कीर्ति शर्मा वाइस हेड गर्ल चुनी गई। अनुशासन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के कप्तान चुने गए। इसमें कक्षा 11 की छात्रा रुचि शाक्य स्पोर्ट्स कैप्टन, कक्षा 11की छात्रा कनिका शर्मा डिसिप्लिन इंचार्ज और कक्षा 11 की छात्रा जूबिया कल्चरल इंचार्ज चुनी गई। विद्यालय के चारों हाउस वीरांगना हाउस, नायडू हाउस, कोकिला हाउस, टैरेसा हाउस के कप्तान, उप कप्तान व प्रीफेक्ट चुने गए। वीरांगना हाउस की कप्तान कक्षा 10 की छात्रा अक्सा, उप कप्तान कक्षा 9 की छात्रा सिद्धि सिंह राठौर, नायडू हाउस की कप्तान कक्षा 11 की छात्रा नैंसी, उपकप्तान कक्षा 9 की छात्रा स्नेहा, कोकिला हाउस की कप्तान कक्षा 11 की छात्रा नंदिनी और उप कप्तान कक्षा 11 की छात्रा प्रतीक्षा, टेरेसा हाउस की कप्तान कक्षा 11 की छात्रा सिदरा और उप कप्तान कक्षा 9 की छात्रा अनुषा चुनी गई।



अलंकरण समारोह में शामिल बच्चे।

# चेतावनी देने पर भी नहीं हुई कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- हैदराबाद गांव की कच्ची सड़क से नहीं हटा अवैध कब्जा
- बिल्सी तहसील प्रशासन को किसानों ने फिर दी चेतावनी

**अमृत विचार :** तहसील बिल्सी के हैदराबाद गांव में कच्चे रास्ते पर कब्जे के विरोध में भूख हड़ताल बुधवार को 26वें दिन भी जारी रही। किसान नेता ने 1 अगस्त को आत्मदाह करने की चेतावनी दी है। इसके बाद भी तहसील प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की है।

ग्रामीणों ने बताया कि कच्चे रास्ते पर 70 सालों से अवैध कब्जा है। लोग मंदिर तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। साथ ही कई अन्य गांवों का आवागमन भी बंद है।

ग्रामीणों ने दबंगों का कब्जा हटवाने के लिए उच्च अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री तक शिकायती पत्र भेजे, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। परेशान होकर ग्रामीणों ने भूख हड़ताल शुरू कर दी है। गांव का सेवाराम 5 जुलाई से मालवीय आवास गृह पर भूख हड़ताल पर बैठा है। भूख हड़ताल के बाद अब भाकियू टिकैत के मंडल उपाध्यक्ष सौदान सिंह ने चेतावनी दी कि यदि 31 जुलाई तक रास्ते से कब्जा नहीं हटाया गया तो वह एक अगस्त को आत्मदाह कर लेंगे। चेतावनी के बाद तहसील प्रशासन ने रास्ते के कुछ हिस्से की नाप तौल कर दी, जबकि कुछ हिस्से को यूं ही छोड़ दिया गया है। मंगलवार को बिल्सी एसडीएम और तहसीलदार कार्यालय पर पता किया गया तो बताया कि अधिकारी हैदराबाद गांव गए हैं, जबकि किसान सुबह से शाम तक इंतजार करते रहे। एक भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।



भूख हड़ताल पर बैठे किसान। • अमृत विचार

# बारिश से मौसम हुआ सुहाना, उड़ गई उमस

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- अधिकतम 33, न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया
- दिन भर आसमान में छाए रहे बादल, होती रही रिमझिम बरसात

**अमृत विचार :** बीते मंगलवार से मौसम खुशगवार बना हुआ है। आसमान में बादल छाए हैं। रुक रुक बारिश की फुहारें पड़ रही हैं। आसमान में छाए बादल और ठंडी हवाओं के बीच पड़ रही बरसात की फुहारों की वजह से उमस भरी गर्मी काफूर हो चुकी है। तापमान में भारी गिरावट आई है। बुधवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कृषि विभाग के अनुसार दो से तीन दिन तक ऐसा ही मौसम बना रहने की संभावना है।

बीते मंगलवार की सुबह से मौसम परिवर्तन देखा जा रहा है। बुधवार सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए हैं और रुक-रुक कर कभी रिमझिम बरसात तो कभी हल्की फुहारें पड़ रही हैं। सुबह 5 बजे से ही हल्की बारिश का दौर शुरू हो गया था।

दोपहर के समय हल्की धूप खिली। इससे उमस बढ़ गई, लेकिन कुछ देर बाद फिर से आसमान में काले बादल घिर गए और हल्की बारिश शुरू हो गई। यह क्रम दिन में कई बार चला। इससे दिन भर मौसम सुहावना बना रहा। मौसम खुशगवार बने रहने से अन्य दिनों की अपेक्षा सड़कों पर लोगों की आवाजाही अधिक रही। बाजार में भी भीड़ देखी गई।

लोग जरूरत का सामान खरीदते हुए दिखे। ग्राहकों की भीड़ को देखते हुए दुकानदार भी प्रसन्नचित दिखाई दिए। कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकारियों की आने अभी कुछ दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा।



हल्की बारिश के बीच छाता लगाकर जाता स्कूटी सवार। • अमृत विचार

खबरें www.amrit vichar.com पर भी पढ़ें

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट वर्ष 2012 जिसका अनुक्रमांक 1098844 व इण्टरमीडिएट की मार्कशीट वर्ष 2014 जिसका अनुक्रमांक 0844245 एवं बी. कॉम स्नातक की मार्कशीट वर्ष 2019 जिसका अनुक्रमांक 2322080034 है। वास्तव में कहीं खो गयी है। काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिली। **अनूप सिंह पुत्र श्री विनोद कुमार मो. डालचन्द, पीलीभीत**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र पंकज गंगवार के गलत संगत में पड़ जाने की वजह से संबन्ध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से वेदखल कर दिया है अब वह अपने कृत्य के लिए खुद जिम्मेदार होगा। **नेतराम पुत्र छेदालाल ग्राम लावाखेड़ा तालिब हुसैन नवाबगंज बरेली**

**सूचना**

सर्व जनमानस को सूचित किया जाता है कि थाना जलालाबाद परिसर में स्थित कंडम पुराना ऑफिस व आरक्षी आवास पश्चिम दिशा व आरक्षी आवास उत्तर दिशा व उपनिरीक्षक आवास दक्षिण दिशा की नीलामी दिनांक 31.07.2025 को समय 11:00 बजे थाना जलालाबाद पर होगी। इच्छुक बोली दाता नीलामी में भाग ले सकते हैं।– **प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जलालाबाद, शाहजहांपुर**

**आवश्यकता है**

**श्री बालाजी पब्लिक जूनियर हाई स्कूल में गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, व संस्कृत के अध्यापकों की**

**रजऊ परसपुर फरीदपुर बरेली**

**संपर्क सूत्र-8171861909, 9627198880, 9411698840**

**वैधानिक सूचना :–** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## राजनीति

नेताओं ने कहा– कार्यशैली से पार्टी के वोटर यादव व मुस्लिमों में पनप रहा आक्रोश

# सपा जिलाध्यक्ष की मुश्किलें बढ़ीं, पहले भी जा चुका है पद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सपा में दो फाड़ होने के बाद जिलाध्यक्ष आशीष यादव की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। पिछले दिनों जिले के कद्दावर नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष से मिलकर जिलाध्यक्ष की कार्यशैली पर सवाल उठाए थे। अब पार्टी के नेताओं ने हाईकमान को गोपनीय पत्र भेजकर गंभीर आरोप लगाए हैं। बताया कि जिलाध्यक्ष के एक बयान के बाद से पार्टी में विरोध और तेज हो गया है। बदायूं के इतिहास में पहली बार पार्टी के किसी जिलाध्यक्ष का इतना ज्यादा विरोध हुआ है। कहा कि पार्टी विरोध में पहले भी उनका पद जा चुका है।

गोपनीय पत्र में ककराला कांड, लोकसभा चुनाव, जिला पंचायत में अविश्वास प्रस्ताव, उझानी अग्निकांड में जिलाध्यक्ष की शिथिलता आदि का जिक्र किया गया है। पत्र के अनुसार कुछ दिन पहले जिलाध्यक्ष का वीडियो वायरल हुआ था। इसमें जिलाध्यक्ष ने कहा था कि जिसको बाहर से आकर सपा में सियासत करनी है, उसके मेरी चौखट पर आकर सलाम करना होगा। जो नहीं करेगा, उसको मजबूर कर देंगे। लोगों ने उनका इशारा सैफई परिवार से माना है। वहीं, बताया गया कि शेखूपुर विधानसभा के ककराला कस्बा में हुए बवाल में मुस्लिमों पर जुल्म हुए, लेकिन जिलाध्यक्ष ने आवाज नहीं उठाई। न ही प्रशासन के किसी अधिकारी से मिलकर निर्दोषों को बचाने का प्रयास किया, जबकि 2022 के विधानसभा चुनाव में ककराला के 90 प्रतिशत मुस्लिमों ने आशीष यादव को वोट दिया था। इससे विधानसभा के कुछ लोगों को छोड़कर मुस्लिम नाराज हैं। उझानी अग्निकांड में एक यादव की मौत हुई। एसएसपी कार्यालय पर आग लगाने से मुस्लिम की मौत हुई, लेकिन पार्टी के वेब वोटर यादव व मुस्लिम होने के बाद भी जिलाध्यक्ष वहां नहीं गए। कोई बयान भी नहीं दिया। इतिहास है कि शेखूपुर विधानसभा से आशीष यादव विरोध की वजह से लगातार दो बार विधायक नहीं बने। सपा सरकार में जिला पंचायत अध्यक्ष चेतना सिंह अविश्वास प्रस्ताव लाई थीं तब भी पार्टी विरोधी गतिविधि का आरोप लगा था। 26 जुलाई को पार्टी के सीनियर लीडर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नरेश प्रताप सिंह, सपा के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व मंत्री आबिद रजा, पूर्व विधायक प्रेमपाल सिंह, पूर्व विधायक बिट्टन, नगर अध्यक्ष फरहत अली, ओमवीर सिंह, ओमवीर यादव समेत राष्ट्रीय व प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष से मिलकर आशीष यादव की कमियां बताई थीं।



पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नरेश प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री आबिद रजा व अन्य।

- पिछले दिनों जिलाध्यक्ष का वीडियो वायरल होने पर सपा समर्थक व वोटर्स में है विरोध

### हाईकमान से जांच के बाद 2020 में हटाए थे आशीष

सपा सरकार में जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी सुरक्षित हो गई तब सपा की मधु चंद्रा 2017 में अध्यक्ष बनीं। आरोप है कि जिलाध्यक्ष ने भाजपा नेताओं से मिलकर मधु चंद्रा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव में मदद की। उस समय आशीष यादव पर सत्ताधारी पार्टी से आर्थिक समझौता व पार्टी विरोधी गतिविधियों का आरोप लगा। पार्टी हाईकमान प्रो. रामगोपाल ने प्रकरण की जांच कराई। इसकी रिपोर्ट के आधार पर 2020 में आशीष यादव को जिलाध्यक्ष पद से हटा दिया गया था लेकिन तीन साल के बाद फिर से जिलाध्यक्ष बना दिया गया। गोपनीय पत्र के अनुसार सपा से जीते बिसौली विधायक आशुतोष मौर्य ने जिलाध्यक्ष के कारण ही पार्टी से दूरी बनाई।

# करंट लगने से बालक समेत दो की जान गई

संवाददाता, उझानी

- गांव बसोमा स्थित मंदिर परिसर और रेलवे स्टेशन रोड पर हुआ हादसा

**अमृत विचार :** कोतवाली उझानी क्षेत्र में करंट लगने से अलग-अलग जगहों पर एक बालक समेत दो लोग गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों को इलाज के लिए ले जाया गया, लेकिन चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मौत के बाद परिजनों में चीत्कार मचा है।

गांव बसोमा स्थित मंदिर परिसर में गौरव सोलंकी का इकलौता बेटा अंशुमन उर्फ आशु सोलंकी (10) कुछ बच्चों के साथ खेल रहा था। इस दौरान बूंदाबांदी शुरू हो गई। सभी बच्चे परिसर में मंदिर के पास जाकर खड़े हो गए। मंदिर के गेट पर लगी लोहे के जाल में करंट आ रहा था। अंशुमन को करंट लग गया। वह झुलस गया। परिसर उसे उझानी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान बालक की मौत हो गई। परिजनों ने कछला गंगा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया। मौत के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। दूसरा हादसा उझानी में स्टेशन रोड स्थित मिठाई की दुकान पर हुआ। कस्बा उझानी के मोहल्ला श्रीनारायणगंज निवासी सुनील सक्सेना पुत्र श्रीकृष्ण मोहन सक्सेना रेलवे स्टेशन रोड पर मिठाई की दुकान चलाते हैं। बुधवार सुबह लगभग 10 बजे उनकी दुकान पर लगे टीनशेड के पाइप में करंट आ गया। सुनील सक्सेना ने पाइप छू लिया। उन्हें करंट लगा। परिजन उन्हें उझानी सीएचसी पर ले गए। चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

अमृत विचार



## न्यूज ब्रीफ

### नियामक आयोग भेजे निजीकरण निरस्त करने का प्रस्ताव

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने कहा कि राज्य विद्युत नियामक आयोग ऊर्जा निगमों की निजीकरण प्रक्रिया निरस्त करने के लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजे। उपभोक्ता परिषद की ओर से बुधवार को इस सिलसिले में याचिका दाखिल की गई। याचिका में कहा गया है कि पिछले दिनों ऊर्जा मंत्री ने निजीकरण से यह कहते हुए अपना पल्ला झाड़ लिया कि निजीकरण का पूरा प्रस्ताव एनर्जी टास्क फोर्स तैयार कर रही है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने भी निजीकरण प्रक्रिया पर सवाल उठाये हैं, ऐसे में आम जनमानस की भावना के मद्देनजर इस प्रस्ताव को खारिज करने की सलाह सरकार को भेजना चाहिए।

### चार दिन चलेगी उप्र. विधानमंडल के मानसून सत्र की कार्यवाही

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य विधानमंडल का मानसून सत्र 11 अगस्त से शुरू होने जा रहा है। बुधवार को विधानसभा सचिवालय से जारी अधिसूचना के अनुसार 16 अगस्त तक निर्धारित छह दिवसीय सत्र में केवल चार दिन ही विधायी कार्य होंगे, जबकि शेष दो दिन स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) और जन्माष्टमी (16 अगस्त) की छुट्टी के चलते कार्यवाही नहीं चलेगी। ऐसे में सत्र के दौरान 11 अगस्त से 14 अगस्त तक ही विधान सभा और विधान परिषद की कार्यवाही चलेगी। माना जा रहा है कि राज्य सरकार इस बार सत्र में कई आवश्यक विधेयक पेश कर सकती है। वहीं, विपक्ष सरकार को कानून व्यवस्था, बेरोजगारी, महंगाई, गन्ना मूल्य भुगतान जैसे मुद्दों पर घेरने की तैयारी कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद सत्र के एजेंडे को अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है।

### नारंग के कार्यकाल के फैसलों की हो जांच

**अमृत विचार, लखनऊ :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने उत्तर प्रदेश कॉरपोरेशन में निदेशक वित्त रहे निधि कुमार नारंग के कार्यकाल में निजीकरण प्रक्रिया समेत अन्य फैसलों की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा है कि नारंग के कार्यकाल के निजीकरण संबंधी लिए गए सभी निर्णयों को तत्काल निरस्त किया जाय। संघर्ष समिति ने यह भी मांग की है कि टेंडर संबंधी सभी वित्तीय फैसलों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाय क्योंकि उनके कार्यकाल में निजीकरण को लेकर भारी घोटाला होने की आशंका है।

# मुख्य सचिव मनोज सिंह को सेवा विस्तार की संभावना का आज अंतिम दिन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एसपी गोयल व देवेश चतुर्वेदी मुख्य सचिव बनने की रेस में आगे**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश की नौकरशाही में मुख्य सचिव की कुर्सी पर मनोज कुमार सिंह को ही आगे मौका मिलने वाला है या कोई अन्य वरिष्ठ आईएएस अधिकारी को कमान मिलेगी? इस गोपनीयता से पर्दा गुरुवार को उठ जाएगा। दरअसल, वर्तमान मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह का कार्यकाल 31 जुलाई को समाप्त हो रहा है।

इससे पहले राज्य सरकार ने उनके एक साल के सेवा विस्तार के लिए केंद्र सरकार को पत्र भेजा था, लेकिन अब तक केंद्र से कोई जवाब नहीं मिला है। ऐसे में सेवा विस्तार की संभावना को अब चंद घंटे और शेष हैं।

मुख्य सचिव मनोज सिंह को सेवा विस्तार नहीं मिलता, तो नए मुख्य सचिव के लिए तीन वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के नाम चर्चा में हैं। इनमें 1989 बैच के एसपी गोयल, जो वर्तमान में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव हैं, सबसे आगे माने जा रहे हैं। इसके अलावा, 1989 बैच के देवेश चतुर्वेदी और 1990 बैच के दीपक कुमार भी दौड़ में शामिल हैं। गोयल को मुख्यमंत्री का भरोसेमंद होने के साथ काबिल अफसर माना जाता है, जबकि चतुर्वेदी केंद्र में सचिव के पद पर हैं।

### सरकार के लिए कौन होगा उपयुक्त

वैसे, उत्तर प्रदेश की नौकरशाही में नियुक्तियों को लेकर हमेशा से समीकरणों का खेल देखने को मिलता है। वरिष्ठता के साथ-साथ सरकार के साथ तालमेल, प्रशासनिक अनुभव और अन्य राजनीतिक कारणों की भी इन नियुक्तियों में खास भूमिका होती है। अब देखना यह होगा कि भविष्य में सरकार के वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी के प्राथमिकता को मजबूत आधार देने में इनमें से कौन अफसर बेहतर प्रदर्शन कर सकेगा।

## जरूरतमंद को आवास दिलाएंगे इलाज भी कराएंगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लगभग 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान जनता दर्शन में एक महिला ने आवास की समस्या बताई। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि उन्हें सरकार की योजना के तहत आवास दिलाया जाएगा। जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा।



**गोरखपुर :** गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याओं को सुनतें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

# जनप्रतिनिधियों के सुझावों को महत्व देती है सरकार

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ की संवाद बैठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार को सरकारी आवास पर लखनऊ मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद बैठक हुई। बैठक में मंडल के जिलों- लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, उन्नाव, सीतापुर और लखीमपुर खीरी के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कर रहे 42 विधायकों एवं 5 विधान परिषद सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित प्रमुख नव प्रस्तावित परियोजनाओं, अधोसंरचनात्मक आवश्यकताओं एवं जन अपेक्षाओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जनप्रतिनिधियों के सुझावों को खास महत्व देती है। जनप्रतिनिधियों का क्षेत्रीय अनुभव एवं स्थानीय धरातल की गहन समझ शासन को योजनाओं के निर्धारण और प्रभावी क्रियान्वयन में नई दृष्टि प्रदान करती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त 3,397 विकास प्रस्तावों, जिनकी अनुमानित लागत 42,891 करोड़ रु. है, पर जनप्रतिनिधियों के सुझावों को गंभीरता से लिया जाए और इन परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर चरणबद्ध ढंग से पूरा कराया जाए। अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं का भूमिपूजन एवं शिलान्यास 15 सितंबर के बाद जनप्रतिनिधियों से कराएं।



सरकारी आवास में लखनऊ मण्डल के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

- **लखनऊ मंडल से 42,891 करोड़ रु. की अनुमानित लागत के 3,397 विकास प्रस्ताव मिले**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक जिले की अपनी एक अलग पहचान है, जिसे सशक्त करते हुए विकास की योजनाओं का समायोजन किया जाना आवश्यक है। हरदोई में सत्य और तप की परंपरा गहराई तक रची-बसी है। रायबरेली साहित्य, स्वतंत्रता संग्राम और लोककला की नजर से भी समृद्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्नाव में विकासपरक परियोजनाओं को स्वतंत्रता संग्राम की ऐतिहासिक चेतना के साथ जोड़ते हुए समेकित रूप से प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। योगी ने कहा कि नैमिषारण्य को केंद्र मानकर सीतापुर जिले की धार्मिक और आध्यात्मिक गरिमा अद्वितीय है। यह वह भूमि है जहां ऋषियों ने वेदों का श्रवण कराया। उन्होंने कहा कि लखीमपुर खीरी दुधवा राष्ट्रीय उद्यान के कारण वैश्विक वन्यजीव मानचित्र पर स्थापित है। यहां की जैव विविधता, तराई की कृषि संपन्नता और थारू संस्कृति इसे विशिष्ट बनाती है।

### सड़कों के निर्माण के साथ ब्लैक स्पॉट सुधारें

मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि हर विधानसभा क्षेत्र में जनहित से जुड़े विकास कार्यों की निरंतरता बनी रहनी चाहिए, जिससे पिक एंड चूज की संभावना न्यूनतम रहेगी। वहीं, लोक निर्माण विभाग के निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत किए गए सड़क, दीर्घ सेतु, लघु सेतु, आरओबी/आरयूबी, धर्मार्थ की सड़कें, फ्लाईओवर निर्माण से संबंधित प्रस्तावों पर जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए वरीयताक्रम के आधार पर त्वरित काम किया जाए। साथ ही सड़कों का निर्माण और ब्लैक स्पॉट सुधार के कार्य को शत प्रतिशत पूरा कराएं।

# निवेशकों की सुविधा के लिए हिंदी में भी होंगे सरकारी फॉर्म

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **मुख्य सचिव की अध्यक्षता में ईओडीबी की समीक्षा में सेवाओं के सरलीकरण पर जोर**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में निवेशकों की सुविधा के लिए अब विभागीय फॉर्म अंग्रेजी भाषा के अलावा हिंदी भाषा में भी उपलब्ध होंगे। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने निवेश संबंधी कागजी सरकारी औपचारिकताओं को अधिक सरल और द्विभाषी (हिंदी एवं अंग्रेज़ी) स्वरूप में उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा है कि इससे निवेशकों को प्रक्रिया समझने में आसानी होगी और राज्य में निवेश के अनुभव को बेहतर किया जा सकेगा।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में लोकभवन में बुधवार को उत्तर प्रदेश में व्यापार में सुगमता (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) को और अधिक सरल एवं निवेशकों के लिए सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई। इस बैठक में भारत सरकार के कैबिनेट सचिवालय द्वारा गठित टास्क फोर्स की भागीदारी रही, जिसका नेतृत्व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की सचिव सुश्री मीता राजीवलोचन ने किया। उनके साथ कैबिनेट सचिवालय के अपर सचिव राहुल शर्मा, डीपीआईआईटी और नीति आयोग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की सचिव मीता राजीव लोचन ने खास सुझाव साझा किए, जिनमें डीआईवाई (डू-इट-योरसेल्फ) वीडियो गाइड्स तैयार करना, विभिन्न क्षेत्रों में आउटरीच कार्यक्रम आयोजित करना, एक प्रतिक्रियाशील कॉल सेंटर की स्थापना और समस्याओं की ट्रैकिंग के माध्यम से सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाना शामिल था।

# 11 जिलों में बढ़ाई जाएंगी फाइलेरिया उन्मूलन जन जागरूकता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **प्रदेश के 27 जिलों में चलेगा सर्वजन देवा सेवन (एमडीए) अभियान**

**अमृत विचार :** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में प्रदेश के 11 जिलों के सामुदायिक रेडियो स्टेशन जन जागरुकता बढ़ाएंगे। यह प्रतिबद्धता बुधवार को संपन्न हुई संवेदीकरण कार्यशाला में सामुदायिक रेडियो अधिकारियों और रेडियो जॉकी के अधिकारियों ने दोहराई है। आगामी 10 अगस्त से फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सर्वजन देवा सेवन (एमडीए) अभियान प्रदेश के 27 जिलों में शुरू होगा।

राज्य फाइलेरिया अधिकारी डॉ. एके चौधरी ने बताया कि 14 सामुदायिक रेडियो स्टेशन गोरखपुर, बस्ती, देवरिया, कुशीनगर, संतकबीर नगर, गोंडा, बहराइच, कानपुर नगर, कानपुर देहात, रायबरेली और सुल्तानपुर सहित विभिन्न जिलों में विशेष रूप से सूचना प्रसारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। ये स्टेशन समुदायों को इस बीमारी, इसकी रोकथाम और एमडीए अभियान में भागीदारी के महत्व के बारे में शिक्षित करेंगे। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष अगस्त 2024 में जहां 340 ब्लॉकों में फाइलेरिया रोधी दवाइयां दी गई थीं, वहीं इस वर्ष का एमडीए अभियान विशेष रूप से 195 ब्लॉकों को लक्षित करेगा।

# रोबोटिक सर्जरी से कैंसर मरीजों को मिल रही सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **रोबोटिक तकनीक से डॉक्टर ने स्तन कैंसर व नेक की सफल सर्जरी की**

**अमृत विचार :** अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल, लखनऊ में डॉक्टरों ने निप्पल-स्पेयरिंग ब्रेस्ट सर्जरी और आरआईए-एमआईएनडी (रोबोटिक इन्फ्राक्लेविकुलर अप्रोच फॉर मिनिमली इनवेसिव नेक डिसेक्शन) तकनीक से गर्दन की सफल सर्जरी की है।

हॉस्पिटल के एमडी डॉ. मयंक सोमानी ने कहा कि कैंसर मरीज़ की सर्जरी के बाद की ज़िंदगी की गुणवत्ता को बेहतर बनाना भी अस्पताल का उद्देश्य है।



सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. सतीश के. आनंदन ने बुधवार को बताया कि लखनऊ की 60 वर्षीय महिला, जिन्हें दोनों स्तनों में कैंसर था। रोबोटिक तकनीक के जरिए हमने बगल के पास कुछ छोटे चीरे लगाकर अंदर से ही कैंसरग्रस्त ऊतक को हटा दिया और त्वचा व निपल को सुरक्षित रखा। ओरल कैंसर की रोबोटिक गर्दन सर्जरी करने वाले डॉ. अभिमन्यु कड़ापथ्री ने बताया कि आरआईए-एमआईएनडी तकनीक में हमने कॉलरबोन के नीचे छोटे चीरे लगाकर रोबोटिक इंस्ट्रूमेंट्स डाले और अंदर से लिम्फ नोड्स निकाल दिए। चेहरे या गर्दन पर कोई कट नहीं लगा। इस तकनीक से ओरल कैंसर का इलाज इस क्षेत्र में पहली बार किया गया है। सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. हर्षित श्रीवास्तव ने बताया कि दो कोलोरेक्टल कैंसर मरीज़ों का इलाज रोबोटिक और लैप्रोस्कोपिक तकनीकों से किया।

# तीसरी बार नहीं बढ़ा पावर कॉरपोरेशन के निदेशक वित्त निधि नारंग का कार्यकाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **कॉरपोरेशन ने दिया था निजीकरण प्रक्रिया में लगे नारंग का कार्यकाल बढ़ाने का प्रस्ताव**

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के निदेशक वित्त निधि कुमार नारंग का कार्यकाल तीसरी बार बढ़ाने से साफ इनकार कर दिया है। इससे कॉरपोरेशन प्रबंधन को बड़ा झटका लगा है।

ऊर्जा निगमों की निजीकरण प्रक्रिया में निधि कुमार नारंग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसको देखते हुए कॉरपोरेशन ने नारंग का कार्यकाल तीसरी बार बढ़ाने का प्रस्ताव शासन को भेजा था। प्रस्ताव में कार्यकाल को छह माह तक बढ़ाने या नये निदेशक वित्त के कार्यभार ग्रहण तक कार्यकाल बढ़ाने का अनुरोध किया गया था, पर शासन इससे इनकार कर दिया है। बुधवार को ऊर्जा विभाग के विशेष सचिव राजकुमार की ओर से कॉरपोरेशन के अध्यक्ष को पत्र लिखा गया। कहा गया है कि शासन ने कार्यकाल बढ़ाने का औचित्य नहीं पाया। नारंग का कार्य विस्तार अब संभव नहीं है। निजीकरण का विरोध कर रहे बिजली कर्मियों ने नारंग का कार्यकाल बढ़ाने की प्रक्रिया का सख्त विरोध किया था।

### बिजली कर्मियों ने लगाया नारंग पर आरोप

इस बीच, विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने अपर मुख्य सचिव ऊर्जा को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि कार्यकाल न बढ़ाये जाने का पत्र आने के बाद निदेशक वित्त नारंग ने तमाम गोपनीय दस्तावेज की फोटो कराई। इससे विभागीय गोपनीयता भंग होने की आशंका है। समिति ने इस पर रोक लगाने की मांग करते हुए कहा कि निजीकरण प्रक्रिया में निदेशक वित्त रहे नारंग को टेंडर मूल्यांकन समिति का अध्यक्ष बनाया गया था। ऐसे में गोपनीय दस्तावेज 'लीक' होने की आशंका है।

# ओबीसी की केंद्रीय सूची में शामिल होंगी यूपी की वंचित जातियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष ने दिया आश्वासन**

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने ओबीसी की केंद्रीय सूची में प्रदेश की उन वंचित जातियों को शामिल किये जाने का आश्वासन दिया, जिन्हें प्रदेश की ओबीसी सूची के तहत आरक्षण मिल रहा है। आयोग के अध्यक्ष ने बुधवार को वीवीआईपी गेस्ट हाउस में पिछड़ा वर्ग विभाग व राज्य आयोग के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर रहे थे। बैठक में पिछड़ा वर्ग कल्याण योजनाओं की समीक्षा और भविष्य की दिशा पर चर्चा हुई।

बैठक में अवगत कराया गया कि राज्य की पिछड़े वर्गों की सूची में शामिल कुछ जातियों, उपजातियों व उपनाम को अभी तक केंद्र सरकार की केंद्रीय सूची में शामिल नहीं किया गया है। इस पर राष्ट्रीय आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि सभी बिंदुओं को दस्तावेज रूप में संकलित कर केंद्र सरकार को प्रस्तुत किया जाएगा। राज्य सरकार की ओर से प्राप्त सुझावों को भी यथासमय क्रियान्वयन के लिए संज्ञान में लिया जाएगा। बैठक में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने कहा कि राज्य सरकार पिछड़ा वर्ग समाज के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है।

## नर्सिंग शिक्षकों को शैक्षिक योग्यता पर मिलेगी पदोन्नति

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के नर्सिंग कॉलेजों में लंबे समय से कार्यरत शिक्षकों को अनुमन्य पदोन्नति मिलेगी, इसके लिए यूपी स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने इंडियन नर्सिंग काउंसिल के निर्देशों का हवाला देते हुए कॉलेज प्रधानाचार्य एवं प्रबन्धकों को निर्देश जारी किए हैं। स्टेट मेडिकल काउंसिल के रजिस्ट्रार डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि अमूमन सभी कॉलेजों में अनुपालन हो रहा है, बावजूद तकनीकी कारणों से किसी शिक्षक को प्रमोशन नहीं मिला है, उसके लिए निर्देश जारी किए गए हैं।




नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात करते प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही।

## फसल बीमा योजना 15 दिन और बढ़ाए केंद्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने केंद्र सरकार से प्रदेश के किसानों के लिए पीएम फसल बीमा योजना 15 दिन और बढ़ाए जाने की मांग की है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि मंत्री केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की और मांग को लेकर अनुरोध पत्र सौंपा। कृषि मंत्री ने 31 जुलाई को खत्म हो रही बीमा योजना के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि प्रदेश में अभी काफी किसान हैं, जो बीमा योजना का लाभ नहीं उठा सके हैं। राज्य में कुछ स्थानों पर भारी बारिश भी हुई है। 23 से अधिक जिलों में अत्याधिक वर्षा व आठ जिलों में कम वर्षा हुई है। इस कारण काफी किसान बीमा कराये जाने से वंचित हैं। केंद्रीय मंत्री ने इस सिलसिले में सकरात्मक निर्णय लेने का आश्वासन दिया।

**सुविधा** | इस प्लेटफॉर्म से आत्मनिर्भर बन रहे हजारों कामगार, पोर्टल पर हुई 39,857 सेवा बुकिंग

# सेवामित्र पोर्टल से घर बैठे मिल रही कई सेवाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** योगी सरकार में सेवायोजन विभाग द्वारा विकसित सेवामित्र पोर्टल प्रदेश में हजारों कुशल कामगारों के लिए रोजगार का सशक्त जरिया बन चुका है। इस डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़कर हजारों कामगार आत्मनिर्भर बन रहे हैं, वहीं आम जनमानस को घर बैठे दैनिक घरेलू सेवाएं मिल रहीं हैं। जून 2025 तक सेवामित्र पोर्टल पर आम जनमानस द्वारा कुल 39,857 सेवा बुकिंग की जा चुकी हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शुरू हुए सेवामित्र पोर्टल के माध्यम से उत्तर प्रदेश 'आत्मनिर्भर प्रदेश' बन रहा है। राज्य के नागरिक इस सुविधा को तेजी से अपना रहे हैं, इससे उन्हें प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन, मैकेनिक, एसी तकनीशियन, बढ़ई, धोबी आदि जैसी दैनिक घरेलू सेवाएं घर बैठे उपलब्ध हो रहीं हैं। दूसरी तरफ कुशल कामगारों को उनके घर के नजदीक ही काम मिल रहा है, उन्हें जीविकोपार्जन के लिए दूसरे शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ रहा है। साथ ही, सेवामित्र हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 155330 पर 38,49,028 कॉल्स रिसीव की गईं।




### डिजिटल आधार से कामगारों को मिला आर्थिक लाभ

योगी सरकार का यह पोर्टल योजना केवल उपभोक्ताओं के लिए ही नहीं, बल्कि कामगारों के लिए भी आर्थिक रूप से लाभकारी सिद्ध हो रही है। वर्तमान समय में 52,349 कुशल कामगार इस पोर्टल पर पंजीकृत हैं। जो तकनीकी या व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अपने क्षेत्र में काम करना चाहते थे। सेवामित्र योजना ने उन्हें न केवल काम दिलाया, बल्कि सम्मान और आत्मनिर्भरता भी दी।

### जनता को मिल रही सुविधा

पोर्टल पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी है। उपभोक्ता पोर्टल या मोबाइल ऐप के जरिए अपनी ज़रूरत की सेवा बुक कर सकते हैं और उसी के अनुसार निकटतम पंजीकृत सेवा प्रदाता को कार्य आवंटित होता है। मालूम हो कि इस पोर्टल को भविष्य में और भी सेवाओं से जोड़ने के लिए हर जिले और नगर निकाय तक इसका विस्तार किया जाएगा। इससे छोटे कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।

## विदुर कुटी का 20 करोड़ रुपये से होगा विकास : जयवीर सिंह

**अमृत विचार, लखनऊ :** बिजनौर स्थित विदुर कुटी को महाभारत सर्किट के प्रमुख गंतव्यों में शामिल किया जाएगा। इसके लिए विदुर कुटी का पर्यटन विकास किया जाएगा, इसके लिए राज्य सरकार ने 20 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। यह जानकारी पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि कुरुवंश के महामंत्री महात्मा विदुर की तपोस्थली विदुर कुटी का ऐतिहासिक महत्व है। विदुर कुटी के माध्यम से बिजनौर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान मिलेगी। पर्यटन विकास में प्रवेश द्वार, सौंदर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

# एमबीबीएस में दाखिले के लिए अभ्यर्थियों को आज से देनी होगी कॉलेज की प्राथमिकताएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **5 अगस्त को सीट आंवटन के बाद कॉलेजों में शुरू होगी दाखिले की प्रक्रिया**

**अमृत विचार :** प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस व डेंटल कॉलेजों में बीडीएस प्रथम वर्ष में दाखिला लेने के लिए बुधवार शाम चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक कार्यालय द्वारा काउंसिलिंग में पंजीक्रत अभ्यर्थियों की मेरिट सूची जारी कर दी है। सूची में शामिल अभ्यर्थियों को क्रमानुसार 31 जुलाई गुरुवार से 4 अगस्त तक मनपसंद कॉलेजों की प्राथमिकताएं ऑनलाइन देनी होंगी।



चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि नीट यूजी 2025 की काउंसिलिंग शुरू हो चुकी हैं, प्रथम चरण में पंजीकरण कराकर धरोहर राशि जमा करने वाले अभ्यर्थियों के प्रपत्रों की जांच उपरांत मेरिट सूची तैयार की गयी है। मेरिट के आधार पर अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा, प्राथमिकताएं देने के बाद 5 अगस्त को सीट आवंटन के परिणाम घोषित किए जाएंगे, इसके बाद अगले दिन 6 अगस्त से आवंटन पत्र डाउनलोड कर संबन्धित कॉलेजों मे प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी, प्रवेश प्रक्रिया 14 अगस्त तक पूर्ण करनी होगी।

मालूम हो कि चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा गठित शुल्क निर्धारण समिति ने निजी मेडिकल कॉलेज व डेंटल कॉलेजों की प्रथम वर्ष में निर्धारित शुल्क की घोषणा की कर दी है, जिसे विभाग की बेवसाइट पर लोड कर दिया गया है, ताकि किसी कॉलेज में अतिरिक्त शुल्क न लिया जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### मंडलीय टीम का चयन, बदायूं और शाहजहांपुर के खिलाड़ी नहीं आए

**बरेली, अमृत विचार :** स्पोर्ट्स स्टेडियम में बुधवार को प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए मंडलीय टीम का चयन किया गया। ट्रायल में पीलीभीत के 5 और बरेली के 7 खिलाड़ी पहुंचे लेकिन शाहजहांपुर और बदायूं से एक भी खिलाड़ी नहीं पहुंचा। इस दौरान 12 सदस्यों की टीम में खुश प्रीत सिंह, मृत्युंजय भट्ट, अभिजोत सिंह, लवप्रीत सिंह, वेदांत वाजपेयी, शुभाशीष अग्रवाल, संभव गोस्वामी, शांतनु गौड़, तेजस्व मौर्य, लक्ष्य मिश्रा, अर्शनूर सिंह और नकी हैदर का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ी 2 से 5 अगस्त तक प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस अवसर पर जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव सोनू श्रोत्रिय, जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव ओपी कोहली व अन्य उपस्थित रहे।

### ऑडियो वायरल होने के मामले में जांच कमेटी गठित

**बरेली, अमृत विचार :** एचआर टीम को बिजली चोरी छोड़ने के मामले में लेनदेन का ऑडियो वायरल होने के मामले में मुख्य अभियंता के निर्देश पर अधीक्षण अभियंता ने जांच कमेटी में एक्सईन सत्येन्द्र चौहान और एसडीओ रविन्द्र सिंह को नामित करके पांच दिन में रिपोर्ट मांगी है। एचआर टीम का एक ऑडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें कुछ लोग 12 हजार रुपये में बिजली चोरी छोड़ने की बात कह रहे थे। ऑडियो मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश के संज्ञान में आया तो उन्होंने अधीक्षण अभियंता ब्रह्मपाल से मामले की जांच कर रिपोर्ट तलब की। जिसके बाद अधीक्षण अभियंता के निर्देश पर दो सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है। मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मुरादाबाद मंडल के नए डीआरएम संग्रह मौर्य ने संभाला पदभार

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के नए डीआरएम संग्रह मौर्य ने बुधवार को पदभार ग्रहण किया। संग्रह मौर्य रेल की इंजीनियर्स सेवा (आईआरएसई) के बैच 1996 के अधिकारी हैं। वह इससे पहले पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (निर्माण) के प्रमुख अभियंता थे। उन्होंने यूएसबीआरएल (उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक) परियोजना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जो कश्मीर घाटी को शेष भारत के रेल नेटवर्क से जोड़ने वाली एक चुनौतीपूर्ण रेललाइन है।

### परास्नातक की मेरिट थ्योरी के अंक से ही बनाई जाएगी

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में परास्नातक में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रवेश समिति ने बुधवार को बैठक की, जिसमें निर्णय लिया कि प्रवेश और मेरिट रुहेलखंड विश्वविद्यालय की नियमावली के तहत होंगे। मेरिट में सिर्फ थ्योरी के अंक ही जोड़े जाएंगे। दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक करने वाले कुछ छात्रों की मेरिट में दिक्कत आ रही है, उनके थ्योरी और प्रेक्टिकल के अंक एक में ही शामिल हैं।

#### रुहेलखंड विवि ने सभी महाविद्यालयों को जारी किए निर्देश, 24 जुलाई से शुरू हो चुका कक्षाओं का संचालन

# निर्देश : शैक्षणिक कैलेंडर के आधार पर शुरू कराएं पढ़ाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने सभी महाविद्यालयों को शैक्षणिक कैलेंडर के आधार पर कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए हैं। शैक्षिक सत्र 2025-26 की कक्षाओं का संचालन 24 जुलाई से शुरू हो चुका है।

कुलसचिव संजीव कुमार की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि यदि किसी महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया में तकनीकी कारणों से देरी हुई है और कक्षाओं का नियमित संचालन बाधित हुआ है, तो संबंधित महाविद्यालय अतिरिक्त कक्षाओं का आयोजन कर शिक्षण की भरपाई सुनिश्चित कर लें और शैक्षणिक कैलेंडर का अनुपालन सुनिश्चित करें।

वे छात्र-छात्राएं जिन्हें परीक्षा परिणाम के आधार पर अगली कक्षाओं में प्रोन्नत किया जाना है, उन सभी छात्रों को प्रोन्नत मानते हुए उनकी कक्षाएं भी शैक्षणिक कैलेंडर के अनुरूप कराना सुनिश्चित कर लें। यदि परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद कुछ छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम आशानुरूप प्राप्त नहीं होता है या किसी अन्य कारण से वे अगली कक्षाओं में प्रोन्नत के पात्र नहीं पाए गए हैं तो विश्वविद्यालय के नियमों एवं निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार संबंधित को सूचित करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करें। प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाए कि शैक्षणिक सत्र की नियमितता बनी रहे और अध्यापन एवं मूल्यांकन का कार्य समयबद्ध रूप से संपन्न हो सके।

**शासन की ओर से जारी शैक्षिक कैलेंडर :** शासन की ओर से जारी शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने की तिथि 24 जुलाई है। शिक्षण कार्य 26 जुलाई से शुरू होगा और 1 नवंबर तक पूरा करना होगा। प्रयोगात्मक परीक्षाएं 10 नवंबर तक और सेमेस्टर की परीक्षाएं 11 नवंबर से 10 दिसंबर तक करानी होंगी। 21 दिसंबर से 5 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश और 5 जनवरी 2026 तक परीक्षा परिणाम घोषित करना होगा। तृतीय, पंचम और सप्तम सेमेस्टर की कक्षाएं 21 जुलाई से शुरू होंगी। परीक्षा और परिणाम की तिथि प्रथम सेमेस्टर की तरह ही रहेंगी। द्वितीय चतुर्थ और अष्टम सेमेस्टर की कक्षाएं 5 जनवरी से शुरू होंगी और 11 अप्रैल से 10 मई तक परीक्षाएं होंगी और 15 जून तक परिणाम जारी करना होगा।

**स्नातक की सीटें अब 7 अगस्त तक होंगी लॉक : बरेली, अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक प्रथम वर्ष में प्रथम व द्वितीय चरण में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की समर्थ पोर्टल पर सीट लॉक करने की तिथि बढ़ा दी है। अब महाविद्यालयों को 25 जुलाई तक प्रवेशित विद्यार्थियों की सीट 7 अगस्त तक लॉक करनी होगी। विश्वविद्यालय की ओर से इससे पहले 31 जुलाई अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी।

कुलसचिव की ओर से सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य को निर्देश दिए गए हैं कि कुलपति के आदेश पर तिथि विस्तारित कर दी गई है। उन्होंने कहा कि समर्थ पोर्टल पर डाटा लॉक करना अनिवार्य है।

### बरेली कॉलेज : 20 अगस्त तक लेने होंगे एलएलबी में प्रवेश

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बरेली कॉलेज को एलएलबी में प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के 20 अगस्त तक प्रवेश सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कुलसचिव की ओर से पत्र जारी कर कहा गया है कि प्रवेश के लिए महाविद्यालय की ओर से सूचना प्रकाशित कराई जाए। इसके अलावा प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त कर, प्रवेश परीक्षा में प्राप्त रैंक के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर और अभ्यर्थियों के मूल शैक्षणिक, आरक्षण, भारांक यदि हैं तो संबंधी प्रपत्रों के परीक्षण के बाद निर्धारित सीट संख्या पर प्रवेश सुनिश्चित करें। प्रवेशित अभ्यर्थियों का विवरण विश्वविद्यालय की ई-मेल पर 23 अगस्त तक और हार्डकॉपी 25 अगस्त तक उपलब्ध कराएं।

## मुठभेड़ में दो लुटेरे गिरफ्तार एक के पैर में लगी गोली

संवाददाता, बरेली/फरीदपुर

**अमृत विचार :** फरीदपुर थाना पुलिस ने मंगलवार देर रात मुठभेड़ के दौरान दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। दो बदमाश मौके से भाग गए। एक बदमाश के पैर में गोली लगी है और एक सिपाही भी घायल हुआ है। बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने एक बाइक, दो तमंचा, दो जिंदा कारतूस बरामद की हैं। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान सरताज और लालाराम के रूप में हुई है।

फरीदपुर थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि पुलिस को जानकारी हुई कि इनायतपुर नहर से 19 जुलाई को चोरी हुई मोटर साइकिल और बिथरी चैनपुर क्षेत्र से मोटर साइकिल लूटने वाले रहपुरा नहर के किनारे से गौसगंज हाईवे की तरफ को जाने वाले रास्ते पर खड़े हैं। पुलिस टीम ने आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने लगी। इसी बीच आरोपियों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। जिसमें सिपाही मेघ श्याम घायल हो गया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें लालाराम निवासी गांव जसौली दिवाली थाना बीसलपुर पीलीभीत के दाहिने पैर में गोली लगी। पुलिस ने उसके साथी सरताज निवासी ग्राम परेवा कुईया, भुता को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सीओ फरीदपुर संदीप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। घायल बदमाश लालाराम के खिलाफ 13 और सरताज पर तीन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# एक माह से दहशत फैलाने वाले तेंदुए को पकड़ा

### हाफिजगंज में तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाए थे तीन पिंजरे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** हाफिजगंज क्षेत्र में एक महीने से दहशत फैलाने वाला तेंदुआ मंगलवार रात वन विभाग के लगाए गए पिंजरे में फंस गया। तेंदुए का मेडिकल कराया गया और उसे स्वस्थ होने पर नजीबाबाद के जंगल में छोड़ दिया गया।

हाफिजगंज थाना क्षेत्र के फैजुल्लापुर में बंद पड़ी खेतान फैक्ट्री में एक माह पहले तेंदुए को फैक्ट्री के चौकीदार अजय पाठक ने सबसे पहले देखा था। तेंदुए ने उसकी गाय पर हमला किया था। चौकीदार ने किसी तरह छत पर चढ़कर अपनी जान बचाई थी। उन्होंने तेंदुए की वीडियो भी बनाई थी। आसपास के क्षेत्र में लगातार तेंदुआ देखे जाने बात सामने आई थी। वन विभाग की टीम ने फैक्ट्री के आसपास तेंदुए को पकड़ने के लिए तीन पिंजरे के साथ कैमरे लगाए थे, लेकिन तेंदुआ ट्रेस नहीं हो पा रहा था। तेंदुए को पकड़ने में लगातार विफल हो रही टीम को जब सफलता नहीं मिली, तो मेरठ से वन्यजीव विशेषज्ञ जीएस खुशालिया को बुलाया गया। उन्होंने मौके का निरीक्षण कर रणनीति तैयार की और फैक्ट्री के बाहर निकलने वाले रास्ते पर पिंजरा लगवाया। अंततः भूख से परेशान तेंदुआ शिकार के लालच में पिंजरे में घुस गया और कैद हो गया।

नवाबगंज रेंजर केके मिश्रा ने बताया कि तेंदुए को रेस्क्यू करने के बाद डॉक्टरों की टीम ने उसका मेडिकल किया। जिसके बाद उसे नजीबाबाद के जंगल में छोड़ने के लिए भेज दिया गया।



पिंजरे में पकड़ा गया तेंदुआ। ● अमृत विचार

### मारपीट में सात लोगों पर मुकदमा दर्ज

**मीरगंज, अमृत विचार:** नंदगांव निवासी छोटे लाल मंगलवार रात ओमप्रकाश के घर से दूध लेकर लौट रहे थे। रास्ते में गांव के कुछ लोगों ने उनको नाली व कीचड़ में गिराकर लाठी डंडों से बेरहमी से पीटा। सूचना पर उनका पुत्र राजीव पहुंच गया। पिता को बचाने आये राजीव को भी आरोपियों ने पीट दिया। पुलिस ने आरोपी वेदप्रकाश, विकास व विशाल निवासी नंदगांव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। दूसरी घटना गांव रसूलपुर की है। रामौतार का आरोप है गांव के देवीदास एवं महेंद्र बुधवार की सुबह सात बजे चकरोड बंद कर रहे थे। विरोध करने पर गाली गलौच कर मारपीट करने पर आमदा हो गए पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। तीसरी घटना गांव सैंजना की है। सैंजना निवासी मैनाज से मंगलवार को शब्दर हुसैन व अफसर हुसैन ने गाली गलौच कर लात घूसों से मारपीट की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। चौथी घटना गांव मनकरा में हुई। समूह की बात को लेकर कुछ लोगों ने गाली गलौच कर विनीता को लाठी डंडों से मारपीट की। पुलिस ने मारपीट के मामलों में मुकदमा दर्ज कर लिया।

## पूर्वोत्तर रेलवे के 1,441 किमी रूट पर कवच 4.0 का होगा विस्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** भारतीय रेलवे ने ट्रेन सुरक्षा के क्षेत्र में अत्याधुनिक स्वदेशी सुरक्षा प्रणाली कवच 4.0 को दिल्ली-मुंबई उच्च घनत्व रेलमार्ग के मथुरा-कोटा खंड पर सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया है। यह पहल आत्मनिर्भर भारत के तहत स्वदेशी तकनीक से विकसित ऑटोमेटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम के जरिए की गई है।

पूर्वोत्तर रेलवे के सीपीआरओ पीके सिंह ने बताया कि कवच 4.0 प्रणाली को आरडीएसओ से जुलाई 2024 में स्वीकृति प्राप्त हुई थी। विकसित देशों ने इस तरह की प्रणाली विकसित करने में 20-30 वर्ष लगाए, जबकि भारत ने यह उपलब्धि कम समय में हासिल की। इस प्रणाली को अब पूर्वोत्तर रेलवे के 1,441 रूट किलोमीटर पर भी लागू किया जाएगा। इसके लिए रेल मंत्रालय ने 492.21 करोड़ रुपये की लागत स्वीकृत की है। प्रथम चरण में 558 रूट किमी पर कवच स्थापित किया जाएगा, जिसमें लखनऊ और वाराणसी मंडल के कई खंड शामिल हैं। इज्जतनगर मंडल के रावतपुर-फर्रुखाबाद, फर्रुखाबाद-कासगंज और कासगंज-मथुरा खंडों को भी कवच परियोजना में शामिल किया गया है।

टेलीकॉम टावरों की स्थापना का कार्य कई हिस्सों में प्रगति पर है। कवच प्रणाली लोको पायलट को सिग्नल देखने, ट्रेन ब्रेकिंग और कम दृश्यता में सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद करती है। यह प्रणाली सेफ्टी इंटीग्रिटी लेवल 4 पर आधारित है। इसमें आरएफआईडी टैग, टेलीकॉम टावर, लोको कवच, स्टेशन कवच और ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क जैसी जटिल तकनीकें शामिल हैं।

यह पूरी प्रणाली ट्रेन संचालन में किसी रुकावट के बिना स्थापित की जाती है। अब तक 1,107 इंजनों, 708 स्टेशनों, और 4,001 रूट किमी ट्रैक पर कवच सिस्टम स्थापित किया जा चुका है। रेलवे इस प्रणाली को देशभर में अगले छह वर्षों में लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### जिंदगी की जंग हार गया हसीब, इलाज के दौरान जान गई

**बरेली, अमृत विचार :** दिल्ली में गैस लीक हादसे में बचा हसीब 24 दिन से जिंदगी की जंग लड़ रहा था, मंगलवार रात उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। बुधवार दोपहर हसीब को गांव के ही कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक कर दिया गया।

सीबीगंज थाना क्षेत्र के बंडिया गांव निवासी मोहसिन, हसीब और सनईया रानी मेवाकुंवर निवासी इमरान और अंकित रस्तोगी दक्षिण दिल्ली के आंबेडकर नगर थाना क्षेत्र में किराए के मकान पर रहकर एसी ठीक करने का काम करते थे। पांच जुलाई को कमरे में एसी की गैस लीक होने से चारों का दम घुट गया था। दिल्ली पुलिस ने दरवाजा तोड़कर चारों को कमरे से बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया था। अस्पताल में डाक्टरों ने इमरान, मोहसिन और अंकित रस्तोगी को मृत घोषित कर दिया था। जबकि हसीब का एम्स में इलाज चल रहा था। 23 जुलाई को हालत में सुधार होने पर डाक्टरों ने हसीब को डिस्चार्ज कर दिया। मंगलवार दोपहर परिजन उन्हें घर ले आए। रात में अचानक उनकी हालत बिगड़ गई, डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# प्रेमी से शादी करने के लिए बेटी ने रची चोरी की झूठी कहानी

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी (बरेली)

- घर में ही रखे मिले गहने व रुपये थाना प्रभारी से मिल कर मुकदमा निरस्त करने का किया अनुरोध
- फरीदपुर रामचरन में हुई चोरी का पुलिस ने किया पर्दाफाश

**अमृत विचार :** फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के ग्राम फरीदपुरा रामचरन में प्रेम प्रसंग के चलते एक युवती ने अपने ही घर में चोरी की झूठी कहानी गढ़ दी। उसने प्रेमी के साथ शादी करने और खर्च जुटाने के लिए घर में रखे जेवरात और रुपये चुरा लिए और बाद में परिजनों को चोरों के घर में घुसने की झूठी सूचना देकर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई।

यह घटना 28 जुलाई को राकेश कुमार पुत्र गंगाराम द्वारा दर्ज कराई गई थी। राकेश ने बताया था कि उनके घर से एक जोड़ी पायल, एक जोड़ी कुंडल, एक अंगूठी और 10,000 चोरी हो गए हैं। पुलिस ने जब मामले की छानबीन शुरू की तो घटनास्थल का निरीक्षण संदिग्ध लगा और जांच में नया मोड़ आया। थाना प्रभारी सुरेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि विवेचना के दौरान राकेश की पुत्री ने स्वीकार किया कि उसका गांव के ही एक युवक से प्रेम संबंध था। दोनों हाईस्कूल तक साथ पढ़े थे और फोन पर बातचीत करते थे। युवती ने अपने माता-पिता को बताया कि वह प्रेमी के साथ भागकर शादी करना चाहती थी। शादी और खर्चे के लिए उसने मां के जेवर और 10,000 प्लास्टिक के कट्टे में छिपा दिए और घर में झूठी चोरी की सूचना फैला दी।

मंगलवार को पिता राकेश कुमार ने थाने में लिखित प्रार्थना पत्र देकर बताया कि चोरी जैसी कोई घटना नहीं हुई।

उनकी पुत्री ने ही रुपये और जेवर घर में छिपा दिए थे, जो अब मिल गए हैं। उन्होंने पुलिस को गहने और नकद रुपये सौंप दिए और मुकदमे को निरस्त करने का अनुरोध किया। पुलिस अब झूठी तहरीर देने और गुमराह करने के मामले की कानूनी प्रक्रिया पर विचार कर रही है।

### छावनी परिषद क्षेत्र में बढ़ेंगी सुविधाएं

**बरेली, अमृत विचार :** छावनी परिषद कार्यालय में बुधवार मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. तनु जैन की अध्यक्षता में व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। व्यापारियों ने पेट्रोल पंप की स्थापना, ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशन, बाजार का नवीनीकरण और स्वच्छ सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्था समेत कई मांगें रखीं। छावनी परिषद उनकी मांगों को प्राथमिकता पर लेकर अमल में लाएगी।

# कैंसर पीड़िता सास को प्लॉट में छोड़ गई बहू

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

- मौत के बाद बहू के खिलाफ पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**अमृत विचार :** पूराबाजार विकासखंड के किशुनदासपुर के प्लॉट में वृद्धा को उसकी बहू लावारिस हालत में छोड़ गयी। बहू और उसकी नौकरानी वृद्धा को ई रिक्शा में लादकर यहां पहुंचे थे और आधी रात के बाद प्लाट में छोड़ने के बाद दोनों फरार हो गए। लगभग एक सप्ताह पूर्व बुधवार को हुई इस शर्मनाक मामले के बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर गुरुवार सुबह पुलिस ने उसे दर्शन नगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां शाम को उसकी मौत हो गई थी।

घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। पुलिस ने मृतका की फोटो भी सोशल मीडिया के साथ जिले व आसपास के जिलों के पुलिस थानों में भिजवाई थी। एक सप्ताह बाद बुधवार को महिला की पहचान हो गई। उसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर कुछ परिजनों को हिरासत में लिया है।

**अयोध्या कोतवाल ने दी थी शव को मुखाग्नि :** वृद्धा की पहचान भगवती पत्नी बृजलाल निवासी नगवां थाना नवाबगंज गोंडा के रूप में हुई। भगवती कैंसर से पीड़ित थीं। वृद्धा भगवती की मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

बताया जाता है कि उनके गले में कीड़े पड़ने लगे थे। मौत के बाद शिनाख्त के लिए 72 घंटे तक शव को मॉर्च्युरी में रखवाया गया था। समय बीतने के बाद अयोध्या कोतवाल मनोज शर्मा ने भगवती का अंतिम संस्कार कराया था। मुखाग्नि उन्होंने ही दी थी। एसएसपी डॉ.गौरव ग्रोवर ने बताया कि मृतक वृद्धा की पहचान के लिए उसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल की थी। साथ ही पुलिस की चार टीमें गठित की गई थी। घटना के पांच दिन बाद सीसीटीवी फुटेज के आधार पर महिला की पहचान करने में सफलता मिली। समाजसेवी पंकज अग्रवाल की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है। कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### पुलिस लाइन में घुसकर गला दबाया, पीटा

**बरेली, अमृत विचार :** पुलिस लाइन में तैनात महिला मुख्य आरक्षी अंशु चौधरी ने बताया है कि उनकी शादी 21 मई 2015 को गांव रज्जाकपुर अमरोहा निवासी कपिल सिंह के साथ हुई थी। शादी के बाद ससुराल में सास राजवीरी देवी, ससुर विक्रम सिंह, जेठ अरुण सिंह, जिठानी प्रियंका और पति कपिल सिंह दहेज को लेकर मानसिक और शारीरिक रूप से शोषण करने लगे। उसके दो बेटियां पैदा हुई। जिस पर पति, सास और ससुर बेटा पैदा न होने का ताना देकर मारपीट करने लगे और तलाक देने की धमकी दी। आरोप है कि 3 अगस्त 2024 को वह पुलिस लाइन स्थित सरकारी आवास में छोटी बेटी खुशी के साथ मौजूद थी। इसी दौरान पति कपिल सिंह रात करीब 9 बजे फोन आया कि वह आ रहा है। रात करीब 10 बजे कपिल सिंह अपने तीन अज्ञात दोस्तों के साथ आवास पर कार से आ धमका। साथ ही उससे मकान बेचने को लेकर दबाव बनाने लगा। विरोध करने पर गालीगलौज कर मारपीट की और गला भी दबाया।


## कार्यालय नगर निगम, शाहजहाँपुर

पत्रांक:- 639/पी.आर.ओ./ज.क.वि./न0नि0शाह0/2025-26 दिनांक:- 30/07/2025

**अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

राज्य वित्त आयोग अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 01 नग वाटर कूलर व 01 नग सबमर्सिबल अधिष्ठापन कार्य की दरो के निर्धारण हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत/अपंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से दिनांक 08.08.25 की अपरान्ह 03.00 बजे तक तृतीय वार ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जो तद दिनांक 08.08.2025 की अपरान्ह 04:00 बजे खोली जायेंगी। ई-निविदा प्रणाली की समस्त कार्यवाही वेवसाइट www.etender.up.nic पद पर की जायेगी। कार्यो की निविदा शुल्क नगर निमग, शाहजहाँपुर के बैंक खाता सं0- 50200017927485, IFSC Code HDFC0000869, एच.डी.एफ.सी. बैंक, शाहजहाँपुर में तथा कार्य की जमानत धनराशि नगर निगम के बैंक खाता सं0-50265293184 IFSC कोड-IDIB000C632 इंडियन बैंक, गोविन्दगंज, शाहजहाँपुर में जमा कराने उपरान्त मूल प्रति ई-निविदा के साथ अपलोड करनी होगी। 01 अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।

**नगर आयुक्त**

## किसान सहकारी चीनी मिल्स लि0, सेमीखेड़ा, बरेली

**ई-निविदा सूचना**

इस चीनी मिल में सत्र 2025-26 हेतु अभियांत्रिक विभाग में निम्नलिखित कार्यपूर्ति हेतु नीचे दर्शायी गये कार्यों की ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

1. 01 नग नया केन अनलोडर हेतु ब्रिज एसेसरीज की आपूर्ति करना।
2. पेराई सत्र 2025-26 प्रारम्भ होने से पूर्व प्लांट क्षमता 2750 टी0सी0डी० में स्थापित मिल नं0 4 हेतु मिल ड्राइव मय 450 किलोवाट ए०सी० मोटर वी०एफ०डी० पैनल सहित, प्लेटनरी गियर बॉक्स तथा रोपलेस कपलिंग मय एसेसीरीज की आपूर्ति, इरेक्शन एवं कमीशिनिंग का कार्य मय कम्पलीट ऑटोमेशन के साथ करना।
3. मिल समिति में स्थापित 60 टन क्षमता के पैन की पुरानी कलेन्ड्रिया को टयूब सहित डिस्मेंटल करना तथा नयी कलेन्ड्रिया मय वाटम शॉशर के आपूर्ति करना, फिटिंग करने के उपरांत नयी एस०एस० टयूबों को डालना, हाइड्रोलिक टेस्टिंग करना तथा लीक प्रूफ ट्रायल देना।
4. थर्मेक्स मेक 30 टन क्षमता के ब्रायलर हेतु रिट्रेक्टेबल टाइप शूट ब्लोअर मशीन की आपूर्ति करना मय लेंसर टयूब कनेक्शन एवं फिटिंग आदि सहित।
5. आई०डी० फैन की मोटर 250 एच०पी० हेतु वी०एफ०डी० पैनल तथा एफ०डी० फैन की मोटर 75 एच०पी० हेतु वी०एफ०डी० पैनल एवं 02 नग टी०आर०पी०एफ० हेतु 100 एच०पी० की मोटर तथा इसके लिये 02 नग वी०एफ०डी० पैनल ड्राइव की आपूर्ति करना।
6. स्प्रे पॉण्ड की ब्रांच पाइपिंग एवं हैडर का मॉडीफिकेशन हेतु एस०एस० पाइप, हैडर एवं पी०वी०सी० क्लस्टर की आपूर्ति करना।
7. मिल टी०आर०पी०एफ० हेतु 01 नग नयी 100 एच०पी०, 1440 आर०पी०एम० एस०-1 ड्यूटी इंडक्शन मोटर की आपूर्ति करना।

उपरोक्त कार्य हेतु इच्छुक/पंजीकृत एवं अनुभवी निविदादाताओं से ई-निविदायें दिनांक 29.07.2025 से 05.08.2025 तक निर्धारित सारणी/समय-समय पर आमंत्रित की जायेगी जिसकी विस्तृत जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in तथा www.upsugarfed.org से डाउनलोड की जा सकती है।

**प्रधान प्रबन्धक**

## पूर्वोत्तर रेलवे

**ई-आक्शन सूचना**

**संख्याः सी/536/पार्किंग/ई-ऑक्शन/प्रकाशन, दिनांक 29-07-2025**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक/इज्जतनगर द्वारा आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) पर पंजीकृत संस्थाओं से ई-ऑक्शन के माध्यम से पार्किंग एवं पे एण्ड यूज ठेको हेतु बोलिया आमंत्रित की जा रही है। ऑक्शन कैटलॉग को आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर प्रकाशित किया जा चुका है। इज्जतनगर मंडल की आगामी ई-ऑक्शन का विवरण निम्नवत हैः-

**श्रेणीः** पे एण्ड यूज शौचालय, **कैटलॉग सं.:** IZN-PNU-2025-07, **एसेट विवरणः** टनकपुर, उझानी एवं पीलीभीत स्टेशनों के पे एण्ड यूज ठेकों का ई-ऑक्शन। **ऑक्शन प्रारम्भः** 11-08-2025, 10:00:00, **ऑक्शन समापनः** 11-08-2025, 11:50:00, **श्रेणीः** पार्किंग, **कैटलॉग सं.:** IZN-PARK-25-08, **एसेट विवरणः** बरेली सिटी- 4व्हीलर, कमालगंज, पीलीभीत, खटीमा, बीसलपुर, बाजपुर, बदायूं मेण्डू, सिकन्द्राराव, शाही, भोजीपुरा, गुरसहायगंज, रूद्रपुर सिटी, निगोही एवं उझानी स्टेशनों के पार्किंग ठेकों का ई-ऑक्शन। **ऑक्शन प्रारम्भः** 11-08-2025, 11:00:00, **ऑक्शन समापनः** 11-08-2025, 13:50:00

**नोटः (1)** बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि ई-ऑक्शन से संबंधित अधिक जानकारी के लिये वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। **(2)** उक्त ई-ऑक्शन आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) के ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। **(3)** ई-ऑक्शन संबंधित समस्त जानकारी जैसे पात्रता, कार्य का दायरा, ठेके की अवधि, नियम व शर्ते आदि आई.आर.ई.पी.एस.(IREPS) की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **(4)** बोलीदाता उक्त दिये गये दिनांक एवं समय के अनुसार ही ई-ऑक्शन में भाग ले सकते हैं। **(5)** सभी संभावी बोलीदाताओं से अनुरोध है कि उक्त ई-ऑक्शन से संबंधित किसी भी शुद्धिपत्र हेतु नियमित रूप से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करते रहें।

**सहायक वाणिज्य प्रबन्धक,**
**मुजाधि/वाणिज्य-97 इज्जतनगर**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## कार्यालय नगर पंचायत उसावां (बदायूँ)

संख्या-69/न.पं.उसां./2025-26 दिनांक : 24.7.25

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना के अन्तर्गत प्राप्त स्वीकृति कान्हा गौशाला निर्माण कार्य की निविदाएं ई-टेण्डर वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दि. 25.7.2025 को समय 11 बजे से दि. 31.7.25 को समय 5 बजे तक उपलब्ध रहेगी जोकि कार्यालय समय में दि. 1.8.25 को प्रातः 11 बजे सक्षम समिति के द्वारा खोली जायेगी। E-Tender Technical and Financial Bid से सम्बन्धित समस्त शर्तो व विवरण की जानकारी ई-टेण्डर वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर की देखी जा सकती है।

**(देवेन्द्र प्रताप गौतम)** अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत, उसावां (बदायूँ)
**(प्रियंका सिंह)** अध्यक्ष नगर पंचायत, उसावां (बदायूँ)

## कार्यालय नगर पंचायत उसावां (बदायूँ)

संख्या-70/न.पं.उसां./2025-26 दिनांक : 24.07.25

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि 15वां वित्त आयोग वित्तीय वर्ष 2024-25 निर्दिष्ट अनुदान की प्रथम व द्वितीय किश्त के अन्तर्गत इण्डियामार्का-2 हैण्डपम्पों की अधिष्ठापन/रिबोर कार्य हेतु प्राप्त धनराशि से कार्य कराने हेतु E-Tender Technical and Financial bid के माध्यम से दि. 25.07.2025 को समय 11 बजे से दि. 31.07.2025 तक सायं 5 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। E-Tender से प्राप्त निविदायें E-Tender Technical and Financial bid दि. 01.08.2025 से खोली जायेगी। E-Tender Technical and Financial bid से सम्बन्धित समस्त शर्तो व विवरण की जानकारी ई-टेण्डर वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर की देखी जा सकती है।

**(देवेन्द्र प्रताप गौतम)** अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत, उसावां (बदायूँ)
**(प्रियंका सिंह)** अध्यक्ष नगर पंचायत, उसावां (बदायूँ)

## प्राथमिक विद्यालय सिठौरा, नगर क्षेत्र, बरेली

पत्रांक:- एस.एस.ए./160-सी/2024-25 दिनांक:- 30.07.2025

**नीलामी सूचना**

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली के पत्रांक- एस.एस.सी. निर्माण/2886-94/2024-25 दिनांक 26.09.2024 के अनुपालन में प्रा.वि. सिठौरा नगर क्षेत्र, बरेली के जर्जर कमरों की नीलामी 02 अगस्त, 05 अगस्त, 08 अगस्त 2025 को प्रातः 10 बजे प्रा.वि. सिठौरा के प्रांगण में की जायेगी। नीलामी की शेष शर्तें व विषय विद्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। नीलामी के समय बोलीदाता को जमा धनराशि के साथ अपना मूल आधार लाना अनिवार्य है। नीलामी स्वीकृत होने पर 25% की धनराशि तुरन्त जमा करनी होगी। शेष धनराशि तीन दिन के अन्दर विद्यालय के SMC खाते में जमा करनी होगी।

**आमिर हुसैन (सचिव)** **प्रीति मौर्य (अध्यक्ष)**
**विद्यालय प्रबन्ध समिति, प्रा.वि. सिठौरा, नगर क्षेत्र, बरेली**

## प्राथमिक विद्यालय बेनीपुर चौधरी, नगर क्षेत्र, बरेली

पत्रांक:- एस.एस.ए./160-सी/2024-25 दिनांक:- 30.07.2025

**नीलामी सूचना**

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली के पत्रांक- एस.एस.सी. निर्माण/2886-94/2024-25 दिनांक 26.09.2024 के अनुपालन में प्रा.वि. बेनीपुर चौधरी नगर क्षेत्र, बरेली के जर्जर कमरों की नीलामी 04 अगस्त, 07 अगस्त, 11 अगस्त 2025 को प्रातः 10 बजे प्रा.वि. बेनीपुर चौधरी के प्रांगण में की जायेगी। नीलामी की शेष शर्तें व विषय विद्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। नीलामी के समय बोलीदाता को जमा धनराशि के साथ अपना मूल आधार लाना अनिवार्य है। नीलामी स्वीकृत होने पर 25% की धनराशि तुरन्त जमा करनी होगी। शेष धनराशि तीन दिन के अन्दर विद्यालय के SMC खाते में जमा करनी होगी।

**आमिर हुसैन (सचिव)** **गीता देवी (अध्यक्ष)**
**विद्यालय प्रबन्ध समिति, प्रा.वि. बेनीपुर चौधरी, नगर क्षेत्र, बरेली**



"हमें हार नहीं माननी चाहिए और समस्या को हमें हराने की अनुमति नहीं देनी चाहिए।"



# भूकंप की त्रासदी

रूस के कामचटका प्रायद्वीप के पास आए 8.8 तीव्रता के भूकंप ने दुनिया के सबसे बड़े और गहरे प्रशांत महासागर में भारी हलचल मचा दी। इस भूकंप ने एक दर्जन से अधिक देशों में सुनामी की दहशत पैदा करके लोगों को सुरक्षित स्थानों की तरफ भागने के लिए मजबूर कर दिया। सुनामी समुद्र में उठने वाली कई मीटर ऊंची तेज लहरें होती हैं, जो तीव्र गति से तट की ओर बढ़ती हैं। सुनामी लहरों के उत्पन्न होने का सबसे प्रभावी कारण भूकंप ही होता है। समुद्र के तटीय इलाकों पर तेजी से टकराकर ये बड़े पैमाने पर जान-माल का नुकसान करती हैं। भारत साल 2004 में सुनामी का भयानक मंजर देख चुका है। हिंद महासागर में भूकंप के बाद आई सुनामी ने भारत सहित 14 देशों में भारी तबाही मचाने के साथ सवा दो लाख से ज्यादा लोगों की जान ले ली थी। लाखों लोगों को विस्थापन, भारी नुकसान, आघात और आर्थिक तंगी से जूझना पड़ा था। वैसे यह जरूरी नहीं है कि हर भूकंप के कारण सुनामी आए। इसके लिए भूकंप का केंद्र समुद्र के भीतर या समीप होना आवश्यक है। इसी कारण सुनामी का कहर भूकंप की तीव्रता पर निर्भर करता है। वैज्ञानिकों के अनुसार 7.8 से अधिक तीव्रता वाले भूकंप, ऐसी विशाल समुद्री लहरें पैदा कर सकते हैं, जो तटीय क्षेत्रों में तेजी से टकराकर घरों, इमारतों, और बुनियादी ढांचे को नष्ट कर सकती हैं। पृथ्वी भले ही ऊपर से शांत नजर आती हो, लेकिन इसके भीतर हमेशा उथल-पुथल चलती रहती है। धरती के गर्भ में प्लेटों के आपस में टकराने के कारण भूकंप आते हैं। ऐसा माना जाता है कि धरती पर हर साल लाखों भूकंप के झटके आते हैं, लेकिन इनमें से कुछेक छोड़कर बाकी इतने मामूली होते हैं कि इन्हें रिकॉर्ड ही नहीं किया जा सकता।

भारत में भी इधर कुछ समय से भूकंप के झटके लगने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। भूकंप के खतरे के लिहाज से देश को पांच जोन में बांटा गया है। इसमें सबसे जोखिम भरा पांचवां जोन है, जिसमें पूरे पूर्वोत्तर भारत के अलावा उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और गुजरात राज्य आते हैं। इसी क्षेत्र में धरती के भीतर इंडियन प्लेट यूरेशियन प्लेट से सबसे ज्यादा टकराती है। देश की राजधानी दिल्ली और एनसीआर इलाका जोन चार में आता है। वैज्ञानिक लंबे समय से भूकंप की भविष्यवाणी करने के तरीके खोजने में लगे हैं, लेकिन अभी तक किसी सटीक नतीजे या तरीके पर नहीं पहुंच सके हैं। ऐसे ही सुनामी का भी पहले से अनुमान लगाना काफी मुश्किल है। हालांकि, एक बार जब वैज्ञानिक भूकंप के बारे में महत्वपूर्ण विवरण जान लेते हैं, तो सुनामी के खतरे का आकलन कर लेते हैं। इन परिस्थितियों में यही कहा जा सकता है कि भूकंप और सुनामी की प्राकृतिक त्रासदी से सुरक्षा के लिए सिर्फ बचाव के उपाय ही किए जा सकते हैं, जो भूंकपरोधी इमारतों के निर्माण और इस संबंध में जागरूकता से ही संभव हैं।

## प्रसंगवश

# मानवता की मर्यादा का आख्यान हैं तुलसी

भारतीय संस्कृति और संत परंपरा में गोस्वामी तुलसीदास का स्थान अत्यंत विशिष्ट और अनुपम है। वे न केवल एक महाकवि थे बल्कि एक ऐसे संत भी थे, जिन्होंने समाज को रामभक्ति का सरल, सुबोध और भावपूर्ण मार्ग दिखाया। उनका जीवन और साहित्य दोनों ही अध्यात्म, भक्ति, मानवता, संस्कार और सनातन मूल्यों की समृद्ध झलक प्रस्तुत करते हैं। तुलसीदास की रचनाओं ने समाज में नई चेतना, आस्था और नैतिकता का संचार किया। आज जब आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों के ह्रास की चिंता की जाती है, तब तुलसीदास की जयंती पर उनका स्मरण और भी अधिक प्रासंगिक हो जाता है। गोस्वामी तुलसीदास की जयंती 31 जुलाई को श्रावण मास की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि पर मनाई जा रही है। यह दिन हमें उस महामानव की स्मृति से जोड़ता है, जिसने राम को जन-जन का भगवान बनाया और रामचरितमानस जैसे अनुपम ग्रंथ के माध्यम से भारतीय समाज को एकता, श्रद्धा और संस्कार की डोर में बांधा।



श्वेता गोयल
नई दिल्ली

> गोस्वामी तुलसीदास ने जीवनभर सनातन धर्म, रामकथा और लोककल्याण को ही अपना लक्ष्य बनाया। वे कभी किसी दरबार के प्रशंसा-पत्र या यश की चाह में नहीं रहे।

गोस्वामी तुलसीदास का जन्म संवत 1554 में उत्तर प्रदेश के राजापुर (चित्रकूट) नामक स्थान पर हुआ था। तुलसीदास की सबसे अमर और कालजयी रचना 'रामचरितमानस' है, जिसे लोकभाषा अवधी में लिखा गया। यह ग्रंथ न केवल एक धार्मिक महाकाव्य है, बल्कि एक सांस्कृतिक, सामाजिक और दार्शनिक धरोहर भी है। तुलसीदास की काव्य प्रतिभा केवल रामचरितमानस तक सीमित नहीं थी। उन्होंने 'हनुमान चालीसा', 'विनय पत्रिका', 'कवितावली', 'गीतावली', 'रामलला नहछू', 'पार्वती मंगल', 'जानकी मंगल', 'दोहावली' जैसी रचनाएं भी की, जिनमें भक्ति, नीति, दर्शन, भाव और संस्कार का अद्भुत संगम मिलता है। हनुमान चालीसा उनकी अत्यंत लोकप्रिय रचना है, जो आज भी करोड़ों लोगों के लिए न केवल एक प्रार्थना है बल्कि साहस, आस्था और सुरक्षा की ढाल है। तुलसीदास का समस्त साहित्य रामभक्ति को केंद्र में रखता है परंतु उसमें केवल धर्म की बातें नहीं हैं। उसमें समाज सुधार, नीति शिक्षण, स्त्री सम्मान, सेवा भावना, सत्य, करूणा, समर्पण, समानता, राष्ट्रप्रेम और मानवता की भी अद्भुत झलक मिलती है। गोस्वामी तुलसीदास ने जीवनभर सनातन धर्म, रामकथा और लोककल्याण को ही अपना लक्ष्य बनाया। वे कभी किसी दरबार के प्रशंसा-पत्र या यश की चाह में नहीं रहे। उन्होंने भिक्षावृत्ति अपनाकर जीवनयापन किया और जन-जन में राम नाम का संचार किया। तुलसीदास का जीवन स्वयं एक प्रेरणा है कि कैसे एक सामान्य मनुष्य कठिन परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य, विश्वास और श्रद्धा के बल पर ईश्वर से साक्षात्कार कर सकता है। उनका यह कथन 'तुलसी मस्तक तब नवै, धरे राम को नाम' जीवन का मूल मंत्र है, जिसमें समर्पण, विश्वास और भक्ति की चरम अवस्था निहित है। उन्होंने भगवान को पाने के लिए योग, तप, तीर्थ या आडंबर का मार्ग नहीं अपनाया बल्कि सहज प्रेम और निष्काम भक्ति का मार्ग अपनाया। उनका दृष्टिकोण यह था कि ईश्वर का नाम स्वयं सबसे बड़ा साधन है और रामनाम से बढ़कर कोई यज्ञ, तप या व्रत नहीं।

आज जब हम गोस्वामी तुलसीदास की जयंती मना रहे हैं, तब यह केवल एक परंपरा का निर्वाह नहीं बल्कि उनके विचारों और आदर्शों को आत्मसात करने का अवसर है। हमें चाहिए कि हम उनकी रचनाओं को केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित न रखें बल्कि उनके विचारों को जीवन की कठिनाईयों में संबल और दिशा के रूप में अपनाएं। गोस्वामी तुलसीदास की वाणी और उनका जीवन आज भी हमारे लिए स्थायी प्रेरणा का स्रोत है।

# भारतीयों की विदेशों में बसने की बढ़ती प्रवृत्ति





अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

> भारत से उच्च और प्रतिभाशाली लोग लगातार देश छोड़कर विदेशों में जा रहे हैं। उनकी प्रतिभा और कार्यकुशलता के बल पर बड़ी बड़ी कंपनियों के लीडर बन बैठे हैं और यही कारण है कि अब ये विदेशी राष्ट्राध्यक्षों की आंखों में खटकने लगे हैं।

विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बनने के बावजूद यह तथ्य विचारणीय है कि आखिरकार एक बड़ी संख्या में भारतीय विदेशों में प्रवास के लिए भारत से क्यों जा रहे हैं? विदेशी नागरिकता लेना और ग्रीन पासपोर्ट धारी होना इतना महत्वपूर्ण क्यों हो गया है? पिछले सप्ताह राज्यसभा मे एक प्रश्न के ज़बाब में विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि विगत 6 साल में 10 लाख से ज्यादा लोग भारत छोड़कर चले गए है। वर्ष 2024 में 2 लाख से ज्यादा भारतीयों ने अपनी नागरिकता त्याग दी है। हालांकि कोरोना काल के दौरान नागरिकता छोड़ने वालों की संख्या में कमी आई थी, लेकिन बाद में फिर नागरिकता छोड़ने वालों की संख्या तेजी से बढ़ने लगी है। विदेश मंत्रालय के एक अन्य आंकड़े के अनुसार लगभग 3.2 करोड़ भारतीय दूसरे देशों में बतौर प्रवासी रह रहे हैं। इनमें से 1.32 करोड़ नान रेजिडेंट इंडियन हैं, जबकि 1.86 करोड़ लोग दूसरे देशों की नागरिकता तक ग्रहण कर चुके हैं। एक अनुमान है कि हरेक साल कम के कम 25 लाख भारतीय प्रवासी बन रहे हैं। इनमें वह आंकड़ा शामिल नहीं है, जिसमें पर्यटक वीजा पर दूसरे देशों में जाने वाले भारतीयों में से कई लोग लौटते ही नहीं हैं। इसके अतिरिक्त डंकी रुट अर्थात अवैध अप्रवासन के आंकड़े इससे काफी अधिक हैं। यह चिंताजनक स्थिति है।

हालांकि हम इस तथ्य से गौरवान्वित हो सकते हैं कि इन्हीं अप्रवासी भारतीयों में से ही आज अमेरिका की करीब 20 बड़ी और दुनिया की 35 प्रमुख कंपनियों की कमान भारतीय मूल के लोग संभाल रहे हैं। इनमें कंपनी अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई, वर्टेक्स फार्मास्युटिकल्स की रेशमा केवल रामानी, शनेल की लीना नायर, माइक्रोसॉफ्ट कॉर्पोरेशन के सत्य नाडेला, फेडएक्स के राज सुब्रमण्यम, अरिस्टा नेटवर्क के जयश्री वी उल्लाल, एडोब के सीईओ शांतनु नारायण और टेस्ला के सीएफओ वैभव तनेजा आदि शामिल हैं। प्रतिष्ठित बिजनेस पत्रिका फॉर्च्यून की सूची में शामिल 552.5 लाख करोड़ रुपए के कुल बाजार पूंजीकरण वाली 11 कंपनियों के सीईओ भारतीय हैं। दुनिया के तीन शेयर बाजारों नैस्डैक, एनवाईएसई और एलएसई में सूचीबद्ध टॉप 300 फर्म्स में से 61 प्रतिशत ऐसी हैं, जिनमें भारतीय मूल के सीईओ या बोर्ड मेंबर हैं। इनमें 23 प्रतिशत का नेतृत्व भारतीय मूल की महिलाएं कर रहीं हैं। सकारात्मक रूप से देखें तो ये अप्रवासी भारतीय डायस्पोरा का प्रचार-प्रसार कर रही है और जहां भी है और जिस देश में है, वहां भारतीयता का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, लेकिन दूसरी तरफ इन लोगों का वहां स्थानीय तौर पर विरोध भी हो रहा है। फिजी, मारीशस जैसे अन्य देशों में जहां अंग्रेज़ी शासन काल में गिरमिटिया या कुली लोग चले गए थे, वहां ये भारतवंशी बहुसंख्यक हैं तथा शासन सत्ता में नेतृत्व संभाल रहे हैं। हाल के वर्षों में ऋषि सुनक और कमला हैरिस जैसे भारतीय अप्रवासी विश्व राजनीति की महत्वपूर्ण राजनीतिक हस्ती है। ये सच है कि भले ही वहां की अर्थव्यवस्था, राजनीति और अन्य क्षेत्रों में इन भारतीय अप्रवासियों का योगदान महत्वपूर्ण हो रहा है लेकिन स्थानीय लोगों को अब यह अखरने लगा है कि ये भारतीय हमारे संसाधनों पर आकर कब्जा कर रहे हैं। उनपर क्षेत्रीयता हावी हो रही है। रंगभेद और भाषा बोली का अंतर दिख ही जाता है। भूरे रंग के अप्रवासी होने के कारण इनको विदेशो में पूर्वाग्रह, भेदभाव और नस्लवाद का सामना भी करना पड़ता हुआ। अपनी सभ्यता संस्कृति को छोड़कर इन्हें स्थानीय सभ्यता संस्कृति अपनानी पड़ती है फिर स्थानीय समाज में दोयम दर्जे के व्यवहार का सामना करना पड़ता है।

स्वाभाविक रूप से स्थानीय सत्ता और सरकार पर भी इसका असर पड़ रहा है। भारत से उच्च और प्रतिभाशाली लोग लगातार देश छोड़कर विदेशों में जा रहे हैं। उनकी प्रतिभा और कार्यकुशलता के बल पर बड़ी बड़ी कंपनियों के लीडर बन बैठे हैं और यही कारण है कि अब ये विदेशी राष्ट्राध्यक्षों की आंखों में खटकने लगे हैं। उन्हें लग रहा है कि ये हमारे रोजगार और संसाधनों का उपयोग कर रहे हैं जबकि हकीकत यह है कि भारतीय प्रतिभा के बल पर ही ये कंपनियों का व्यवसाय इतना आगे बढ़ पाया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का यह बयान है कि गूगल, मेटा, माइक्रोसॉफ्ट जैसी अमेरिकी टेक कंपनियों से कहा कि वे भारत में फैक्ट्री बनाना और वर्कर्स हायर करना बंद करें। कंपनियां अमेरिका फर्स्ट को अपनाएं। डोनाल्ड ट्रंप ने तो विश्वविद्यालयी शिक्षा में भी विदेशी छात्रों पर रोक लगाया है। यह स्थिति भारतीय अप्रवासियों को विदेशों मे दोयम दर्जे का बनाती है। पिछले एक दशक में बिजनेस परिवारों में युवा पीढ़ी के लोग अच्छी-खासी संख्या में कानूनी तरीके से विदेश गए हैं। इसके लिए सबसे लोकप्रिय रास्ता है स्टूडेंट वीजा, जिससे 'ब्रेन ड्रेन' होता है। गुजरातियों का सर्वाधिक मनपसंद गंतव्य अमेरिका है। इसके अतिरिक्त अक्टूबर 2023 से सितंबर 2024 के बीच मेक्सिको और कनाडा के रास्ते अवैध रूप से अमेरिका जाने की कोशिश में लगभग 90 हजार भारतीय गिरफ्तार हुए थे, जिनमें आधे गुजरात से थे। पंजाब में जब उग्रवाद हावी था तो दूसरे देशों में शरणार्थी के रूप में काफी लोग बहाने बनाकर गए। कनाडा और आस्ट्रेलिया आने मनपसंद देश है। पिछले एक दशक में पंजाब से सिक्खों के बजाय हिंदुओं ने देश छोड़ा है। इस ट्रेंड का प्रभाव हिमाचल और हरियाणा में भी दिखने लगा है। सच कहें तो इस प्रवृति को रोकने की जरूरत है। यह प्रवृत्ति जब तक रुकेगी नहीं, भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की सोच नहीं सकता है।

## आमने



केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने कहा, "भारत के प्रधानमंत्री सदन के अंदर जो भी कहेंगे, वही सच है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया, विदेश मंत्री ने उससे पहले स्पष्ट किया कि संघर्ष विराम के लिए किसी का कोई दबाव नहीं था और यह किसी के निर्देश पर नहीं हुआ"

## सामने



कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा, "यह 29वीं बार है जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया है कि युद्धविराम में उनकी भूमिका थी। अगर ट्रंप 29 बार वैश्विक मंच पर कह चुके हैं कि युद्धविराम व्यापार के बदले में हुआ था, तो यह भारत की छवि के खिलाफ है। प्रधानमंत्री को भी इसे खुले तौर पर खारिज करना चाहिए ताकि भारत की वैश्विक छवि को नुकसान न पहुंचे।"

# अस्मिता बचाने को मधेशी दलों में जद्दोजहद



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

> नेपाल के मधेश राजनीति में एक नाम तेजी से उभर कर सामने आ रहा है हृदयेश त्रिपाठी का! हृदयेश त्रिपाठी भारत सीमा से एक दम सटे नेपाली भू भाग नवल परासी के निवासी हैं और यही उनका चुनाव क्षेत्र भी है जहां से वे कई बार सांसद और मंत्री रहे हैं।

राजशाही समाप्त होने के बाद नेपाल की राजनीति में मधेशी दलों का दबदबा था। अब वे अपनी अस्मिता बचाने की जद्दोजहद में हैं। लोकतांत्रिक नेपाल में 2008 में पहली बार हुए चुनाव में नेपाली संसद में मधेशी दलों के सांसदों की संख्या 60-70 के करीब थी। आज घटकर मात्र 15-20 रह गई है। इसका सबसे बड़ा कारण मधेशी दलों में बिखराव और करीब 70-80 लाख युवाओं, महिलाओं और युवतियों का भारत सहित अन्य देशों में रोजगार के सिलसिले में पलायन करना है। वेशक पलायन की यह पूरी की पूरी संख्या अकेले मधेश क्षेत्र की नहीं है लेकिन सर्वाधिक संख्या इसी क्षेत्र की है। बिखरे हुए मधेशी दलों को अपनी ग़लती का शायद एहसास हुआ है और वे धीरे-धीरे एक मंच पर आना शुरू कर दिए हैं। मौका है मधेश क्षेत्र में होने जा रहा एक उपचुनाव। भारत सीमा से सटे भैरहवा यानी प्रतिनिधि सभा क्षेत्र संख्या तीन का उपचुनाव यूं तो नेपाल की राजनीति में कोई खास मायने नहीं रखता लेकिन यह उप चुनाव मधेशी दलों की अस्मिता का सवाल है। इस क्षेत्र से राजा समर्थक पार्टी राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के दीपक बोहरा लगातार सांसद होते रहे हैं। दीपक बोहरा की छवि हिंदू वादी नेता की रही है। वे स्वर्गीय नरेश वीरेंद्र विक्रम शाह के काफी करीबी रहे हैं। बाद में पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र के भी करीबी थे। पिछले दिनों उनका निधन हो गया। इस नाते क्षेत्र संख्या तीन में उपचुनाव होना है।

मौजूदा समय में नेपाल के मधेश राजनीति में एक नाम तेजी से उभर कर सामने आ रहा है हृदयेश त्रिपाठी का! हृदयेश त्रिपाठी भारत सीमा से एक दम सटे नेपाली भू भाग नवल परासी के निवासी हैं और यही उनका चुनाव क्षेत्र भी है जहां से वे कई बार सांसद और मंत्री रहे हैं। मौजूदा समय में वह जनता प्रगतिशील पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। इस पार्टी का मधेश के सभी जिलों में मजबूत संगठन है ही पहाड़ के जिलों तक भी इसका विस्तार हुआ है। हृदयेश त्रिपाठी ने पहल कर करीब आधा दर्जन मधेश दलों एक मंच पर ले आने में सफलता हासिल कर ली है। नाम दिया है लोकतांत्रिक मोर्चा! इस मोर्चा के गठन के पीछे क्षेत्र संख्या तीन के उपचुनाव में सत्ता रूढ़ एमाले सहित राजा वादी पार्टी राप्रपा को हराना अथवा कड़ी टक्कर देना है। स्वर्गीय दीपक बोहरा जिसके निधन के बाद यहां उपचुनाव होना है, वे इस क्षेत्र के बहुत ही लोकप्रिय नेता रहे हैं। काफी संभावना है कि राप्रपा इन्हीं के परिवार के किसी सदस्य को उम्मीदवार बनाए। यदि ऐसा हुआ तो लोकतांत्रिक मोर्चा के उम्मीदवार को चुनाव जीत पाना संभव नहीं है। हां यदि कड़ी टक्कर ही दे पाए तो यह मधेशी दलों के पुनर्जीवन का संकेत जरूर होगा।

भारत सीमा से सटे नेपाल के बड़े भूभाग को मधेश अथवा तराई के नाम से जाना जाता है। बता दें कि नेपाल का भू-भाग दो भागों में बंटा हुआ है। एक मैदानी क्षेत्र दूसरा पहाड़ क्षेत्र। राजशाही के वक्त से ही नेपाल में राजनीति से लेकर सेना, पुलिस और सरकारी नौकरियों में पहाड़ियों का ही वर्चस्व है जो अभी भी कायम है। 2008 के चुनाव में मधेशियों की ताकत से पहाड़ी वर्चस्व दरकता हुआ दिखाई पड़ने से पहाड़ी लोग सकते में आ गए। फिर एक चाल चली गई कि मधेशी राजनीति कमजोर कैसे हो। इसके लिए संसदीय क्षेत्रों के परिसीमन की योजना बनाई गई जिसमें नेपाली कांग्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका थी। इस परिसीमन के माध्यम से तराई के संसदीय सीटों को, जो पहले पूरब पश्चिम का था उसे उत्तर दक्षिण को कर दिया। ऐसा करके मधेश वोटरों को विभाजित कर दिया गया। मधेश के ज्यादातर संसदीय सीट जो मधेश बाहुल्य थे वहां अब एक तिहाई मधेशी और दो तिहाई पहाड़ी वोटर हो गए। मधेशी दल इसका विरोध करते रह गए लेकिन नेपाली कांग्रेस सहित सभी पहाड़ी प्रभुत्व वाले दलों ने मधेशियों के विरोध पर ध्यान ही नहीं दिया। नेपाल के उत्तर पहाड़ियों की संख्या अधिक है। इस तरह राजनीतिक रूप से मधेशियों को कमजोर करने का बड़ा कदम उठाया गया। संसदीय सीटों के इस परिसीमन का नतीजा यह रहा कि नेपाली संसद में मधेशियों की संख्या लगातार घटती गई। यहां यह गौर करने की बात है कि पूर्व में मधेश की राजनीति में नेपाली कांग्रेस का दबदबा रहता था, मधेशी जनता नेपाली कांग्रेस को अपना हितैषी मानती रही लेकिन यह बहुत देर में समझ पाई कि आखिर नेपाली कांग्रेस ने अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष किसी मधेशी नेता को क्यों नहीं बनाया जबकि मधेश में एक से एक कांग्रेस के बड़े नेता मौजूद हैं। नेपाल का नया संविधान भी नेपाली कांग्रेस की गठबंधन सरकार में लागू हुआ जिसमें मधेशी जनता के तमाम अधिकारों की अनदेखी की गई। हृदयेश त्रिपाठी के प्रयासों से गठित लोकतांत्रिक मोर्चा पूर्व में लागू संविधान में संशोधन की आवाज बुलंद कर उसमें मधेशियों के हक और अधिकार को समाहित करने की मांग तेज करेगा जिसमें संसदीय सीटों का परिसीमन निरस्त कर उसे पूर्ववत रखने की मांग प्रमुख है। नागरिकता विसंगति भी बड़ा मसला है। संविधान में नागरिकता संबंधी अधिकार का नियम कुछ यूं है कि इससे लाखों की संख्या में विवाहित भारतीय महिलाएं नागरिकता से वंचित हैं। मधेश से जुड़े ऐसे ही कुछ मसले हैं जिनकी नेपाल के लोकतांत्रिक संविधान में अनदेखी की गई, लोकतांत्रिक मोर्चा की इसे लेकर पूरे मधेश में आंदोलन चलाने की तैयारी है। लोकतांत्रिक मोर्चा में मुख्यतः उपेंद्र यादव, अशोक राई, बृजेश चंद लाल, रेशम चौधरी, सीके राउत की पार्टियां शामिल हैं। इन दलों का मधेश के अपने अपने क्षेत्रों में खासा प्रभाव है। सभी मिलकर यदि मधेश की जीवंत समस्याओं के समाधान को लेकर लोगों को जागरूक कर पाए तो निसंदेह भारत सीमा से सटे नेपाल के लंबे चौड़े भू-भाग की राजनीति में ऐसा बदलाव होगा जिससे संपूर्ण नेपाल की राजनीति प्रभावित हुए बिना नहीं रहेगी और ऐसा हुआ तो मधेशी दलें नेपाल की राजनीति में एक बार फिर अपना परचम लहराने में कामयाब होंगी।

## सामयिकी

# पितृसत्तात्मक संरचना और स्त्री सशक्तिकरण

कई बार स्त्री के सामने इस तरह प्रश्न रखा जाता है-क्या चाहिए, सुरक्षा या स्वतंत्रता? आज जैसा माहौल बना दिया गया है, स्वतंत्रता की हर इच्छा और नया कदम स्त्रियों को असुरक्षा की ओर ले जाता है। इस उद्देश्य से तरह-तरह के भय निर्मित किए जाते हैं, पुराने धर्म की दुहाई दी जाती है और महसूस कराया जाता है कि उन्हें सुरक्षा की जरूरत है, अर्थात पितृसत्ता की छांव में लौटो।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

> तनिक सोच लिया जाए, पितृसत्ता ध्वस्त हो गई। लेकिन जाति व्यवस्था मजबूत बनी हुई है। सांप्रदायिकता फैली हुई है। धार्मिक अंधविश्वास पहले से बढ़े हैं। विदेशी कंपनियां छाती जा रही हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बेरोजगारी बढ़ा रहा है।

अर्थात स्वतंत्रता के बारे में ज्यादा न सोचो, सुरक्षा के बारे में सोचो। खाने-पहनने, मिलने-जुलने, साथी चुनने, घर से बाहर रहने, बोलने आदि हर मामले में लिमिट में रहो। धार्मिक महंत-बाबा भी अब खूब मुखर हैं, इन दिनों वे स्त्रियों की जमकर क्लास ले रहे हैं। आज कहने की जरूरत है कि स्त्रियों को सुरक्षा और स्वतंत्रता दोनों चाहिए, पर जमाना किस दिशा में बदल रहा है?

इन दशकों में स्त्री मुक्ति की धारणा को हटाकर स्त्री-सशक्तिकरण की प्रतिष्ठा की गई है। समाज की पितृसत्तात्मक संरचना को बरकरार रखते हुए स्त्री-सशक्तिकरण। क्या यह स्त्री मुक्ति आंदोलन के धीमा पड़ते जाने का समय है?

क्या स्त्रियां नई-नई लक्ष्मण रेखा खींचने के प्रयासों और पद-सम्मान के जरिए महज चिह्न बना दिए जाने की व्यवस्था को चुनौती देने की स्थिति में हैं?

तनिक सोच लिया जाए, पितृसत्ता ध्वस्त हो गई। लेकिन जाति व्यवस्था मजबूत बनी हुई है। सांप्रदायिकता फैली हुई है। धार्मिक अंधविश्वास पहले से बढ़े हैं। विदेशी कंपनियां छाती जा रही हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बेरोजगारी बढ़ा रहा है। प्रशासन में पारदर्शिता नदारद है। देश में हिंसक प्रांतीयता बढ़ रही है। समाज में लूट-मार, अपराध बढ़ रहे हैं। बिग मीडिया में स्त्री एंकर छाई हुई हैं, पर वे अदृश्य हाथों की कठपुतलियां हैं। उच्च उपभोक्ता बाजार का एक नया जाल बन गया है। क्या पितृसत्ता इन चीजों के रहते हुए ध्वस्त हो सकती है? क्या इनका सामना किए बिना पितृसत्ता का बाल भी बांका किया जा सकता है? इसपर सोचा जाना चाहिए कि इन समस्याओं के प्रति गंभीरता कितनी है और इन समस्याओं से बचने की कोशिश कितनी है। आज स्त्रियों में महज चिह्न बना दिए जाने के विरुद्ध कितना असंतोष है और कितनी आतुरता है? यह केवल एक जिज्ञासा है।

## सोशल फोरम

# मतदाता सूची में हुई गड़बड़ी तो कोर्ट करेगा हस्तक्षेप

बिहार मतदाता सूची पुन निरीक्षण पर सुप्रीम कोर्ट में कुछ स्थितियां स्पष्ट होती नजर आई है। याचिकाकर्ताओं ने रिवीजन पर रोक की मांग नहीं की, बल्कि क्रियान्वयन की गड़बड़ियों पर अपनी बात कही और जिन 65 लाख मतदाताओं का नाम काटे जाने की बात कही जा रही है उनको लेकर कुछ सवाल किए। याचिकाकर्ताओं के वकीलों ने कहा मतदाता सूची का ड्राफ्ट आ जाने के बाद जिन मतदाताओं का नाम ड्राफ्ट सूची में नहीं आएगा उनके पास क्लेम करने का कोई अधिकार नहीं रहेगा। उस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा मतदाता सूची का जो ड्राफ्ट आएगा उसके बाद जिन मतदाता सूची के नाम पिछली सूची में थे और अभी काट दिए गए हैं उन्हें न्याय पाने का पूरा अधिकार रहेगा। न्यायलय ने व्यवस्था दी सूची जारी करना एक संवैधानिक प्रक्रिया है और हमारा मानना यह है की चुनाव आयोग उसे पूरे पवित्रता से कर रहा है ऐसे में एक बार उसका ड्राफ्ट आ जाए और यदि उसके बाद आपको कहीं भी लगे किन्हीं 15 मतदाताओं के साथ भी गड़बड़ी हुई है तो कोर्ट आपकी प्रार्थना स्वीकार कर सकता है।



प्रमोद जैन पिंटू
भवानी मंडी

चुनाव आयोग के वकील ने कहा की 15 सितंबर तक ड्राफ्ट कॉपी पटल पर रख देंगे तो इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की उन्होंने कहा की 12 और 13 अगस्त वह तारीख हमारे पास सुनवाई के लिए है, और आपने जिस समय सीमा में ड्राफ्ट सूची रखने की बात कही है, आप उसकी पालना करें उल्लेखनीय है की चुनाव आयोग ने अपने हलफनामे में एक तारीख तक यानी 1 अगस्त तक ड्राफ्ट सूची तैयार करने की बात कही थी।

याचिकाकर्ताओं के वकीलों का कहना था चुनाव आयोग जानबूझकर ज्यादा समय मांग रहा है ताकि एक बार प्रक्रिया प्रारंभ हो जाए तो वह इस बात का बहाना ले की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है न्यायालय अपने कार्रवाई चुनाव के बाद करें। वरना प्रक्रिया बाधित होगी। कोर्ट ने इसी तर्क के आधार पर चुनाव आयोग से कहां संदर्भ की प्राथमिकता है इसलिए आपको तय समय सीमा पर अपना कार्य करना चाहिए। याचिकाकर्ताओं की ओर से जब यह कहा गया की 22 लाख लोगों को जनवरी की समरी रीवीजन के बाद चुनाव आयोग मृत बता रहा है, तो सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि आप 15 मतदाता ऐसे ला देना जिन्हें मृत बताया गया है और वह जीवित है। तो कोर्ट सख्ती से अपना काम करेगा। बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट ने आधार कार्ड और मतदाता पहचान पत्र को आवश्यक दस्तावेज में शामिल करने की बात कही थी और इन 66 लाख मतदाताओं पर जिनका नाम ड्राफ्ट सूची में ना आने पर उनके पास कोई अधिकार नहीं रहता उन्हें भी नाम काटे जाने की स्थिति में दोबारा जुड़वाने के लिए आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के बाद सुनने की बात कह कर चुनाव आयोग का किकर्तव्यविमुढ कर दिया है।

क्योंकि एसआईआर को लेकर कई गड़बड़ियों का जिक्र पहले ही हो चुका है मनोज झा ने राजद की ओर से दायर अपने याचिका में पहले ही ऐसे मतदाताओं के नाम की सूची दर्ज की है जिसमें मरने के बाद भी उनके नाम मतदाता सूची में शामिल है और आधार कार्ड और मतदाता एपिक कार्ड के बाद जिन लोगों के बिना दस्तावेज के फॉर्म भी सबमिट किए गए हैं अपलोड किए गए हैं उनके लिए भी एक बहुत बड़ा आधार बन जाएगा अपना नाम सूची में अंकित रखवाने के लिए।

-फेसबुक वॉल से

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

*विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सख्ती, रैगिंग निषेध अधिनियम में सजा का प्रावधान और शैक्षिक संस्थानों द्वारा की जाने वाली सतत निगरानी से मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रथम वर्ष में दाखिला लेने वाले छात्रों को मानसिक व शारीरिक यातना देने वाली रैगिंग भले ही रुक गई हो, लेकिन जिस तरह से डिजिटल रैगिंग के मामले सामने आने शुरू हुए हैं, उसने मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों के नए सत्र को लेकर तमाम चिंताएं खड़ी कर दी हैं।*

# कॉलेज में पहला कदम...
# डिजिटल रैगिंग का डर



डिजिटल रैगिंग को साइबर बुलिंग भी कहा जाता है। यह तेजी से पांव पसारती हुई गंभीर समस्या है, जो पीड़ित छात्र को मानसिक और भावनात्मक रूप से आहत करती है। साइबर बुलिंग में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के दुरुपयोग से किसी को परेशान करने के साथ डराया या अपमानित किया जाता है। शैक्षणिक संस्थानों में साइबरबुलिंग के शिकार छात्र भावनात्मक रूप से गंभीर पीड़ित हो सकते हैं। उनके आत्मसम्मान और शैक्षणिक प्रदर्शन पर असर पड़ सकता है। अलग-थलग पड़कर पढ़ाई में रुचि खोकर कक्षाएं तक छोड़ सकते हैं। केंद्र सरकार द्वारा राज्यसभा में दी गई जानकारी के मुताबिक वर्ष 2024 में मेडिकल कॉलेजों में रैगिंग की सबसे अधिक 33 शिकायतें उत्तर प्रदेश से आई थीं। बिहार में इस तरह की 17, राजस्थान में 15 और मध्यप्रदेश से 12 शिकायतें मिली थीं।

## कैसे होती है डिजिटल रैगिंग या ट्रोलिंग, ऐसे होगी रोकथाम

डिजिटल रैगिंग ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे सोशल मीडिया, मैसेजिंग ऐप्स, या ईमेल के माध्यम से की जाती है। किसी को सोशल मीडिया पर लगातार अपमानजनक संदेश भेजना या अभद्र भाषा का प्रयोग करना, ऑनलाइन उत्पीड़न की श्रेणी में आता है। इसी तरह किसी को परेशान करने के लिए सामूहिक रूप से टिप्पणी करना या संदेश भेजना ट्रोलिंग में आता है। किसी की प्रोफाइल फोटो या निजी जानकारी का उपयोग करके फर्जी प्रोफाइल बनाकर दुरुपयोग करना ऑनलाइन झूठी और अपमानजनक बातें फैलाने को भी इसमें शामिल किया गया है। सरकार ने रैगिंग रोकने के लिए मेडिकल कॉलेजों और अन्य संस्थानों में रैगिंग की रोकथाम और निषेध विनियम 2021 का पालन अनिवार्य किया है। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने भी डिजिटल रैगिंग की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए नियमित निगरानी के निर्देश दिए हैं।

**80%**

भारत में साइबर बुलिंग की दर है, किशोरों और युवाओं के बीच। मैकेफी के 'हिडेन इन प्लेन साइट' अध्ययन में भारत को दुनिया के सर्वाधिक प्रभावित देशों में बताया गया है।



## फर्जी आईडी से जूनियर छात्रों को मैसेज और फोन कॉल

कानपुर के एक मेडिकल कॉलेज के सीनियर छात्रों ने भी कुछ दिनों पहले एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्रों के हॉस्टल के चारों तरफ सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा गार्डों का पहरा देखकर ई-रैगिंग का रास्ता खोजा था। फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर जूनियर छात्रों को मैसेज भेजकर रैगिंग की गई। कुछ सीनियर छात्रों ने फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर अलग-अलग स्थानों से मैसेज और फोन कॉल करके जूनियर छात्रों को मानसिक प्रताड़ना दी। पीड़ित छात्रों के इंस्टाग्राम चैट का स्क्रीन शॉट और फोन कॉल की डिटेल लिए जाने पर मामले का खुलासा हुआ। साइबर सेल की जांच में पता चला कि सीनियर छात्रों ने फर्जी इंस्टाग्राम प्रोफाइल बनाई थी। कॉलेज प्रशासन ने हॉस्टल में रैगिंग के आरोप में आठ सीनियर छात्रों को छह महीने के लिए सस्पेंड करके सेमेस्टर परीक्षा में बैठने से रोक दिया था।

**फर्जी आईडी या प्रोफाइल से छात्रों को मानसिक और भावनात्मक रूप से आहत करने की बढ़ती घटनाओं ने खड़े किए नए सवाल**

**75%**

मामले झूठी अफवाह, सामाजिक बहिष्कार और चिढ़ाऊ नाम आदि से संबंधित होते हैं।

## सुरक्षित डिजिटल स्पेस चाहिए तो चुप न रहें

डिजिटल रैगिंग या साइबर बुलिंग शैक्षणिक संस्थानों में भय और अविश्वास की संस्कृति बढ़ाती है। इसके बावजूद अक्सर पीड़ित छात्र चुप रह जाते हैं। घटनाओं की संस्थान या पुलिस में रिपोर्ट नहीं करते। इसके पीछे उन्हें शर्मिंदगी का डर और विधायी उपायों की जानकारी नहीं होना होता है। हालांकि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम-2000 और उसके बाद के संशोधन कुछ कानूनी उपाय प्रदान किए हैं, लेकिन इनका प्रवर्तन बड़ी चुनौती है। ऐसे में युवाओं को सुरक्षित डिजिटल स्पेस प्रदान करने के लिए जागरूकता जरूरी है। प्रौद्योगिकी कंपनियों को भी सामग्री नियंत्रण में सुधार करके, अपमानजनक व्यवहार रोकने वाले टूल्स उपलब्ध कराने चाहिए।



*लेखकः मानस सेठ, युवा उद्यमी हैं और शैक्षिक व सामाजिक कार्यों से जुड़े हैं*

## एक-दूसरे को थप्पड़ मारने का टॉस्क और रेन डांस

बीएचयू में डिजिटल रैगिंग के दौरान प्रथम वर्ष के छात्रों को एक-दूसरे को थप्पड़ मारने का टॉस्क दिया गया। कूलर में पानी भरवाने के साथ ही पानी में भिगोकर डांस भी करवाया गया। विरोध जताने वाले जूनियर छात्रों को कक्षा से बहिष्कार की धमकी दी गई। प्रताड़ित छात्रों ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को ई मेल से शिकायत की तो बीएचयू के एंटी रैगिंग सेल ने जांच की और 28 छात्रों को दोषी पाया।

## जॉब अलर्ट

### आईबी में 4,987 पदों पर भर्ती

- गृह मंत्रालय के तहत इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) ने सिक्योरिटी असिस्टेंट तथा एग्जीक्यूटिव के पद पर 4,987 रिक्तियों की घोषणा की है। आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जो 17 अगस्त तक चलेगी। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट www.mha.gov.in/en/notifications/vacancies पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### बीएसएफ में ट्रेड्समैन नियुक्ति

- बार्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) में 3588 कुक, मोची, नाई, वॉशरमैन, वॉटर कैरियर, कारपेंटर, स्वीपर जैसे ट्रेड्समैन के पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं पास और संबंधित ट्रेड में आईटीआई के प्रमाणपत्र धारक 25 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं।

### पैरामेडिकल भर्ती, एमपी

- मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल ने पैरामेडिकल के 752 पदों पर भर्ती निकाली है। आवेदन 11 अगस्त तक कर सकते हैं। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट esb.mp.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं।

### अग्निवीर के आवेदन

- भारतीय सेना/नौसेना/वायु सेना में अग्निवीर भर्ती-2025 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 5 अगस्त 2025 है। इसके बाद लिखित व शारीरिक परीक्षा होगी।

### सीआरपीएफ कांस्टेबल

- सीआरपीएफ हेड कांस्टेबल मिनिस्टीरियल और एएसआई स्टेनो भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 12 अगस्त 2025 निर्धारित की गई है।

### मध्य प्रदेश शिक्षक भर्ती

| | |
|---|---|
| कुल पद | 13089 |
| योग्यता | ग्रेजुएट |
| अंतिम तिथि | 06/08/2025 |

### पूर्वी रेलवे में अप्रेंटिस

| | |
|---|---|
| कुल पद | 3115 |
| योग्यता | 10वीं |
| अंतिम तिथि | 08/08/2025 |

## इस हफ्ते प्रतियोगी परीक्षाएं

### नीट पीजी -2025

- इस परीक्षा का इंतजार खत्म हो गया है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर तीन अगस्त को परीक्षा आयोजित की जाएगी। पहले यह परीक्षा 15 जून को होने वाली थी।

### यूपीएससी सीएपीएफ

- संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सीएपीएफ परीक्षा तीन अगस्त को दो पालियों में आयोजित होगी।

## बड़े काम की बात

### बीटेक में दाखिला लें अथवा बीई का विकल्प चुन सकते

- बीटेक (बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी) और बीई (बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग) दोनों ही चार साल की अंडर ग्रेजुएट इंजीनियरिंग डिग्री हैं। लेकिन दोनों के कोर्स में कुछ अंतर है। बीटेक पाठ्यक्रम जहां प्रौद्योगिकी और व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर अधिक केंद्रित रहता है, इसमें तकनीकी और सॉफ्टवेयर विषयों पर अधिक जोर दिया जाता है। इसके मुकाबले बीई में पारंपरिक इंजीनियरिंग विषयों के सैद्धांतिक ज्ञान और सिद्धांतों पर अधिक ध्यान केंद्रित किया जाता है। बीटेक में व्यावहारिक और परियोजना आधारित शिक्षा पर अधिक जोर रहता है, जबकि बीई में सैद्धांतिक ज्ञान के साथ डिजाइन पर अधिक जोर रहता है। इन्हीं कारणों से बीटेक को बीई की तुलना में अधिक उद्योग उन्मुख माना जाता है। बीटेक में प्रवेश आमतौर पर जेईई या राज्यों की संयुक्त प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होता है, वहीं बीई में प्रवेश विश्वविद्यालय आधारित प्रवेश परीक्षाओं के जरिए होता है। हालांकि ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन दोनों डिग्रियों को समान मान्यता देता है, और दोनों पाठ्यक्रमों के लिए नौकरी के अवसर भी समान हैं। बीई डिग्री प्रदान करने वाले प्रसिद्ध संस्थान बिट्स पिलानी, अन्ना विश्वविद्यालय हैं, जबकि आईआईटी, एनआईटी जैसे संस्थान बीटेक डिग्री प्रदान करते हैं।



### डिप्लोमा धारकों के लिए है बीटेक लैटरल एंट्री

- बीटेक लैटरल एंट्री उन छात्रों के लिए है, जो डिप्लोमा धारक हैं और अब आगे इंजीनियरिंग की पढ़ाई करना चाहते हैं। इंजीनियरिंग में डिप्लोमा करने वालों के लिए में बीटेक लैटरल एंट्री एक शानदार विकल्प है। इस प्रोग्राम के जरिए सीधे बीटेक में दूसरे साल की पढ़ाई शुरू की जा सकती है। यह खास मौका उन छात्रों के लिए होता है जो 10वीं या 12वीं के बाद तीन साल का इंजीनियरिंग डिप्लोमा कर चुके हैं।




**देश के सबसे पुराने कॉलेज ने देश भर के गैर आईआईटी संस्थानों में बनाई नई साख**

# रसोई से रोबोट तक मतलब एचबीटीयू

कानपुर स्थित हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एचबीटीयू) तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में एक शताब्दी से अधिक के गौरवशाली इतिहास का मजबूत प्रकाश स्तंभ है। ऑयल, पेंट, प्लास्टिक, फूड, लेदर टेक्नालॉजी के साथ संस्थान आईटी और कम्प्यूटर साइंस में भी अपना कमाल दिखा रहा है। साल 1921 में अपनी स्थापना के बाद से संस्थान ने देश के औद्योगिक और तकनीकी विकास में यादगार भूमिका निभाई है। संस्थान ने आईआईआरएफ रैंकिंग- 2024 में पहले गैर आईआईटी संस्थान के रूप में टॉप- 10 संस्थानों में जगह बनाकर अपनी प्रतिष्ठा को नया आयाम दिया है।

एचबीटीयू की शुरुआत 1920 में कानपुर में सरकारी अनुसंधान संस्थान की स्थापना के साथ हुई थी। यह पहल सर स्पेंसर हरकोर्ट बटलर की दूरदर्शिता से प्रेरित थी, जो उस समय संयुक्त प्रांत (उत्तर प्रदेश का पूर्ववर्ती नाम) के गवर्नर थे। कानपुर की उस समय की औद्योगिक स्थिति के अनुरूप चमड़ा, रंगाई, चीनी के रसायन विज्ञान को गति देने के लिए इस संस्थान की आवश्यकता महसूस की गई। 25 नवंबर,1921 को सर स्पेंसर हरकोर्ट बटलर ने मुख्य भवन की आधारशिला रखी । प्रतिष्ठित डाई वैज्ञानिक डॉ. ईआर वॉटसन को पहला प्रिंसिपल नियुक्त किया गया। 1926 में इसका नाम बदलकर हरकोर्ट बटलर टेक्नालॉजिकल इंस्टीट्यूट (एचबीटीआई) किया गया। पहली सितंबर, 2016 को उत्तर प्रदेश सरकार ने संस्थान का हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एचबीटीयू) के रूप उन्नयन कर दिया।

## ह्यूमैनिटीज और सोशल साइंसेज को भी स्थान

एचबीटीयू को मुख्य रूप से चार अलग-अलग स्कूलों इंजीनियरिंग, केमिकल, बेसिक एंड एप्लाइड साइंसेज तथा स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज में व्यवस्थित किया गया है । इनके अंतर्गत 13 स्नातक (बीटेक) कार्यक्रम तथा बीबीए, 11 एमटेक कार्यक्रमों के साथ एमसीए, एमबीए के अलावा भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित में एमएससी डिग्री एवं सभी विभागों में पीएचडी कार्यक्रम संचालित हैं । विश्वविद्यालय के सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और केमिकल इंजीनियरिंग विभाग पीएचडी कार्यक्रमों के लिए गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम केंद्रों के रूप में मान्यता प्राप्त हैं।

### आरएंडडी में पहला स्थान नवाचार विनिमय में छलांग


- एचबीटीयू एक उत्कृष्टता केंद्र वाला संस्थान है जिसमें अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) तथा इनक्यूबेशन पर विशेष जोर है। विश्वविद्यालय ने आरएंडडी योजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा करने का ट्रैक रिकॉर्ड बनाया है। अनुसंधान और एमओयू श्रेणी में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर भारतीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क रैकिंग में एचबीटीयू को सभी राज्य विश्वविद्यालयों में प्रथम स्थान मिला है। संस्थान ने कैंपस में आरएंडडी का उन्नत केंद्र स्थापित करने के लिए जर्मन बहुराष्ट्रीय निगम नार्डिश एनर्जी सिस्टम्स के साथ एमओयू किया है।

### केमिकल, पेंट, ऑयल और फूड टेक्नालॉजी में बादशाहत

- एचबीटीयू में हालिया प्लेसमेंट में केमिकल इंजीनियरिंग ने कंप्यूटर साइंस और आईटी इंजीनियरिंग को पछाड़ दिया। केमिकल इंजीनियरिंग के 66 छात्रों को 78 से ज्यादा जॉब ऑफर मिले। दूसरे स्थान पर पेंट, ऑयल और फूड टेक्नोलॉजी में 95 फीसदी और तीसरे नंबर पर इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल ब्रांच में 90 फीसदी छात्रों का प्लेसमेंट हुआ।

## नई किताबें

- अमेजन बुकशॉप पर उपलब्ध मैट रिचटेल की पुस्तक-हम कैसे बड़े होते हैं, में स्मार्ट फोन की दिलचस्प बहस को आगे बढ़ाती हुई गैर-काल्पनिक कथा को पिरोया गया है। पुलित्जर पुरस्कार विजेता न्यूयॉर्क टाइम्स के पत्रकार मैट रिचटेल द्वारा लिखी गई यह पुस्तक इस बहस के साथ शुरू होती है कि क्या स्मार्टफोन का इस्तेमाल किशोरों में चिंता और अवसाद बढ़ा रहा है। पुस्तक में किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य संकट के अस्तित्व पर सवाल उठाने के बजाय, रिचटेल का मानना है कि आज किशोरों द्वारा महसूस किया जा रहा संकट उस दुनिया के लिए एक उचित प्रतिक्रिया है, जिसकी चुनौतियां शारीरिक की बजाय अमूर्त और बौद्धिक होती जा रही हैं। किशोरावस्था बदल गई है। यौवन की उम्र कम हो गई है, जिससे युवा पहले से कहीं अधिक समय तक असुरक्षित स्थिति में फंसे रहते हैं और स्मार्टफोन के प्रलोभनों के लिए विशेष रूप से खुले होते हैं।




- लुसेंट की लिखी प्राथमिक अंकगणित पुस्तक गागर में सागर जैसी है। यह पुस्तक गणितीय अवधारणाओं को समझने और सीखने के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए बेहद उपयोगी है। इसमें अंकगणित के बुनियादी सिद्धांतों को स्पष्ट रूप से समझाया गया है। पुस्तक प्रतियोगी परीक्षाओं एसएससी, रेलवे, बैंकिंग आदि की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण प्रश्नों के साथ उनका समाधान भी उपलब्ध कराती है। पुस्तक एनसीईआरटी पाठ्यक्रम पर आधारित है। जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं में अधिकतर सवाल पूछे जाते हैं। पुस्तक में छात्रों को अभ्यास करने और अपनी समझ की जांच करने के लिए पर्याप्त प्रश्न दिए गए हैं। पुस्तक अमेजन, फ्लिपकार्ट, मीशो पर ऑनलाइन के अलावा बाजार में भी उपलब्ध है।




**लेखक :** प्रो. क्षमा त्रिपाठी, कानपुर

| बाजार | संसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 81,481.86 | 24,855 .05 |
| बढ़त | 81,481.86 | +33 .95 |
| प्रतिशत में | 0 .18 | 0 .14 |

सोना : 98,520 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 1,14,000 प्रति किलो

अमृत विचार
बरेली, गुरुवार ,31 जुलाई 2025
www.amritvichar.com



# म्यूचुअल फंड उद्योग पर निवेश की बारिश

## वित्त वर्ष की पहली तिमाही में औसत निवेश बढ़ा, बड़े-छोटे दोनों तरह के फंड हाउस निवेशकों को जोड़ने में सफल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




**अमृत विचार।** भारतीय म्यूचुअल फंड उद्योग में निवेशकों के औसत निवेश यानी औसत एयूएम प्रति फोलियो में चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। एम्फी के आंकड़ों पर किए गए विश्लेषण के मुताबिक, मार्च 2025 में यह आंकड़ा रुपये 2.87 लाख था, जो जून 2025 तक बढ़कर 3.12 लाख हो गया है।

एयूएम प्रति फोलियो में यह बढ़त दर्शाती है कि निवेशकों का भरोसा म्यूचुअल फंड में लगातार बढ़ रहा है और वे उच्च मूल्य की निवेश योजनाओं की ओर आकर्षित हो रहे हैं। जहां कुछ फंड हाउस बड़े निवेशकों को आकर्षित कर रहे हैं, वहीं कई फंड हाउसों में छोटे लेकिन तेजी से बढ़ते निवेशक आधार को जोड़ने की रणनीति दिख रही है। जून 2025 के आंकड़ों के अनुसार, यूनिफी म्यूचअल फंड ने एक बार फिर रुपये 15.72 लाख प्रति फोलियो के औसत एयूएम के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया है। इसके बाद ओल्ड ब्रिज म्यूचअल फंड 6.33 लाख और एसबीआई म्यूचअल फंड रुपये 6.02 लाख के औसत निवेश के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे हैं।

अन्य प्रमुख फंड हाउसों में एचएसबीसी म्यूचुअल फंड 5.47 लाख, कोटक म्यूचुअल फंड 5.31 लाख, इनवेस्को, बंधन और ट्रस्ट म्यूचअल फंड भी उच्च औसत निवेश स्तर पर कायम हैं। मार्च से जून 2025 के बीच के बदलावों को देखने पर, ओल्ड ब्रिज म्यूचुअल फंड ने रुपये 1.25 लाख की सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की। एचएसबीसी म्यूचुअल फंड रुपये 69,423 की बढ़ोतरी के साथ दूसरा स्थान पाया, जबकि ट्रस्ट ने रुपये 58,193 की बढ़त के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

### बाजार की स्थिरता से तेज हो सकता फंड निवेश



आर्थिक विशेषज्ञ राजीव सिंह के अनुसार, आने वाली तिमाहियों में अगर बाजार स्थिरता बनाए रखता है, तो म्यूचुअल फंड पर निवेशकों के भरोसे का ट्रेंड और तेज हो सकता है। उनके मुताबिक एंजिल वन म्यूचुअल फंड ने सबसे अधिक 96 .57 फीसदी की वृद्धि दर्ज की है। लेकिन इसका टिकट साइज अभी भी रुपये 31,000 के करीब ही है। ग्रो म्यूचअल फंड, जो युवाओं में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है, ने रुपये 4,133 की बढ़ोतरी के साथ 29 .50 फीसदी वृद्धि हासिल की है। इसी तरह यूनिफी म्यूचुअल फंड ने भले ही सबसे ऊंचा औसत टिकट साइज बनाए रखा हो, लेकिन इस तिमाही में इसके औसत एयूएम प्रति फोलियो में रुपये 1 .32 लाख की गिरावट यानी 7 .7 फीसदी की कमी आई है।

### लगातार दूसरे दिन तेजी से सेंसेक्स 144 अंक चढ़ा

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 144 अंक मजबूत बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 34 अंक के लाभ में रहा। मुख्य रूप से लॉर्सन एंड टुब्रो के शेयर में भारी लिवाली से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 143 .91 अंक यानी 0 .18 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,481 .86 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 281 .01 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 33 .95 अंक यानी 0 .14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,855 .05 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिकी व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी ने बाजार की तेजी पर अंकुश लगाया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में, लार्सन एंड टुब्रो में 4 .87 प्रतिशत की तेजी आई। इसका कारण बुनियादी ढांचा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी के शुद्ध लाभ में अच्छी वृद्धि है। टाटा मोटर्स में सबसे ज्यादा 3 .47 प्रतिशत की गिरावट आई। विभिन्न रिपोर्ट में कहा गया है कि वाहन विनिर्माता कंपनी 4 .5 अरब डॉलर के सौदे में इटली की कंपनी की ट्रक इकाई का अधिग्रहण करने के लिए बातचीत कर रही है।

# अमेरिका का ऊंचा शुल्क चौंकाने वाला झींगा निर्यात पर पड़ेगा गंभीर असर

- कृषि अर्थशास्त्री अशोक गुलाटी ने कहा- ऊंचा शुल्क लगाने का फैसला बहुत बुरा

नई दिल्ली, एजेंसी




कृषि अर्थशास्त्री अशोक गुलाटी ने कहा है कि अमेरिका के 25 प्रतिशत के ऊंचे शुल्क और जुर्माने से भारत के समुद्री खाद्य निर्यात, विशेष रूप से झींगा मछली के निर्यात पर 'गंभीर' असर पड़ेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को भारत पर 25 प्रतिशत का शुल्क और रूस से सैन्य खरीद को लेकर जुर्माना लगाने की घोषणा की है।

यह शुल्क एक अगस्त से लागू होगा। गुलाटी ने कहा कि ट्रंप का सभी भारतीय वस्तुओं पर ऊंचा शुल्क लगाने का फैसला बहुत बुरा और चौंकाने वाला है। उन्होंने कहा कि उन्हें केवल 10-15 प्रतिशत शुल्क की उम्मीद थी। उन्होंने बताया, यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि ट्रंप अप्रत्याशित और दंडात्मक रुख वाले हैं। गुलाटी ने कहा कि इस कदम से देश के झींगा निर्यात पर 'गंभीर' असर पड़ेगा तथा कम शुल्क और अमेरिका से करीबी भौगोलिक नजदीकी रखने वाले इक्वाडोर को फायदा होगा। झींगा निर्यात के अलावा, भारत के वस्त्र उद्योग पर उच्च अमेरिकी शुल्क का प्रभाव भी देखने को मिलेगा।

उन्होंने कहा, भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते से हमें जो बड़ा लाभ मिलता है, वह उच्च अमेरिकी शुल्क के कारण बेअसर हो जाएगा। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का झींगा निर्यात लगभग 4.88 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो कुल समुद्री खाद्य निर्यात का 66 प्रतिशत है।

### भारतीय उत्पादों पर अमेरिका के 25 प्रतिशत शुल्क के प्रभाव का आकलन कर रही है सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को कहा कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय उत्पादों पर एक अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क और जुर्माना लगाने की घोषणा के प्रभाव का अध्ययन कर रही है। ट्रंप ने भारत से आने वाले सभी सामान पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है। साथ ही, उन्होंने रूस से सैन्य उपकरण और कच्चा तेल खरीदने के लिए इस शुल्क के ऊपर जुर्माना भी लगाने की घोषणा की है। सरकार ने द्विपक्षीय व्यापार को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति के बयान पर ध्यान दिया है। सरकार इसके प्रभाव का अध्ययन कर रही है। भारत और अमेरिका पिछले कुछ महीनों से एक निष्पक्ष, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत कर रहे हैं।

# एप्पल ने उत्पादों की खरीद के लिए वीडियो कॉल पर सलाह सेवा शुरू की

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल ने भारत में संभावित ग्राहकों के लिए एक वीडियो परामर्श सेवा शुरू की है जिसके माध्यम से एप्पल विशेषज्ञ से जुड़कर उपयुक्त उत्पाद चुनने में व्यक्तिगत सलाह ली जा सकती है। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि इस सेवा के जरिये ग्राहक एप्पल के आईफोन 16 एवं अन्य उत्पादों के बारे में जान सकेंगे, मॉडल की तुलना कर सकेंगे और उनकी खरीदारी के वित्तपोषण विकल्पों की जानकारी भी ले सकेंगे।

एप्पल ने कहा कि भारत ऐसा दूसरा देश है जहां पर 'शॉप विद अ स्पेशलिस्ट ओवर वीडियो' सेवा शुरू की गई है। बयान के मुताबिक, इस सेवा के तहत ग्राहक सुरक्षित, एकतरफा वीडियो कॉल के जरिये एप्पल स्टोर टीम के सदस्य से जुड़ेंगे। विशेषज्ञ ग्राहक की जरूरत को ध्यान में रखते हुए उपयुक्त उत्पाद के बारे में सुझाव देंगे। यह सेवा आईओएस और गैर-आईओएस दोनों उपकरणों पर उपलब्ध है और फिलहाल अंग्रेज़ी भाषा में दी जा रही है।

### देश में स्मार्टफोन की बिक्री जून तिमाही में आठ प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारत का स्मार्टफोन बाजार अप्रैल-जून, 2025 तिमाही में मात्रा के लिहाज से सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़ा और मार्च तिमाही की सुस्ती से उबरने में सफल रहा। शोध संस्था काउंटरपॉइंट के मासिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। काउंटरपॉइंट ने बुधवार को एक रिपोर्ट में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में एप्पल के आईफोन 16 मॉडल की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की गई। रिपोर्ट के मुताबिक, आलोच्य तिमाही में भारतीय स्मार्टफोन बाजार बिक्री मात्रा के लिहाज से आठ प्रतिशत की दर से बढ़ा जबकि बिक्री मूल्य के आधार पर यह बढ़ोतरी 18 प्रतिशत की रही।

# माइक्रोसॉफ्ट ने नायरा एनर्जी की सभी सेवाएं कीं बहाल

नई दिल्ली, एजेंसी

- याचिका का निपटारा हुआ, दोनों ही कंपनियों ने की पुष्टि




माइक्रोसॉफ्ट कॉर्प ने रूसी पेट्रोलियम कंपनी रोसनेफ्ट समर्थित नायरा एनर्जी की सभी सेवांए बहाल कर दी हैं। इस कदम के बाद माइक्रोसॉफ्ट के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में दायर मुकदमे का निपटारा नायरा एनर्जी के पक्ष में कर दिया गया है। नायरा और माइक्रोसॉफ्ट दोनों कंपनियों ने ईमेल पहुंच एवं अन्य सेवाओं को बहाल किए जाने की पुष्टि की।

नायरा ने सेवाओं के एकतरफा निलंबन के खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। इस पर सुनवाई से ठीक पहले माइक्रोसॉफ्ट ने सेवाएं बहाल कर दीं। नायरा एनर्जी ने बयान में कहा, कंपनी पुष्टि करती है कि उसके परिचालन के लिए महत्वपूर्ण सभी माइक्रोसॉफ्ट सेवाएं पूरी तरह से बहाल कर दी गई हैं और इसकी व्यावसायिक निरंतरता और डेटा अखंडता में कोई व्यवधान नहीं आया है। नायरा, माइक्रोसॉफ्ट कॉरपोरेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सशुल्क सेवाओं का इस्तेमाल कर रही थी। लेकिन माइक्रोसॉफ्ट ने सोमवार को ये सेवाएं अचानक और एकतरफा ढंग से बंद कर दी थीं। माइक्रोसॉफ्ट ने यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों के बाद नायरा एनर्जी को सेवाएं देना बंद कर दिया था।

# भारत में सड़क परियोजनाओं में सुरक्षा मानदंडों का पालन नहीं : आईआरएफ

नई दिल्ली, एजेंसी



- गंभीर सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या पर जताई चिंता, कहा- चेतावनी संकेतों की कमी, बैरिकेड का अभाव, बिना रोशनी वाले मोड़ देखे गए

अंतर्राष्ट्रीय सड़क महासंघ (आईआरएफ) की भारतीय इकाई ने बुधवार को कहा कि देश में ज्यादातर सड़क परियोजनाएं खराब तरीके से चिह्नित या बिना रोशनी वाले मोड़ जैसे बुनियादी सुरक्षा मानदंडों का पालन किए बिना ही चल रही हैं और इस कारण जानलेवा दुर्घटनाएं होती हैं।

अंतर्राष्ट्रीय सड़क महासंघ (आईआरएफ) ने बयान में पूरे भारत में सड़क निर्माण क्षेत्रों में और उसके आसपास होने वाली मौत और गंभीर सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या पर चिंता जतायी है। भारतीय इकाई आईआरएफ-आईसी के अध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव ने कहा, कई निर्माण स्थलों पर, आईआरएफ की भारतीय इकाई ने मोड़ या लेन बंद होने के बारे में पहले से ही चेतावनी संकेतों की कमी, बैरिकेड का अभाव, खराब तरीके से चिह्नित या बिना रोशनी वाले मोड़ देखे हैं। ये बेहद खतरनाक हैं और इसके परिणामस्वरूप खासकर रात में गंभीर दुर्घटनाएं होती हैं। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में ऐसे किसी व्यक्ति की तैनाती नहीं होती जो बताए कि आगे रास्ता गड़बड़ है। इसके साथ गति नियंत्रण के उपाय भी अपर्याप्त हैं। इसके कारण आमने-सामने की टक्कर, गलत दिशा में गाड़ी चलाने और जानलेवा दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है, जबकि ये सभी घटनाएं रोकी जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु-चेन्नई एक्सप्रेसवे पर हाल ही में हुई एक दुखद घटना इसका एक अच्छा उदाहरण है। चल रहे सड़क निर्माण कार्य के कारण एक बिना चिन्हित मोड़ के कारण दो वाहनों की आमने-सामने की एक जानलेवा टक्कर हुई। संकेतकों और लेन अलग करने की व्यवस्था की कमी के कारण एक वाहन गलत दिशा में चला गया।



# ऑपरेशन सिंदूर अब भारत की नयी नीति का आधार

## राज्यसभा में जयशंकर ने कहा- संघर्षविराम में कोई मध्यस्थता नहीं हुई

मानसून सत्र

नई दिल्ली, एजेंसी



राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा करते विदेश मंत्री जयशंकर।

ऑपरेशन सिंदूर को क्रूरतम पहलगाम आतंकी हमले की सोची-समझी सटीक प्रतिक्रिया करार देते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि यह अब भारत की नयी नीति का आधार बन गया है। जयशंकर ने यह भी स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के साथ संघर्षविराम को लेकर किसी भी तीसरे पक्ष की ओर से कोई मध्यस्थता नहीं हुई।

उन्होंने कहा इसका सवाल ही नहीं उठता। विदेश मंत्री ने जोर देकर कहा कि इस सैन्य कार्रवाई को रोकने का व्यापार से कोई संबंध नहीं था। जयशंकर ने राज्यसभा में पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के मजबूत, सफल एवं निर्णायक 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विशेष चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए यह भी कहा कि भारत ने बरसों बरस आतंकवाद का दंश सहा है और ऑपरेशन सिंदूर से हमने लक्ष्य हासिल किए। उच्च सदन में यह चर्चा मंगलवार को शुरू हुई थी। विदेश मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच 22 अप्रैल से 16 जून के बीच फोन पर कोई बातचीत नहीं हुई। विपक्ष सरकार पर यह आरोप लगा रहा है कि अमेरिका की मध्यस्थता और व्यापारिक दबाव के कारण भारत ने सैन्य अभियान रोका। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भी भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम कराने का दावा किया है। जयशंकर ने कहा, भारत अब सीमा पार से आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा। पाकिस्तान की हर आक्रामकता का जवाब हम ऑपरेशन सिंदूर जैसे ठोस कदमों से देते रहेंगे। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के जरिये पाकिस्तान ने 'लक्ष्मण रेखा' लांघी है। विदेश मंत्री ने कहा कि इस हमले के दोषियों को जवाबदेह ठहराना और पीड़ितों के लिए न्याय सुनिश्चित करना आवश्यक था।

### भाषाओं को 8वीं अनुसूची में शामिल की मांगों पर विचार के लिए कोई समय सीमा नहीं

सरकार ने राज्यसभा में कहा कि संविधान की आठवीं अनुसूची में अधिक भाषाओं को शामिल करने की मांगों पर विचार करने के लिए कोई समय-सीमा तय नहीं की जा सकती क्योंकि वर्तमान में इसके लिए कोई निश्चित मानदंड नहीं है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने एक सवाल के लिखित जवाब में उच्च सदन को यह जानकारी दी।

### ट्रंप का नाम नहीं ले पा रहे मोदी क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति पूरा सच बता देंगे: राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यस्थता संबंधी दावा करने के संदर्भ में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम नहीं लिया क्योंकि उन्हें पता है कि अगर वह ऐसा करेंगे तो ट्रंप सारी सच्चाई सामने रख देंगे। उन्होंने संसद परिसर में संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि सबको मालूम है कि क्या हुआ है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, प्रधानमंत्री ने यह नहीं कहा कि ट्रंप झूठ बोल रहे हैं। सबको मालूम क्या हुआ है। बोल नहीं पा रहे हैं, यह वास्तविकता है। अगर प्रधानमंत्री ने बोल दिया, वह (ट्रंप) खुलकर बोल देंगे और पूरी सच्चाई रख देंगे। इसलिए (मोदी) नहीं बोल रहे हैं। उन्होंने कहा, अभी वह (ट्रंप) व्यापार समझौता चाहते हैं। वहां (ट्रंप) दबाएंगे। आप देखना कि कैसा व्यापार समझौता होता है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने संवददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री ने गोलमोल तरीके से बात की है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री सीधे कहें कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने झूठ बोला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को लोकसभा में कहा था कि दुनिया के किसी नेता ने ऑपरेशन सिंदूर रोकने के लिए नहीं कहा था।

# कोर्ट का तमिलनाडु सरकार पर कटाक्ष बालाजी से जुड़े मुकदमे की सुनवाई के लिए स्टेडियम की पड़ेगी जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से आरोपियों और गवाहों का ब्यौरा मांगा



उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी से जुड़े नौकरी के बदले नकदी घोटाला मामले में 2000 से अधिक लोगों को आरोपी बनाए जाने पर तमिलनाडु सरकार को फटकार लगाई तथा सभी आरोपियों और गवाहों का ब्यौरा मांगा।

पूर्व मंत्री से जुड़े मामलों की सुनवाई को बिना पतवार वाली नौका करार देते हुए न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि यदि न्यायपालिका ने हस्तक्षेप नहीं किया होता तो अनिच्छुक राज्य सरकार नकद के बदले नौकरी घोटाले में पूर्व मंत्री सेंथिल बालाजी से जुड़े मामलों को दबाकर बंद करना चाहती थी। पीठ ने घोटाले के पीड़ितों का प्रतिनिधित्व करने वाले और मामलों को एक साथ करने के फैसले का विरोध करने वाले वाई. बालाजी की पैरवी करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन से कहा, इस मामले में 2,000 से अधिक आरोपी और 500 गवाह होने से यह भारत का सबसे अधिक भीड़भाड़ वाला मुकदमा होगा। इस मामले की सुनवाई के लिए न्यायालय का छोटा कक्ष पर्याप्त नहीं होगा तथा सभी अभियुक्तों की उपस्थिति दर्ज कराने के लिए एक क्रिकेट स्टेडियम की जरुरत पड़ेगी।

# कोली को बरी करने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाएं खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

निठारी कांड

उच्चतम न्यायालय ने 2006 के निठारी हत्याकांड मामले में आरोपी सुरेन्द्र कोली को बरी किये जाने के खिलाफ दायर 14 याचिकाओं को बुधवार को खारिज कर दिया। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि कोली को बरी करने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निष्कर्षों में कोई खामी नहीं थी।

साक्ष्य अधिनियम की धारा 27 का हवाला देते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि खुले नाले से पीड़ितों की खोपड़ियां और अन्य सामान बरामद करना पुलिस के समक्ष कोली के बयान के बाद नहीं किया गया था। पीठ ने कहा कि पुलिस द्वारा आरोपी का बयान दर्ज किए बिना की गई कोई भी बरामदगी साक्ष्य कानून के तहत सबूत के रूप में स्वीकार्य नहीं है।

कोर्ट ने कहा कि केवल उन बरामदगी को ही साक्ष्य के रूप में स्वीकार किया जा सकता है, जो केवल आरोपियों की पहुंच वाले स्थान से की गई हों, तथा जो मुख्य रूप से परिस्थितिजन्य साक्ष्य पर आधारित मामले में साक्ष्य के रूप में स्वीकार की जा सकती हैं।

# सेना प्रमुख ने मणिपुर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की

**इंफाल।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बुधवार को मणिपुर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। जनरल द्विवेदी ने राज्य में असम राइफल्स और सेना की परिचालन तत्परता का आकलन किया। उन्होंने बताया कि जनरल द्विवेदी को मणिपुर में जमीनी हालात और क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चल रही पहलों के बारे में भी जानकारी दी गई। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने परिचालन तैयारियों का आकलन करने तथा सैन्य-नागरिक सहयोग बढ़ाने के लिए मणिपुर का दौरा किया।

# कोर्ट के निर्देश पर सीबीआई ने दर्ज कीं 22 प्राथमिकियां

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनसीआर में बिल्डरों-बैंकों की साठगांठ का मामला

सीबीआई ने एनसीआर में मकान खरीददारों से धोखाधड़ी के लिए बिल्डरों और बैंकों के बीच साठगांठ से संबंधित मामले की जांच करने के उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के तहत 22 प्राथमिकी दर्ज की हैं।

सीबीआई ने अपनी अलग-अलग प्राथमिकियों में जेपी स्पोर्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड, जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड, अजनारा इंडिया लिमिटेड, वाटिका लिमिटेड, जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड, सुपरटेक और आइडिया बिल्डर्स को नामजद किया है। सीबीआई ने बताया कि एजेंसी की आर्थिक अपराध इकाई द्वारा दर्ज प्राथमिकी में भारतीय स्टेट बैंक, इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, पीरामल फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस और पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड जैसे बैंकिंग और वित्तीय संस्थानों के नाम भी शामिल हैं। सीबीआई ने उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ के निर्देशों के बाद यह कार्रवाई की है।

## रेल ट्रैक पानी-पानी



भरतपुर जिले के सवाई माधोपुर में बुधवार को भारी बारिश के बाद रेलवे स्टेशन पर पानी भर गया। एजेंसी



> ऑटोमोबाइल प्रेमी होने के नाते मुझे लगा कि बीमा को बेवजह जटिल बनाया गया। एको की ग्राहक-केंद्रित सोच वैसा ही है जैसा देश चाहता है। मैं ऐसे ब्रांड से जुड़ रहा हूं जो भरोसे और बदलाव पर काम कर रहा है
>
> -एमएस धोनी, पूर्व भारतीय क्रिकेटर



## हाईलाइट

### डब्ल्यूसीएल: पाकिस्तान संग नहीं खेलेगा भारत

**बर्मिंघम।** भारत ने गुरुवार को विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) के सेमीफाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से इनकार कर दिया। टीम ने पहलगाम हमले के बाद पड़ोसी देश के साथ किसी भी द्विपक्षीय खेल संबंध के खिलाफ देश के रुख का हवाला दिया है। शिखर धवन, इरफान पठान, हरभजन सिंह, युवराज सिंह, सुरेश रैना जैसे दिग्गज खिलाड़ियों की मौजूदगी वाली भारतीय टीम पहले ही आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के खिलाफ नहीं खेलने की इच्छा जता चुकी है।

### सीएएफए नेशंस : भारत ताजिकिस्तान में भिड़ंत

**नई दिल्ली।** भारत को सीएएफए नेशंस कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप बी में रखा गया है जहां उसका पहला मुकाबला 29 अगस्त को दुशांबे में मेजबान ताजिकिस्तान से होगा। इस ग्रुप की अन्य दो टीम ईरान और अफगानिस्तान हैं। आठ सितंबर तक चलने वाला यह मध्य एशियाई क्षेत्रीय टूर्नामेंट, एएफसी एशियाई कप 2027 क्वालीफायर फाइनल राउंड से पहले भारत के लिए तैयारी का काम करेगा। भारत ग्रुप चरण के अपने अगले दो मैच एक सितंबर को ईरान और चार सितंबर को अफगानिस्तान के खिलाफ खेलेगा।

### महिला फुटबॉल : ब्राजील कोपा के फाइनल में

**क्विटो (इक्वाडोर)।** चार बार के चैंपियन ब्राजील ने पहले आधे घंटे में तीन गोल करके उरुग्वे को 5-1 से हराकर पांचवीं बार कोपा अमेरिका फेमिनिना महिला फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। अमांडा गुटिएरेस ने 11वें मिनट में ब्राजील की तरफ से पहला गोल किया। इसके दो मिनट बाद जियोवाना क्विरोज़ ने बढ़त दोगुनी कर दी जबकि स्टार खिलाड़ी मार्टा ने 27वें मिनट में गोल करके ब्राजील की जीत सुनिश्चित कर दी।

### तैराकी : शोआन 200 मीटर में 38वें स्थान पर

**सिंगापुर।** भारतीय तैराक शोआन गांगुली विश्व तैराकी चैंपियनशिप के चौथे दिन पुरुषों की 200 मीटर मेडली में 38वें स्थान पर रहे। कर्नाटक के 20 वर्ष के गांगुली अपनी हीट में 2:05.40 सेकंड का समय निकालकर आठवें स्थान पर रहे और कुल 38वें स्थान पर समाप्त किया। इससे वह 16 तैराकों के सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सके।

### एलएसजी के गेंदबाजी कोच बने भरत अरुण

**लखनऊ।** हाल में कोलकाता नाइट राइडर्स से अलग हुए पूर्व भारतीय गेंदबाजी कोच भरत अरुण को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने इसी पद पर टीम से जोड़ा है। हालांकि अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। फ्रेंचाइजी के सूत्र ने बताया, अरुण एलएसजी में शामिल हो गए हैं और जल्द ही घोषणा होने की उम्मीद है। अरुण केकेआर से जुड़े थे लेकिन 2025 में टीम के आठवें स्थान पर रहने के बाद फ्रेंचाइजी अपने कोचिंग स्टाफ में बदलाव कर रही है।

### 40 मुक्केबाज एशियाई चैंपियनशिप में शामिल

**नई दिल्ली।** भारत ने बैंकॉक में बुधवार से शुरू हो रही एशियाई अंडर 19 और 22 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए 40 सदस्यीय टीम भेजी है। टूर्नामेंट में 26 देशों के 396 मुक्केबाज भाग लेंगे। एशियाई मुक्केबाजी इसका आयोजन विश्व मुक्केबाजी और थाईलैंड मुक्केबाजी संघ के साथ मिलकर कर रही है। इसमें दो आयुवर्ग अंडर 19 और 22 में स्पर्धायें होंगी। महिला और पुरुष मुक्केबाज ओलंपिक मुक्केबाजी नियमों के तहत खेलेंगे। भारतीय टीम की अगुवाई तीन बार के एशियाई चैंपियन और दो बार के राष्ट्रीय चैंपियन विश्वनाथ सुरेश करेंगे।

### प्रतिबंध पूरा कर टेलर जिम्बाब्वे टीम में लौटे

**हरारे।** ब्रेंडन टेलर ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के भ्रष्टाचार रोधी और डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन पर लगे साढ़े तीन साल के निलंबन को पूरा करने के बाद जिम्बाब्वे टेस्ट टीम में वापसी कर ली है। टेलर (39 वर्ष) को जनवरी 2022 में एक भारतीय व्यवसायी द्वारा 2019 में स्पॉट फिक्सिंग के लिए संपर्क किए जाने की सूचना समय पर नहीं देने पर प्रतिबंधित किया गया था। उन्हें बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में 7 से 11 अगस्त तक न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए जिम्बाब्वे टीम में शामिल किया गया है।

# भारत के सामने श्रृंखला बराबर करने का लक्ष्य

## बुमराह की अनुपस्थिति में भारतीय टीम से पूरी ताकत लगाने की उम्मीद

- **बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर अंतिम टेस्ट मैच में नहीं होंगे शामिल**

लंदन, एजेंसी

भारतीय टीम के लिए ब्रिटेन दौरा श्रृंखला में बराबरी के साथ समाप्त करने की संभावनाएं बढ़ गई हैं क्योंकि इंग्लैंड के करिश्माई कप्तान बेन स्टोक्स और तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर गुरुवार से शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में उपलब्ध नहीं होंगे। कप्तान स्टोक्स पिछले दो टेस्ट मैचों में गेंदबाजी करते हुए दाहिने कंधे की मांसपेशियों में खिंचाव से बाहर हो गए हैं जबकि चार साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले आर्चर को लगातार दो मैचों में खेलने के बोझ के बाद आराम दिया गया है।

तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स और बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन को भी आराम दिया गया है। कुछ खिलाड़ी ऐसे होते हैं जिनकी मौजूदगी ही अंतर पैदा कर देती है और इंग्लैंड के कप्तान स्टोक्स ऐसे ही खिलाड़ी हैं जिन्होंने श्रृंखला में 304 रन बनाने के साथ 17 विकेट झटके हैं। कार्यवाहक कप्तान ओली पोप के लिए यह कड़ी चुनौती होगी क्योंकि जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में भारतीय टीम से पूरी ताकत लगाने की उम्मीद है।

भारत ने ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए चौथे टेस्ट मैच को ड्रॉ कराकर पांच मैच की श्रृंखला को जीवंत रखा है। वह पांचवें मैच में श्रृंखला बराबर करने के लक्ष्य के साथ मैदान पर उतरेगा। वहीं अभी 2-1 से आगे चल रहा इंग्लैंड श्रृंखला जीतने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा। खचाखच भरे स्टेडियम में खेली जा रही यह श्रृंखला टेस्ट क्रिकेट के लिए भी एक आदर्श विज्ञापन रही है, जिसमें सभी चार मैच पांचवें दिन के अंतिम सत्र तक चले। इस बीच दोनों टीम के खिलाड़ियों के बीच कुछ नोक झोंक भी हुई जिससे श्रृंखला रोचक बन गई। चाहे वह लॉर्ड्स में समय बर्बाद कर रहे जैक क्रॉली के खिलाफ शुभमन गिल का तीखा हमला हो या रविंद्र जडेजा का चौथे टेस्ट के अंतिम दिन स्टोक्स की नाराजगी के बावजूद मैच रद्द करने से इनकार करना हो, दोनों टीम ने एक दूसरे पर हावी होने में कसर नहीं छोड़ी है। ओवल में भी ऐसा देखने को मिल सकता है। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने क्यूरेटर ली फोर्टिस के साथ बहस करके माहौल भी तैयार कर दिया है। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने अभी तक अपनी कप्तानी और बल्लेबाजी दोनों से प्रभावित किया है। उम्मीद है कि अंतिम मैच रोमांचक होगा क्योंकि भारत के पास इंग्लैंड पर करारा प्रहार करने का मौका है जिसका गेंदबाजी आक्रमण अंतिम एकादश में किसी विशेषज्ञ स्पिनर के नहीं होने से पूरी तरह बदल जाएगा।

ओवल की पिच को समझने वाले दो खिलाड़ी गुस एटकिंसन और जैमी ओवरटन, क्रिस वोक्स और जोश टंग के साथ गेंदबाजी करेंगे। वोक्स ऐसे गेंदबाज हैं जो पांचवें टेस्ट तक समान प्रदर्शन कर रहे हैं, ऐसे में इंग्लैंड ने जैकब बेथेल के रूप में विशेषज्ञ हिटर को शामिल करके अपनी गेंदबाजी शैली जारी रखने के संकेत दिए हैं। गिल ने श्रृंखला में अब तक 722 रन बनाए हैं और वह एक श्रृंखला में किसी भारतीय द्वारा सर्वाधिक रन बनाने के सुनील गावस्कर के रिकार्ड से 52 रन पीछे हैं। यही नहीं उन्हें टेस्ट श्रृंखला में भारतीय कप्तान द्वारा सर्वाधिक रन (732) बनाने के गावस्कर के रिकार्ड (1978-79 बनाम वेस्टइंडीज) को तोड़ने के लिए 11 रन और चाहिए।



भारत-इंग्लैंड के बीच लंदन में होने वाले पांचवें टेस्ट क्रिकेट मैच से पहले अभ्यास सत्र में शामिल भारतीय खिलाड़ी। एजेंसी

**इंग्लैंड :** जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप (कप्तान), जो रूट, हैरी ब्रुक, जैकब बेथे, जैमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, गुस एटकिंसन, जैमी ओवरटन, जोश टंग।

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, कुलदीप यादव, अंशुल कंबोज, अर्शदीप सिंह, एन जगदीसन (विकेटकीपर)

**मैच दोपहर 3:30 बजे।**

## टेस्ट मैचों के बीच तीन दिन का अंतर काफी कम : स्टोक्स और गिल

बेन स्टोक्स और शुभमन गिल ने बुधवार को टेस्ट मैचों के बीच लंबे अंतर की मांग करते हुए कहा कि पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में गेंदबाजों के भारी कार्यभार को देखते हुए दो मैचों के बीच तीन दिन का ब्रेक कम है। लीड्स में पहले टेस्ट और लॉर्ड्स पर तीसरे टेस्ट के बाद एक सप्ताह का अंतर था, लेकिन दूसरे और तीसरे तथा चौथे और पांचवें मैच के बीच सिर्फ तीन दिन का अंतर रहा। इससे खिलाड़ियों को रिकवरी का अधिक समय नहीं मिला। स्टोक्स दाहिने कंधे की चोट से पांचवां टेस्ट नहीं खेल पाएंगे। भारत भी कुछ तेज गेंदबाजों की चोट से जूझ रहा है। टेस्ट से पूर्व स्टोक्स ने कहा, श्रृंखला में मैचों के बीच अंतर बेहतर हो सकता था। दो मैचों में आठ और नौ दिन और बाकी दो में तीन दिन का अंतर। सब मिलाकर पांच-पांच दिन का अंतर रहने से निरंतरता रहती। उन्होंने कहा, दोनों टीमों के लिए यह कठिन रहा है। गेंदबाजों को काफी ओवर डालने होते हैं। एक बार तो आठ नौ दिन का ब्रेक मिल रहा है और फिर तीन दिन का। हर मैच के बीच चार या पांच दिन का अंतर हो सकता था। भारतीय कप्तान गिल ने कहा कि सभी मैच पांच दिन तक चले लिहाजा खिलाड़ियों के लिए रिकवरी मुश्किल थी। उन्होंने कहा, श्रृंखला में अहम बात यह थी कि सभी मैच पांच दिन तक चले। पांच दिन ही नहीं बल्कि पांचवें दिन के आखिरी सत्र तक। मुझे याद नहीं कि ऐसी कोई श्रृंखला रही हो, जिसमें सभी चार टेस्ट मैच आखिर तक खिंचे हो। यह काफी कठिन था। उन्होंने कहा, दोनों टीमें जब इतना कठिन क्रिकेट खेल रहीं हों तो तीन दिन का अंतर काफी कम है। हमें यह भी समझना चाहिए कि हर मैच के बाद पांच या छह दिन का ब्रेक होने से दौरा बहुत लंबा हो जाता। दोनों बोर्ड ने यही सोचकर फैसला लिया होगा।





### मैदान पर उतरना जोखिम भरा : स्टोक्स

बेन स्टोक्स ने भारत के खिलाफ शुरुआती चार टेस्ट मैच में इंग्लैंड के लिए महत्वपूर्ण ओवरों में गेंदबाजी करते हुए अपने चोटिल शरीर की परवाह नहीं की लेकिन उनका कहना है कि श्रृंखला में आखिरी बार मैदान पर उतरना काफी जोखिम भरा होता। स्टोक्स ओवल में पांचवें और अंतिम टेस्ट में हिस्सा नहीं लेंगे। जोफ्रा आर्चर और संभवत: जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति भी इस रोमांचक मुकाबले की चमक को कम कर देगी। आखिरकार लॉर्ड्स और मैनचेस्टर में लंबे स्पेल डालने का स्टोक्स के दाहिने कंधे पर बुरा असर पड़ा, जिससे उनकी मांसपेशियों में चोट लग गई। स्टोक्स ओवल में अपनी भागीदारी को लेकर काफी उत्साहित थे लेकिन स्कैन से पता चला कि स्टोक्स इस मुकाबले का हिस्सा नहीं बन पाएंगे। स्टोक्स ने कहा, यह जोखिम-लाभ का आकलन करने का मामला है और जोखिम इतना अधिक था कि इसे मौजूदा स्थिति से और अधिक नुकसान नहीं पहुंचाया जा सकता। मैं ऐसा नहीं चाहता था और मैं अपने खिलाड़ी को ऐसे जोखिम में डालने की उम्मीद नहीं करता।

### आकाशदीप ले सकते हैं बुमराह की जगह

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का कार्यभार प्रबंधन के तहत इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से ओवल में शुरू होने वाले टेस्ट मैच से बाहर रहना तय है और आकाशदीप उनकी जगह अंतिम एकादश में शामिल हो सकते हैं। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। दुनिया के नंबर एक गेंदबाज 31 वर्षीय बुमराह ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए चौथे टेस्ट मैच में लय में नहीं दिखे, जहां उन्हें अपनी गति पर संघर्ष करना पड़ा और वे सफलता हासिल करने में असफल रहे। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार, भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम ने बुमराह को बता दिया है कि यह फैसला उनकी पीठ को चोट से बचाने और भविष्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। कमर में दर्द से चौथे टेस्ट से बाहर रहे आकाश दीप को अंतिम एकादश में बुमराह की जगह शामिल हो सकता है। मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा था कि टीम संयोजन के बारे में कोई निर्णय नहीं लिया गया है और बुमराह सहित सभी गेंदबाज फिट हैं। गंभीर ने कहा था, हमने आखिरी टेस्ट के लिए टीम संयोजन पर कोई बातचीत नहीं की है। जसप्रीत बुमराह खेलेंगे या नहीं, इस पर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है।

### पांचवें टेस्ट में इंग्लैंड की कमान संभालेंगे पोप

चोटिल कप्तान बेन स्टोक्स और तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भारत के खिलाफ टेस्ट में नहीं खेलेंगे और इंग्लैंड ने निर्णायक टेस्ट में अपनी एकादश में तीन बदलाव किए हैं। मेजबान टीम श्रृंखला में 2-1 से आगे है। स्टोक्स की गैर मौजूदगी में ओली पोप इंग्लैंड की कमान संभालेंगे। तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स भी आखिरी टेस्ट से बाहर रहेंगे। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को कहा, कप्तान स्टोक्स दाहिने कंधे की चोट के कारण बाहर हैं। स्पिनर लियाम डॉसन, तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर और ब्रायडन कार्स भी नहीं खेलेंगे। इंग्लैंड ने जैकब बेथेल, सर्रे के गेंदबाज गुस एटकिंसन और जैमी ओवरटन, नॉटिंघमशर के तेज गेंदबाज जोश टंग को टीम में शामिल किया है।


# जडेजा नंबर एक टेस्ट हरफनमौला अभिषेक टी-20 में शीर्ष पर काबिज

दुबई, एजेंसी



रविंद्र जडेजा ने टेस्ट क्रिकेट में दुनिया के नंबर एक हरफनमौला के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है जबकि अभिषेक शर्मा पहली बार टी-20 रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे। आईसीसी की ताजा रैंकिंग में जडेजा के पास 117 रेटिंग अंकों की बढ़त है जबकि बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज दूसरे स्थान पर हैं।

दूसरी ओर टी-20 रैंकिंग में एक साल से शीर्ष पर काबिज ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड को पछाड़कर अभिषेक शर्मा शीर्ष पर पहुंचे हैं। शर्मा के 829 रेटिंग अंक हैं जबकि हेड 814 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। आईसीसी ने कहा, जडेजा ने 107 रन की नाबाद पारी और चार विकेट लेकर हरफनमौलाओं की रैंकिंग में बढ़त बनाई है। उसने 13 रेटिंग अंक पाए हैं और कुल 422 अंक के साथ वह बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज से 117 अंक आगे हैं। साथ ही बल्लेबाजों की रैंकिंग में वह पांच पायदान चढ़कर 29वें और गेंदबाजों में एक पायदान चढ़कर 14वें स्थान पर हैं। वॉशिंगटन सुंदर आठ पायदान चढ़कर 65वें स्थान पर हैं, जिन्होंने जडेजा के साथ पांचवें विकेट के लिए 203 रन की साझेदारी करके मैनचेस्टर टेस्ट ड्रॉ कराया था। टेस्ट क्रिकेट में जो रूट शीर्ष बल्लेबाज हैं जबकि न्यूजीलैंड के केन विलियमसन दूसरे और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स तीसरे स्थान पर है। चार साल बाद टेस्ट टीम में वापसी करने वाले गेंदबाज जोफ्रा आर्चर 38 पायदान चढ़कर 63वें स्थान पर हैं। क्रिस वोक्स एक पायदान ऊपर 23वें और इंग्लैंड के बेन डकेट दसवें और जाक क्रॉली 43वें स्थान पर हैं।



रविंद्र जडेजा

# लक्ष्य, आयुष, तरुण व रक्षिता दूसरे दौर में

## मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट

मकाऊ, एजेंसी



भारत के लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी और तरूण मन्नेपल्ली ने मकाऊ ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग के दूसरे दौर में प्रवेश किया। लक्ष्य ने कोरिया के जियोन हियोक जिन को 21-8, 21-14 से हराया। वहीं 31वें नंबर के खिलाड़ी शेट्टी ने 66वीं रैंकिंग वाले चीनी ताइपै के हुआंग यू केइ को 21-10, 21-11 से हराकर बाहर भेजा।

लक्ष्य का सामना इंडोनेशिया के चिको औरा द्वि वार्दोयो व रित्विक संजीवी सतीश कुमार के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।वहीं तरुण की टक्कर हांगकांग के ली चियुक यू से होगी। महिला एकल में रक्षिता रामराज एकमात्र भारतीय रहीं जिन्होंने दूसरे दौर में जगह बनाई। उन्होंने थाईलैंड की पोर्नपिचा चोएकीवोंग को 18-21 21-17 22-20 से मात दी। मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की जोड़ी ने थाईलैंड के रत्चपोल मक्कासितोर्न और नट्टामोन लाइसुआन को 21-10, 21-15 से हराया।

वहीं पुरुष युगल में पी कृष्णामूर्ति रॉय और एस प्रतीक की जोड़ी ने डी कोनाथोयूजाम व अमान मोहम्मद की हमवतन जोड़ी को मात देकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। एचएस प्रणय को इंडोनेशिया के योहानेस एस मार्शेलिनो के हाथों 21-18, 15-21, 15-21 से हार मिली।। पुरुष एकल में सतीश कुमार करुणाकरण का सफर समाप्त हो गया। उन्हें प्री-क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के जस्टिन होह से हार मिली। रित्विक संजीवी सतीश कुमार चिको से हार गए। मिश्रित युगल में थांद्रांगिनी हेमा नागेंद्र बाबू और प्रिया कोनजेंगबाम थाईलैंड की फुवानाट होर्बनलुइकिट और फुंगफा कोर्पथाम्माकिट से हार गईं। आयुष अग्रवाल और श्रुति मिश्रा भी शुरुआती दौर में इंडोनेशिया के रेहान नौफल कुशरजंतो और ग्लोरिया इमानुएल विदजाजा से हारकर बाहर हो गए। रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गाडे की जोड़ी चीनी ताइपे के वू गुआन झुन और ली चिया सिन से 37 मिनट चले मुकाबले में से हार गई।

### महिला एकल: उन्नति और अनुपमा हारीं

महिला एकल में उन्नति हुड्डा को डेनमार्क की जूली डवाल जाकोबसन ने 16-21, 21-19, 21-17 से मात दी। अनुपमा उपाध्याय को जापान की रिको गुंजी ने 21-16, 21-10 से हराया। शंकर सुब्रहमण्यन और आकर्षि कश्यप को पहले दौर में चीन के हू जे अन और जापान की नोजोमी ओकुहारा ने हराया। किरण जॉर्ज हांगकांग के एंग का लोंग एंगस से हार गए। अनमोल खरब को थाईलैंड के बुसानन ओंगबामरूंगफन ने हराया। तसनीम मीर को चेन यू फेइ ने मात दी।

**नेशनल बैंक ओपन** | एंड्रीवा ने तीसरे दौर में पहुची तो जैस्मीन पाओलिनी औ एम्मा नवारो को मिली हार

# गॉफ की जीत, फर्नांडीज पहले दौर में बाहर

मॉन्ट्रियल, एजेंसी

शीर्ष वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने तीन सेट तक चल कड़े मुकाबले में जीत दर्ज करके नेशनल बैंक ओपन डब्ल्यूटीए टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बनाई, लेकिन पिछले सप्ताह डीसी ओपन का खिताब जीतने वाली स्थानीय खिलाड़ी लेयला फर्नांडीज पहले दौर में बाहर हो गई।

फर्नांडीज को ऑस्ट्रेलिया की माया जॉइंट ने केवल एक घंटे 15 मिनट में 6-4, 6-1 से हरा दिया। विश्व की 24वें नंबर की इस खिलाड़ी ने रविवार को वाशिंगटन में अपने करियर का चौथा डब्ल्यूटीए खिताब जीता था और वह मॉन्ट्रियल में कोर्ट पर वापसी से पहले अतिरिक्त आराम की उम्मीद कर रही थीं। इसलिए उन्होंने हार के बाद इस टूर्नामेंट के कार्यक्रम की आलोचना भी की।

गॉफ ने हमवतन अमेरिकी डेनियल कोलिन्स के खिलाफ 23 डबल-फॉल्ट किए लेकिन वह आखिर में 7-5, 4-6, 7-6 (2) से जीत हासिल करने में सफल रही, जो फ्रेंच ओपन फाइनल के बाद उनकी पहली जीत है। चौथी वरीयता प्राप्त मीरा एंड्रीवा ने बियांका एंड्रीस्कू के टखने में चोट लगने के कारण मैच से हट जाने से तीसरे दौर में जगह बनाई। सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को तीसरे सेट के टाइब्रेकर में जापान की आओई इतो से हार का सामना करना पड़ा, जबकि आठवीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो ने रेबेका मैरिनो को 6-1, 6-2 से हराया।

### मुसेट्टी और रूण भी पहुंचे अगले दौर में



**टोरंटो।** तीसरी वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी और पांचवीं वरीयता प्राप्त होल्गर रूण ने जीत दर्ज करके नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बनाई। मुसेट्टी ने ऑस्ट्रेलियाई क्वालीफायर जेम्स डकवर्थ को 7-5, 6-1 से, जबकि रूण ने जियोवानी एमपेट्शी पेरीकार्ड को 7-6 (7), 6-3 से हराया। इस टूर्नामेंट में सभी वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को पहले दौर में बाई मिली थी। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर, दूसरे नंबर के कार्लोस अल्काराज़, पांचवें जैक ड्रेपर और छठे नोवाक जोकोविच अमेरिकी ओपन की तैयारी में इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं। कैस्पर रूड, करेन खाचानोव, फ्रांसिस्को सेरुंडोलो और गत विजेता एलेक्सी पोपिरिन भी अपने मैच जीतने में सफल रहे।



कोको गॉफ

## भारतीय अंडर-19 टीम की घोषणा

**मुंबई।** भारत ने साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली अंडर-19 श्रृंखला के लिए कप्तान आयुष म्हात्रे, उप कप्तान विहान मल्होत्रा और सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी सहित कई प्रमुख खिलाड़ियों को टीम में बरकरार रखा है। ये खिलाड़ी इंग्लैंड के सफल दौरे से लौटे हैं। ऑस्ट्रेलियाई अंडर-19 टीम के खिलाफ भारत तीन एकदिवसीय और चार दिवसीय दो मैच खेलेगा, जिसकी शुरुआत 21 सितंबर को सीमित ओवरों के मैच से होगी। यह दौरा 10 अक्टूबर को समाप्त होगा।

बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने बुधवार को कहा, जूनियर चयन समिति ने सितंबर में होने वाले ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए अंडर-19 टीम का चयन किया है। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीम के खिलाफ तीन एकदिवसीय और दो बहु दिवसीय मैच खेलेगी। भारतीय टीम हाल ही में इंग्लैंड दौरे से लौटी है जहां उसने एकदिवसीय मैचों में मेजबान टीम को 3-2 से हराया, जबकि दो टेस्ट मैच ड्रॉ रहे।

# कोच को पिच देखने का अधिकार : गिल

## ओवल के क्यूरेटर से गंभीर की झड़प

लंदन, एजेंसी

कप्तान शुभमन गिल ने ओवल के मुख्य क्यूरेटर ली फोर्टिस से तीखी बहस के बाद गौतम गंभीर का बचाव करते हुए कहा कि भारतीय कोच को पिच का मुआयना करने का पूरा अधिकार था।

भारत के अभ्यास सत्र के दौरान मंगलवार को फोर्टिस ने भारतीय कोचिंग स्टाफ को मुख्य पिच से ढाई मीटर दूर रहने के लिए कहा, जबकि उन्होंने जॉगर्स और रबर स्पाइक वाले जूते पहन रखे थे। गंभीर को यह बोलते सुना गया, तुम्हें हम में से किसी को यह बताने की जरूरत नहीं है कि क्या करना है। तुम्हे इसका अधिकार नहीं है। तुम मैदानकर्मी हो और कुछ नहीं। गिल ने कहा, जो कल हुआ, वह गैर जरूरी था। कोच को विकेट देखने का अधिकार है। क्यूरेटर इसकी अनुमति क्यो नहीं देगा। अगर आपने स्पाइक्स पहने हैं तो दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

### गंभीर के पास नाराज होने का कारण : पार्थिव



**नई दिल्ली।** पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज पार्थिव पटेल ने बुधवार को कहा कि द ओवल में सरे के मैदानकर्मियों के प्रमुख ली फोर्टिस के साथ तीखी बहस के बाद गौतम गंभीर को नाराजगी जताने का अधिकार था। पार्थिव ने कहा, यह दुर्भाग्यशाली है कि ऐसी घटना हुई, लेकिन गौतम को नाराजगी जताने का अधिकार है। एक क्यूरेटर के रूप में बेशक आप किसी को पिच का मुआयना करने से नहीं रोक सकते। यही मुख्य कोच की भूमिका होती है।